राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र गाजियाबाद, दिल्ली, गौतमबुद्धनगर, बुलन्दशहर, अलीगढ़, मेरठ, शामली, मुजफ्फरनगर, हापुड़, अमरोहा, मुरादाबाद, सम्भल, रामपुर, बरेली व लखनऊ आदि जनपदों में प्रसारित

केन्द्र सरकार द्वारा विज्ञापन हेतु मान्यता प्राप्त

# दैनिक बुलन्द संदेश

हिन्दी समाचार पत्र

R.N.I No.UPHIN /2013/57267

आपकी आवाज को करें बुलन्द...



11 दुलहनिया बीड़ीवाली शो में नजर...



हम लोगों के रहते भाजपा की... 12

गाजियाबाद, शुक्रवार 14 फरवरी 2025 | Email: BulandSandesh@gmail.Com | वर्ष: 11 अंक: 344, मूल्य: 2 रुपये, पृष्ठ -12

## न्यूज डायरी

### औरैया में सड़क हादसे में कई वाहन टकराए, दो की मौत, कई घायल

**औरैया (आरएनएस)।** उत्तर प्रदेश के औरैया जिले में गुरुवार सुबह भीषण सड़क हादसे में दो लोगों की मौत हो गई, जबकि करीब 10 लोग घायल हो गए। इसमें एक-एक कर 4 वाहन आपस में टकरा गए। हादसा उस वक्त हुआ जब नोएडा के रहने वाले कुछ श्रद्धालु प्रयागराज में कुंभ स्नान कर लौट रहे थे। उनकी कार जैसे ही नेशनल हाईवे पर औरैया सदर कोतवाली क्षेत्र में पहुंची, तभी सामने से आ रही तेज रफ्तार बस से टकरा गई। इसके बाद पीछे से आ रही दूसरी बस और एक ट्रक भी आपस में भिड़ गए, जिससे यह टक्कर भीषण हो गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बस और कार




सवार कई यात्री घायल हो गए। हादसे की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को अस्पताल भिजवाया। हादसे में रोडवेज बस चालक प्रवेश सिंह और एक अन्य यात्री रोहित की मौत हो गई। वहीं, कार और बस में सवार करीब 10 लोग घायल हो गए, जिनमें से चार की हालत गंभीर बताई जा रही है। गंभीर रूप से घायल यात्रियों को सैफई मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया है, जहां उनका इलाज जारी है। पुलिस ने बताया कि रेफर किए गए घायलों के साथ एक पुलिस टीम को भी भेजा गया है ताकि उनके इलाज में किसी प्रकार की दिक्कत न हो। औरैया के एएसपी आलोक मिश्रा ने बताया कि शुक्रवार को कोतवाली औरैया क्षेत्र में दो रोडवेज बसें, ट्रक और एक कार आपस में टकरा गए। इसमें रोडवेज बस सवार यात्री और कार सवार यात्री घायल हो गए। तुरंत घायलों को अस्पताल लाया गया। अस्पताल में रोडवेज बस के ड्राइवर प्रवेश सिंह और एक यात्री रोहित की मौत हो गई। बाकी सभी लोगों का इलाज जारी है। गंभीर रूप से घायल 4 यात्रियों को सैफई के लिए रेफर कर दिया गया है। रेफर किए गए लोगों के साथ भी एक पुलिस टीम लगाई गई है। सभी का उपचार कराया जा रहा है। पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और घायलों के परिजनों को सूचना दे दी गई है। प्रशासन इस हादसे की जांच में जुट गया है और दुर्घटना के कारणों का पता लगाया जा रहा है।

### सूदखोर के घर से रेड के दौरान मिली नोटों की गड्डियां, सोना भी बरामद, पुलिस के उड़े होश!

**गडक (आरएनएस)।** कर्नाटक के गडक में पुलिस को बड़ी कामयाबी हाथ लगी है। पुलिस ने एक घर से करीब पांच करोड़ रुपये की नकदी और 992 ग्राम सोना बरामद किया है। बताया जा रहा है कि कर्नाटक पुलिस ने सूद पर पैसे लगाने वाले यल्लप्पा मिस्किन के घर छापा मारा था। छापेमारी में चार करोड़ 90 लाख, 98 हजार रुपये की नगदी जब्त की गई है। इसके अलावा 992 ग्राम सोना भी जब्त किया गया है। पुलिस ने सूदखोरी करने वाले यल्लप्पा मिस्किन समेत छह लोगों को भी गिरफ्तार किया है। गडक के एसपी बी.एस. नेमागौड़ा ने बताया कि पुलिस ने दो दिन में 13 जगहों पर छापेमारी की थी। इसी कार्रवाई के दौरान नकदी



और सोना जब्त किया गया है। इसके अलावा कई दस्तावेज भी जब्त किए गए हैं। एसपी बी.एस. नेमागौड़ा के अनुसार, पुलिस ने 650 बॉन्ड, चार बैंक एटीएम, बैंक के नौ पासबुक और दो एलआईसी बॉन्ड समेत अवैध रूप से रखी गई 65 लीटर शराब जब्त की है। पुलिस के मुताबिक, यल्लप्पा मिस्किन के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई गई थी। शिकायतकर्ता के अनुसार, उसने यल्लप्पा से 1.90 करोड़ रुपये का कर्ज लिया था और उसके बदले में 1.4 करोड़ रुपये चुका भी दिए। सिर्फ 50 लाख रुपये की राशि देनी थी। शिकायतकर्ता का आरोप है कि काफी कर्ज चुकाने के बाद भी यल्लप्पा ने उसे धमकी दी और उसकी कुछ प्रॉपर्टी अपने नाम भी करा ली। साथ ही आरोपी ने शिकायतकर्ता की तरफ से दिए गए बैंक चेक और वित्तीय बॉन्ड का दुरुपयोग करके उसे परेशान भी किया, जिसके बाद उसने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। फिलहाल पुलिस ने सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है और आगे की कार्रवाई कर रही है।

# राज्यसभा में वक्फ बिल पर जेपीसी की रिपोर्ट पेश, खड़गे बोले- यह फर्जी, हम नहीं मानेंगे

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** राज्यसभा में गुरुवार को वक्फ संशोधन बिल पर संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) की रिपोर्ट पेश की गई, जिसके बाद विपक्षी दलों ने विरोध जताते हुए हंगामा किया। कांग्रेस ने रिपोर्ट को एकतरफा बताते हुए कहा कि हमारी असहमति को रिपोर्ट में जगह नहीं दी गई। विपक्षी सांसदों का कहना है कि, रिपोर्ट में हमारे डिसेंट नोट को नहीं रखा गया।

कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने जेपीसी की रिपोर्ट को फर्जी बताते हुए कहा कि वह इस रिपोर्ट को नहीं मानेंगे। उन्होंने इस रिपोर्ट को असंवैधानिक और अलोकतंत्रिक करार दिया। उन्होंने दावा किया कि सांसदों की राय को दबाया



गया है और नॉन स्टेक होल्डर को बाहर से बुलाकर उनका स्टेक ले रहे हैं। खड़गे ने मांग की कि इस रिपोर्ट को वापस से जेपीसी में भेजा जाए।

टीएमसी सांसद कल्याण बनर्जी ने भी आरोप लगाया कि जेपीसी की इस रिपोर्ट में हमारी असहमति टिप्पणियों को शामिल नहीं किया गया। वहीं, किरेन रिजिजू ने विपक्ष के तमाम आरोपों को खारिज करते हुए उन्हें गलत बताया। रिजिजू ने कहा कि रिपोर्ट में विपक्षी की असहमति भी दर्ज है।

इससे पहले, जेपीसी के चेयरमैन जगदम्बिका पाल ने आईएएनएस से बात करते हुए कहा था कि हमारे कुछ सदस्य कह रहे हैं कि हमारी असहमति है, हमारी बातें नहीं सुनी गईं। लेकिन उनकी बातें हम छह महीने तक लगातार सुनते रहे। उनके द्वारा सुझाए गए संशोधनों पर हमने वोटिंग की, जो संसद की प्रक्रिया है। किसी भी कानून पर सहमति-असहमति हो सकती है, किसी रिपोर्ट पर भी हो सकती है। इसका तरीका यही है कि उस पर वोट किया जाता है। हमने सभी पर वोट कराया, जो भी बहुमत में था, उसे अपनाया और जो अल्पमत में था, उसे नकारा।

उन्होंने आगे कहा कि इसके बाद भी, रिपोर्ट के अनुमोदन के बाद मैंने उनसे असहमति का नोट मांगा, और जो असहमति का नोट उन्होंने दिया, उसे हमने रिपोर्ट में शामिल किया है। साथ ही, जिन-जिन हितधारकों से हम मिले हैं, उनके द्वारा कही गई बातें भी हम जेपीसी के साथ जोड़कर रख रहे हैं।



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वाशिंगटन डीसी में अमेरिकी राष्ट्रीय खुफिया निदेशक तुलसी गबार्ड से मुलाकात की।

# प्रधानमंत्री मोदी ने विश्व रेडियो दिवस की दी बधाई, बोले ये एक शक्तिशाली माध्यम

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** देश भर में हर साल 13 फरवरी को विश्व रेडियो दिवस मनाया जा रहा है। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देशवासियों को बधाई दी। पीएम मोदी ने लोगों से कहा कि रेडियो लोगों के लिए एक अमूल्य जीवन रेखा बन चुका है। यह लोगों को सूचित करने से लेकर उन्हें जोड़ने का काम करता है।




पीएम मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में लिखा, विश्व रेडियो दिवस की बधाई! रेडियो कई लोगों के लिए एक कालातीत जीवन रेखा रहा है लोगों को सूचित करना, प्रेरित करना और जोड़ना। समाचार और संस्कृति से लेकर संगीत और कहानी कहने तक, यह एक शक्तिशाली माध्यम है जो रचनात्मकता का जश्न मनाता है। पीएम मोदी ने रेडियो के महत्व पर आगे लिखा, मैं रेडियो की दुनिया से जुड़े सभी लोगों की सराहना करता हूं। मैं आप सभी को इस महीने के मन की बात के लिए अपने विचार और इनपुट साझा करने के लिए आमंत्रित करता हूं, जो 23 तारीख को होगा। उल्लेखनीय है कि हर साल 12 फरवरी को विश्व रेडियो दिवस के रूप में मनाया जाता है। रेडियो के महत्व और इसके द्वारा समाज में फैलाई गई जानकारी, शिक्षा और मनोरंजन की भूमिका को पहचानने के लिए इस दिवस को मनाया जाता है। दुनिया भर में लोगों को जोड़ने और उन्हें जानकारी प्रदान करने में रेडियो एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

रेडियो के इतिहास पर अगर हम नजर डालें तो भारत में इसकी शुरूआत 1924 से हुई थी। इसके बाद साल 1936 में ऑल इंडिया रेडियो बना और फिर 1957 में इसका नाम बदलकर आकाशवाणी कर दिया गया। भारत की आजादी की लड़ाई में भी रेडियो एक अहम हिस्सा रहा है। रेडियो की ताकत को समझते हुए पीएम मोदी हर महीने 'मन की बातङ कार्यक्रम के माध्यम से देश को संबोधित करते हैं, क्योंकि रेडियो की पहुंच देश के हर कोने में है।

# तीन टावर, 300 कमरे... 150 करोड़ में बनकर तैयार हुआ आरएसएस का नया हेडक्वार्टर

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने बुधवार को राजधानी दिल्ली में अपने अत्याधुनिक नए कार्यालय परिसर 'केशव कुंजङ का उद्घाटन किया। लगभग 5 लाख वर्ग फुट में फैला यह विशाल परिसर आधुनिक सुविधाओं से लैस है और सार्वजनिक दान के माध्यम से जुटाए गए 150 करोड़ रुपए की लागत से निर्मित हुआ है।



केशव कुंज में कई इमारतें शामिल हैं, जिनमें टावर, एक विशाल ऑडिटोरियम, एक समृद्ध पुस्तकालय, पांच बिस्तरों वाला अस्पताल और एक हनुमान मंदिर प्रमुख हैं। इस परिसर का निर्माण क्रस्र के बढ़ते कार्यों और गतिविधियों को सुचारू रूप से चलाने के उद्देश्य से किया गया है। यह नया मुख्यालय दिल्ली के झंडेवाला इलाके में 4 एकड़ भूमि पर बना है और आकार में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के मुख्यालय से भी बड़ा है। केशव कुंज को कार्यक्रमों, प्रशिक्षण शिविरों और महत्वपूर्ण बैठकों के आयोजन के लिए एक आदर्श स्थान के रूप में डिजाइन किया गया है। पुस्तकालय शोधकताओं और विद्वानों के लिए ज्ञान का केंद्र होगा, जबकि ऑडिटोरियम बड़े पैमाने पर कार्यक्रमों की मेजबानी करने में सक्षम होगा।परिसर में तीन भव्य टावर हैं झ्र साधना, प्रेरणा और अर्चना। इन तीनों टावरों में कुल 300 कमरे हैं। साधना टावर में क्रस्र के कार्यालय स्थित हैं, जबकि प्रेरणा और अर्चना टावर आवासीय परिसर हैं। दोनों आवासीय टावरों के बीच एक सुंदर खुला क्षेत्र है, जिसमें एक आकर्षक बगीचा और क्रस्र के संस्थापक केशव बलिराम हेडगेवार की प्रतिमा स्थापित है।

# मणिपुर में लगा राष्ट्रपति शासन, बीरेन सिंह ने सीएम पद से दिया था इस्तीफा

**मणिपुर।** गृह मंत्रालय की ओर से जारी अधिसूचना के मुताबिक, मणिपुर में राष्ट्रपति शासन लगा दिया गया है। गृह मंत्रालय (एमएचए) ने एक आधिकारिक अधिसूचना जारी कर राज्य में राष्ट्रपति शासन की घोषणा की है। अधिसूचना में कहा गया है कि मैं, भारत की राष्ट्रपति, द्रौपदी मुर्मू को मणिपुर राज्य के राज्यपाल से एक रिपोर्ट प्राप्त हुई है और रिपोर्ट और मेरे द्वारा प्राप्त अन्य जानकारी पर विचार करने के बाद, मैं संतुष्ट हूं कि ऐसी स्थिति उत्पन्न हो गई है जिसमें उस राज्य की सरकार को भारत के संविधान (बाद में संविधान के रूप में संदर्भित) के प्रावधानों के अनुसार नहीं चलाया जा सकता है। पार्टी के पूर्वोत्तर प्रभारी संबित पात्रा और विधायकों के बीच



कई दौर की चर्चा के बावजूद भाजपा सीएम पद के लिए नए नेता का नाम बताने में विफल रही। पात्रा पिछले दो दिनों में राज्यपाल अजय कुमार भल्ला से दो बार मुलाकात कर चुके हैं। मंगलवार को पात्रा ने पार्टी की प्रदेश अध्यक्ष ए.शारदा देवी के साथ भल्ला से बातचीत की और बुधवार को उन्होंने फिर से राज्यपाल से मुलाकात की। इस बीच, कांग्रेस विधायक थोकचोम लोकेश्वर ने पात्रा की राज्य यात्रा के उद्देश्य पर सवाल उठाया और पूछा कि क्या उनका इरादा नेतृत्व संकट को हल करने का है। मई 2023 में राज्य में जातीय हिंसा भड़कने के बाद से 250 से अधिक लोग मारे गए हैं और हजारों लोग बेघर हो गए हैं। सिंह को विपक्षी दलों, खासकर कांग्रेस से भारी विरोध का सामना करना पड़ रहा था।

# एलओसी पर पाकिस्तान ने किया सीजफायर का उल्लंघन, भारतीय सेना ने दिया जवाब, कई पाक सैनिकों के मारे जाने की खबर

**जम्मू (आरएनएस)।** पाकिस्तान एलओसी पर अपनी नापाक हरकतों से बाज नहीं आ रहा है। जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले में एलओसी पर उसने सीजफायर का उल्लंघन करते हुए गोलीबारी की। गोलीबारी का भारतीय सेना ने मुंहतोड़ जवाब दिया, जिसमें काफी संख्या में पाकिस्तानी सैनिक हताहत हुए। सुरक्षा अधिकारियों ने यह जानकारी दी। पाकिस्तान की तरफ हुए नुकसान की जानकारी तत्काल नहीं मिल पाई है, लेकिन अधिकारियों ने बताया कि पाकिस्तानी सेना को काफी नुक्सान हुआ है। भारतीय सेना ने इस जानकारी की न तो पुष्टि की और न ही खंडन किया। अधिकारियों ने बताया कि कृष्णा घाटी सेक्टर में पाकिस्तान द्वारा संघर्ष-विराम का उल्लंघन ऐसे समय में किया गया, जब एक दिन पहले ही जम्मू जिले के अखनूर सेक्टर में नियंत्रण रेखा के पास संदिग्ध आतंकवादियों द्वारा किए गए आईईडी विस्फोट में एक कैप्टन सहित 2 भारतीय सैन्यकर्मियों की जान चली गई थी। भारत और पाकिस्तान द्वारा 25 फरवरी 2021 को संघर्ष-विराम समझौते को नवीनीकृत करने के बाद से नियंत्रण रेखा पर संघर्ष-विराम उल्लंघन की बहुत कम घटनाएं दर्ज की गई हैं। अधिकारियों ने बताया कि पाकिस्तानी सैनिकों ने नियंत्रण रेखा पर तारकुंडी क्षेत्र में अग्रिम चौकी पर बिना उकसावे के गोलीबारी कर संघर्ष-विराम का उल्लंघन किया, जिसका भारतीय सेना ने भी मुंहतोड़ जवाब दिया। इस बीच सोशल मीडिया पर पाकिस्तानी सेना के एक अधिकारी का वीडियो प्रसारित हो रहा है, जिसमें वह मारे गए सैनिकों को श्रद्धांजलि देते नजर आ रहे हैं। इस वीडियो पर तारीख का जिक्र नहीं है।



**महाकुंभ** — 30 लाख आरती संग्रह का हुआ वितरण

# 38 लाख ने ग्रहण किया अदाणी, इस्कॉन द्वारा वितरित महाप्रसाद

**प्रयागराज (आरएनएस)।** महाकुंभ में श्रद्धालुओं की सेवा और आध्यात्मिक तृप्ति के लिए अदाणी ग्रुप और इस्कॉन की पहल सुर्खियों में है। अब तक 31 दिनों में 38 लाख श्रद्धालु महाप्रसाद ग्रहण कर चुके हैं, जिसमें मौनी अमावस्या के दिन महाप्रसाद ग्रहण करने वाले 3.5 लाख श्रद्धालु शामिल हैं। इधर, महाकुंभ परिक्षेत्र में पहुंचने वाले 30 लाख श्रद्धालुओं को गीता प्रेस द्वारा प्रकाशित आरती संग्रह भी भेंट की जा चुकी है। हर बार की तरह इस बार भी महाकुंभ में देश-विदेश से करोड़ों श्रद्धालु पहुंच रहे हैं और अदाणी ग्रुप तथा इस्कॉन की यह पहल इस ऐतिहासिक आयोजन को और भी खास बना रही है। यह सेवा न केवल श्रद्धालुओं के लिए सुविधाजनक है, बल्कि समर्पण और



निस्वार्थ सेवा की एक मिसाल भी पेश कर रही है। महाकुंभ में अदाणी ग्रुप और इस्कॉन की साझेदारी से महाप्रसाद सेवा चलाई जा रही है, जिसमें हर दिन लगभग एक लाख श्रद्धालुओं को भोजन वितरित किया जा रहा है। इस सेवा में 18,000 से अधिक सफाईकर्मी भी योगदान दे रहे हैं। इस सेवा को संचालित करने के लिए 5,000 से अधिक स्वयंसेवक प्रतिदिन अपनी निस्वार्थ सेवा दे रहे हैं।

श्रद्धालु महाप्रसाद की गुणवत्ता और पवित्रता की लगातार प्रशंसा कर रहे हैं। आयोजन स्थल पर महाप्रसाद की व्यवस्था इतनी सुचारू रूप से की गई है कि किसी भी श्रद्धालु को किसी तरह की असुविधा नहीं हो रही है। अदाणी ग्रुप ने गीता प्रेस के सहयोग से भक्तों को एक करोड़ आरती संग्रह की प्रतियां वितरित करने का संकल्प लिया है, जिसमें से अब तक 30 लाख प्रतियां श्रद्धालुओं को भेंट की जा चुकी हैं।

यह पहल सनातन धर्म के प्रचार-प्रसार और आध्यात्मिक साहित्य के प्रसार का एक महत्वपूर्ण प्रयास है। महाकुंभ में संतों के प्रवचन, रामकथा, श्रीमद्भागवत कथा और अन्य धार्मिक आयोजनों के साथ-साथ सेवा कार्यों को भी विशेष महत्व दिया गया है। अदाणी ग्रुप द्वारा की गई महाप्रसाद सेवा और आरती संग्रह वितरण ने श्रद्धालुओं के अनुभव को और भी दिव्य बना दिया है।

इस्कॉन द्वारा गीता सार की पांच लाख प्रतियां श्रद्धालुओं के बीच बांटने की भी योजना बनाई गई है, जिसमें अब तक 3 लाख प्रतियां वितरित की जा चुकी हैं। इसके अलावा, दिव्यांग, बुजुर्ग और छोटे बच्चों के साथ आने वाली माताओं के लिए गोल्फ कार्ट जैसी विशेष सुविधाएं भी उपलब्ध कराई गई हैं।

# स्कूल बना मसाज पार्लर! क्लास रुम में छात्राओं से पैर दबवाती दिखी महिला टीचर

**सिवनी (आरएनएस)।** मध्य प्रदेश के सिवनी जिले से एक हैरान करने वाला मामला सामने आया है, जहां एक सरकारी स्कूल की शिक्षिका पर छात्राओं से अपने पैर दबवाने का आरोप लगा है। सोशल मीडिया पर वायरल हुए एक वीडियो में शिक्षिका को छात्राओं से पैर दबवाते हुए देखा जा सकता है, जिसके बाद से उनकी जमकर आलोचना हो रही है।

वायरल वीडियो में तीन अलग-अलग क्लिप्स हैं। दो वीडियो में शिक्षिका छात्राओं से पैर दबवाती हुई स्पष्ट रूप से नजर आ रही हैं। पहले वीडियो में, शिक्षिका बेंच पर बैठी हैं और कुछ छोटी छात्राएं नीचे बैठकर उनके पैरों की मालिश कर रही हैं। दूसरे वीडियो में, शिक्षिका दरी पर बैठी हैं, उनके पैरों पर एक किताब रखी है और छात्राएं उनके पैर दबा रही हैं। यह पूरी घटना कक्षा में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई, और अब यह वीडियो इंटरनेट पर तेजी से फैल रहा है।

जब छात्राओं के अभिभावकों को इस घटना की जानकारी मिली और उन्होंने शिक्षिका से इस बारे में सवाल किया, तो उन्होंने आरोपों को सिरे से खारिज कर दिया। शिक्षिका ने अभिभावकों से कहा कि यदि वे उन्हें पद से हटाना चाहते हैं तो वे ऐसा कर सकते हैं। वीडियो में शिक्षिका को यह कहते हुए भी सुना जा सकता है, मैं ही तो हटूंगी, ज्यादा से ज्यादा क्या होगा? और कुछ होगा? मैं यहां से हटकर कहीं और नौकरी करूंगी। आप मुझ पर गलत इल्जाम मत लगाओ।

Email Id : Bulandsandesh@gmail.com
दैनिक बुलन्द संदेश

# साबितगढ़ शुगर मिल ने लगातार गन्ना खरीद का चौदहवाँ भुगतान किया

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**पहासू।** त्रिवेणी शुगर मिल साबितगढ़ द्वारा गन्ना खरीद का भुगतान लगातार किया जा रहा है फिर से दिनाँक 29/1/2025 से 04/02/2025 तक का जो कि 19 करोड़ करोड़ 12 लाख 13 हजार है को सम्भन्धित गन्ना समितियों के माध्यम से गन्ना गन्ना किसानों के बैंक खातों में भेज दिया है।

इस तरह लगातार गन्ने का भुगतान मिलने से सभी सम्भन्धित किसान अत्यंत खुश हैं और संतुष्ट भी । शुगर मिल द्वारा जब से पेराई सत्र 2024-25 की शरुआत हुई है तब से लगातार मिल द्वारा गन्ने का भुगतान किया जा रहा है ।इससे पूर्व का समस्त भुगतान पहले ही समय से किया जा चुका है । मिल के इकाई प्रमुख व ग्रुप महाप्रबंधक प्रदीप खण्डेलवाल ने बताया कि किसानों के गन्ने का भुगतान इसी तरह आगे भी समयनुसार मिलता रहेगा । और सभी से अपील है कि अपना समस्त गन्ना आप आपनी साबितगढ़ शुगर मिल को सप्लाई करें ताकि मिल का संचालन सुचारू रूप से हो सके और आपका सट्टा भी आगे के लिए मजबूत हो सकेगा ।

यह मिल आपका है इसलिये अपना सहयोग बनाये रखें ।

# पीडीए जन पंचायत, पंचायत मे भारी संख्या में लोगों ने हिस्सा लिया

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**जहाँगीराबाद।** बृहस्पतिवार को पीडीए जन पंचायत विनोद यादव वरिष्ठ सपा नेता के गैराज पर पीडीए जन पंचायत मे भारी संख्या में लोगों ने हिस्सा लिया। पीडीए जन पंचायत की अध्यक्षता नगर अध्यक्ष हसीन सैफी ने की व संचालन हाजी खालिद सिद्दीकी जिला महासचिव अल्पसंख्यक सभा ने किया। पीडीए जन पंचायत में चौधरी होशियार सिंह पूर्व विधायक ने कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के आदेशानुसार पीडीए जन पंचायत सभी वार्डों मे की जा रही है। सभी धर्म जाति के लोग इकखट्ठा होकर पीडीए जन पंचायत का हिस्सा बन रहे है। सैयद हिमायत अली पूर्व जिला अध्यक्ष ने कहा कि भाजपा द्वारा चुनाव आयोग को पूरी तरह कठपुतली बना दिया गया है तथा प्रत्येक चुनाव में भाजपा द्वारा धांधली के बल पर जनता के निर्णय को बदला जा रहा है। मुकेश शर्मा पूर्व विधायक ने कहा सपा राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव का बयान चुनाव आयोग मर गया है का पूर्ण समर्थन करते हुए संवैधानिक संस्थाओं पर भाजपा सरकार के दबाव को खत्म करने के लिए आंदोलन पर जोर दिया गया। शेख रईस अहमद पर्यवेक्षक अनूपशहर विधानसभा ने भाजपा सरकार पर हमला बोलते हुऐ कहा कि महंगाई बेरोजगारी से जनता परेशान है और किसान भी समस्याओं से जूझ रहा है, लेकिन सरकार इन मुद्दों पर ध्यान देने के बजाय




सिर्फ चुनावी राजनीति कर रही है। उन्होंने बताया कि जहांगीराबाद को 4 सेक्टरों में बांटा गया है। हर सेक्टर में एक-एक मीटिंग होगी। रघुराज प्रताप सिंह जाटव ने कहा पीडीए सामाजिक परिवर्तन की ज्योति है। अन्य वक्ता मास्टर रविंद्र यादव, रामकिशोर लोधी विधानसभा अध्यक्ष, सुल्तान अंसारी, जोगिंदर पोसवाल, अनिल कुमार लोधी, सुभाष लोधी, नरेंद्र कुमार, आदित्य जाटव, मुकेश कुमार जाटव, ठाकुर नरेश कुमार ने संबोधित किया। जन पंचायत में मौजूद विनोद यादव, वसीम सैफी मीडिया प्रभारी, साबरी बेगम, आरिफ मुनिरी, साकिर मेवाती, आबिद मलिक, शाकिर सिद्दीकी, हैप्पी जाटव, हिब्बू खान अध्यक्ष, गजेंद्र सिंह जाटव, हनीफ बाबा, हाजी यामीन सिद्दीकी,शहवाज खान,सोहनपाल खटीक, छोटे खान, शोएब सैफी,डा हबीब,नवाब मलिक वीर सिंह जाटव, वसीम मलिक, दिलशाद सैफी, शाहिद अल्वी, नीरज सक्सेना, नन्हे सैफी, फजल खां, फैसल मनीरी, शरीफ आदि लोग मौजूद रहे।

## जबरन कब्जा करने का आरोप दीवार गिराने का वीडियो हुआ वायरल

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**पहासू ।** थाना क्षेत्र में आबादी भूमि पर जबरन कब्जा करने का मामला सामने आया है क्षेत्र के गांब नगला घनश्याम निवासी अशोक शर्मा पुत्र चोखेलाल ने पुलिस व उपजिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई है पीड़ित अशोक शर्मा ने बताया है की गांब में वह पिछले 40 वर्ष से पुस्तैनी आबादी की भूमि पर रह रहा है लेकिन गांब के ही रहने वाले संजीव कुमार शर्मा पुत्र मदन मोहन इस भूमि पर जबरन कब्जा करना चाहता है और संजीव कुमार शर्मा ने जबरन पीड़ित की पुरानी लगी हुई दिवार को तोड़ दिया है पीड़ित ने उक्त लोगों से अपनी जान का खतरा भी बताया है थाना प्रभारी रामफल सिंह ने बताया जाँच कर उचित कारवाही की जाएगी।

# गौरी शंकर कन्या स्नातकोत्तर मे महाविद्यालय में विधायक लक्ष्मीराज सिंह ने स्मार्टफोन व टैबलेट वितरण किये

बुलन्द संदेश ब्यूरो



**बुलन्दशहर।** गौरी शंकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय में स्मार्टफोन व टैबलेट वितरण कार्यक्रम आयोजन किया। जिसमें मुख्य अतिथि विधायक लक्ष्मीराज सिंह ने दीप प्रज्ज्वलन करके तथा माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण करके किया। मुख्य अतिथि विधायक लक्ष्मीराज सिंह ने छात्र-छात्राओं को देश के हित में टेक्नोलॉजी तथा अपनी ऊर्जा का प्रयोग करने के लिए कहा। उन्होंने युवाओं से कौशल विकास की दृष्टि से खुद को समृद्ध बनाने के लिए भी कहा। सरकार सभी वर्गों को साथ लेकर चल रही हैं और भाजपा सरकार बिना किसी भेदभाव के योजनाओं को सभी तक पहुंचा रहीं हैं। स्कूलों के छात्रों को आगे बढ़ाने के लिए स्मार्ट फोन की योजना शासन की प्रथमिकताओं में है और छात्र छात्राओं को आगे बढ़ाने एवं पढ़ाई करने में मदद मिलेगी।विकास की विभिन्न योजनाएं सरकार द्वारा चलाई जा रही है।

# जलाभिषेक के मौके पर श्रद्धालुओं को सुव्यवस्थित रूप से जलाभिषेक करने के लिए की जाने वाली व्यवस्थाओं का डीएम एवं एसएसपी ने स्थलीय निरीक्षण कर लिया जायजा

बुलन्द संदेश ब्यूरो






**बुलन्दशहर।** महाशिवरात्रि के अवसर पर गंगेरूआ में स्थित द्वादश महालिंगेश्वर मंदिर पर काफी संख्या में जलाभिषेक किया जाता है। जलाभिषेक के मौके पर श्रद्धालुओं को सुव्यवस्थित रूप से जलाभिषेक करने के लिए की जाने वाली व्यवस्थाओं का जिलाधिकारी श्रीमती श्रुति एवं एसएसपी श्री श्लोक कुमार ने आज स्थलीय निरीक्षण करते हुए जायजा लिया। बताया गया कि महाशिवरात्रि पर जलाभिषेक के लिए हजारों की संख्या में लोग आते हैं। जलाभिषेक के लिए बैरिकेटिंग करते हुए लाइन से श्रद्धालुओं के द्वारा शिवलिंग पर जल चढ़ाया जाता है। निर्देशित किया गया कि लोगों को जलाभिषेक के लिए किसी प्रकार की असुविधा न हो इसके लिए सभी आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित कराई जाए। साफ सफाई का भी विशेष ध्यान रखें। सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस बल की तैनाती की जाए। इस अवसर पर एसपी सिटी शंकर प्रसाद, एएसपी ऋजुल उपस्थित रहे।

# बैलगाड़ी दौड़,स्टंटबाजी और हुड़दंग का वीडियो वायरल

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**शिकारपुर।** मेरठ बदायूं हाईवे पर करीब तीन गाड़ियों और एक बैलगाड़ी में सवार एक दर्जन युवकों का हुड़दंग करने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। वायरल वीडियो में, युवक हाईवे पर बेखौफ होकर हुड़दंग मचाते नजर आ रहे हैं। वायरल वीडियो को देख लोग दंग रह गए। वायरल वीडियो को देख लोग अलग-अलग स्थान पर अलग-अलग तरह की चर्चा करते नजर आए।



वायरल वीडियो सलेमपुर थाना क्षेत्र का बताया जा रहा है। वायरल वीडियो ने सलेमपुर पुलिस पर तरह-तरह के सवाल खड़े कर दिए हैं हालांकि थाना प्रभारी का कहना है की वायरल वीडियो में दिखाई दे रहे व्यक्तियों की जांच पड़ताल की जा रही है किसी भी हद तक सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# पीएम श्री उच्च प्राथमिक विद्यालय त्यौरी व बदरखा सीरवास ने की खुर्जा में एक्स्पोजर विजिट

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बुलंदशहर/पहासू।** पीएम श्री उच्च प्राथमिक विद्यालय त्यौरी एवं पीएम श्री उच्च प्राथमिक विद्यालय बदरखा सीरवास ने एक दिवसीय एक्सपोजर विजिट केंद्रीय कांच एवं सिरामिक अनुसंधान संस्थान खुर्जा में की गई।इस मौके पर प्रधानाध्यापक राम अवतार सिंह एवं प्रधानाध्यापक मुकेश चंद के द्वारा सभी स्टाफ एवं बच्चों को व्यवस्थित करते हुए वाहन को प्रस्थान किया गया निश्चित समय पर पहुंचकर सभी छात्राओं ने संस्थान में प्रवेश कर बारीकी से सभी चीजों का गहन अध्ययन किया तथा उपयोगी जानकारी स्टॉफ से प्राप्त की।






इस मौके पर समस्त स्टाफ ने बच्चों का सहयोग किया। तथा सभी को जलपान कराया गया उपस्थित जनों में राम अवतार सिंह व मुकेश कुमार सिंह निधि शाक्य राजीव यदुवंशी दीपक कुमार सीमा रानी आदि उपस्थित रहे।

## कोतवाली के पास से अज्ञात चोर भैंसा चुरा कर ले गए, पीड़ित ने कोतवाली में दी तहरीर

बुलंद संदेश ब्यूरो

**शिकारपुर।** वीरवार दोपहर को कोतवाली के पास बुग्गी के पास बंधे भैंस को अज्ञात चोर चुराकर ले गए। चोरी की घटना सीसीटीवी फुटेज में कैद हो गई है। पीड़ित सुरेंद्र कुमार ने कोतवाली में घटना की तहरीर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार सुरेंद्र सिंह पुत्र गजयपाल सिंह निवासी सलेमपुर मढैया ने बताया कि वीरवार की दोपहर को बुग्गी में रखकर शिकारपुर में कुट्टी काटने मशीन को ठीक कराने आए थे। अपनी भैंसा बुग्गी शिकारपुर कोतवाली के पास खड़ी कर दी। और मशीन ठीक करने चले गए। बुग्गी पर अपने पुत्र आयुष (14) बैठा दिया। कुछ देर बाद अचानक एक व्यक्ति बोरी लेकर आया कहने लगा आपके पिताजी मशीन ठीक करने की जगह बुला रहे हैं। वह लड़का मशीन ठीक करने की जगह पहुंच गया। इसी बीच बुग्गी के पास बंधे भैंसा को अज्ञात चोर चुराकर ले गए। पीड़ित सुरेंद्र सिंह ने घटना की तहरीर कोतवाली में दी है।

# पूरी रात इबादत कर मांगी दुआ,की गुनाहों से तौबा

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**शिकारपुर।** जिलेभर की मस्जिदों मे शब ए बारात की रात अकीदत के साथ गुजरी ।अकीदतमदो ने पूरी रात गुनाहों की माफी मांगी और मजारों पर फातिहा पढी। लोगों ने अपने पूर्वजों की मगफिरत के लिए मजार और कब्रिस्तानों पर जाकर दुआ मांगी साथ ही गरीबों को खाना बनता गया। वीरवार की सुबह से ही लोगों ने शब ए बारात की तैयारी शुरू कर दी थी और रात को इशा की नमाज के बाद से ही पूरी रात अल्लाह की इबादत की। मस्जिदों में हुई तकरीर में लोगों को शब ए बारात की महता के बारे में बताया गया। बताया जाता है कि ये उन पांच रातों में से एक रात होती है, जिसमें अल्लाह जरूर अपने बंदों की दुआ सुनता है। इस रात को मांगी गई बंदी की हर दुआ कबूल होती है। देर रात लोग कब्रिस्तान पहुंचे और वहां अपने पूर्वजों की मगफिरत के लिए दुआ की। उधर नगर पालिका परिषद नेवी मस्जिदों के आसपास सफाई व्यवस्था को दुरुस्त कराया। मस्जिदों के आसपास चूना लगाया। बड़ी संख्या में लोग मस्जिदों में नवाज आधा करने पहुंचे और अपने गुनाहों से तौबा करते हुए अल्लाह से दुआए मांगी।

**मुस्लिम समाज के लोगों ने राजभर जाकर की अल्लाह की इबादत**
**पूर्वजों की याद में फतिया पढ़कर गरीबों में बांटा भोजन**

# जिला वन अधिकारी ने किया पौधरोपण

बुलन्द संदेश ब्यूरो




**बुलन्दशहर।** शहर के गंगा नगर स्थित रतन इंटरनेशनल स्कूल में गुरुवार को पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिला वन अधिकारी डॉ. विनीता सिंह मुख्य अतिथि के तौर पर मौजूद रही। जिला वन अधिकारी डॉ. विनीता सिंह ने स्कूल प्रांगढ़ में पौधारोपण किया व निदेशक डॉ. ब्रजपाल सिंह व सभी शिक्षक और शिक्षिकाओं ने पेड़ पौधों के रखरखाव की जिम्मेवारी ली। जिला वन अधिकारी डॉ. विनीता सिंह ने कहा कि पौधारोपण से विद्यालय की सुंदरता के साथ साथ वायु प्रदूषण पर भी नियंत्रण रहेगा। पौधारोपण वर्तमान समय में अति आवश्यक है क्योंकि कोरोना काल में आक्सीजन की कमी को भुलाया नहीं जा सकता। निदेशक डॉ. ब्रजपाल सिंह ने कहा कि पेड़ पौधे प्रत्येक जीव के लिए फेफड़ों से कम नहीं है, वन और पर्यावरण संरक्षण के लिए अधिक से अधिक पौधे लगाने के लिए स्कूल में जागरूकता कार्यक्रम करवाए जाते हैं। इसके अलावा प्रधानाचार्य अजय गर्ग ने भी पेड़ों से जीवन में होने वाले फायदों के बारे में बताया। इस दौरान स्कूल स्टॉफ मौजूद रहा।

# बिजली की चिंगारी से गोदाम में लगी आग

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**शिकारपुर।** विद्युत लाइन की चिंगारी ने गोदाम को खाक में बदल दिया। बृहस्पतिवार दोपहर करीब 1:00 बजे लगी आग पर काबू पाने में दमकल की गाड़ी मौके पर पहुंची। अग्निकांड में लाखों रुपए का नुकसान बताया गया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार वर्तमान अध्यक्ष पति शिव कुमार सैनी पुत्र आंगनलाल सैनी का गोदाम मेरठ बदायूं हाईवे स्थित विजडम वार्ड स्कूल के सामने था पास खड़े बिजली के पोल पर चिंगारी पैदा हो गई जिससे गोदाम में आग लग गई। गोदाम में 8 कुंटल अनाज व मोटरसाइकिल सहित अन्य सामान जलकर राख हो गया। हालांकि आग पर काबू पाने के लिए दमकल की गाड़ी मौके पर पहुंची और घंटे की कड़ी मशक्कत से आग पर काबू पा लिया। लेकिन तब तक लाखों का नुकसान हो चुका था। उधर कोतवाली प्रभारी जितेंद्र कुमार दूबे ने बताया कि समाचार लिखे जाने तक कोई



प्रार्थना पत्र नहीं मिला है प्रार्थना पत्र मिलेगा तो जांच कर कार्रवाई की जाएगी ।

**बैठक** — शांतिपूर्ण ढंग से त्यौहार मनाने के लिए जनपद में समाज के प्रतिष्ठित व्यक्तियों के साथ गोष्ठियों का आयोजन करने के सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिए

# शब-ऐ-बारात एवं आगामी पर्व महाशिवरात्रि के सम्बन्ध में जनपद के समस्त धर्मगुरुओं व वरिष्ठ नागरिकों के साथ पीस कमेटी की हुई बैठक

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बुलन्दशहर।** कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी श्रीमती श्रुति की अध्यक्षता में आज शब-ऐ-बारात एवं आगामी पर्व महाशिवरात्रि के सम्बन्ध में जनपद के समस्त धर्मगुरुओं व वरिष्ठ नागरिकों के साथ पीस कमेटी की बैठक सम्पन्न हुई।

बैठक में जिलाधिकारी श्रुति ने शांतिपूर्ण ढंग से त्यौहार मनाने के लिए जनपद में समाज के प्रतिष्ठित व्यक्तियों के साथ गोष्ठियों का आयोजन करने के सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिए। जिलाधिकारी श्रुति ने बैठक में कावड यात्रा के दौरान शिविर लगाने हेतु प्रमुख मार्ग से दूरी व सी0सी0टी0वी0 कैमरे लगाने के साथ ही खाना पकाने वालों व उनके सहयोगियों का सत्यापन करने के पश्चात ही अनुमति देने को निर्देशित किया, विद्युत तारों के नीचे व विद्युत ट्रांसफॉर्मर के बराबर में कावड़ यात्रा शिविर न लगाने के निर्देश दिए। बैठक में खाद्य पदार्थों के विभागीय अधिकारियों द्वारा गुणवत्ता परीक्षण करने के निर्देश दिए। कावड़ यात्रा निकलने के दौरान डी0जे0 कम ध्वनि से बजाने तथा अधिक ध्वनि प्रदूषण करने वालों के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही करने के निर्देश दिए। कावड़ यात्रा के दौरान शिविर लगाने हेतु धन उगाही करने वालों के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही करने के निर्देश दिए। बैठक में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्लोक कुमार ने कहा कि पूर्व में कावड यात्रा के दौरान समाज के लोगो द्वारा कावड यात्रा पर पुष्प वर्षा कर गंगा जमुना तहजीब का परिचय दिया गया, इसी प्रकार आज शब-ऐ-बारात व आगामी महाशिवरात्रि को सौहार्द के साथ मनाएं। साथ ही उन्होंने ने सड़क पर कार्यक्रम तथा गैर परंपरागत कार्यक्रम न करने के निर्देश दिए एव समस्त धार्मिक स्थलों पर सी0सी0टी0वी कैमरे लगवाने को निर्देशित किया। जनपद में संवेदनशील मार्गो पर नियमित पैट्रोलिंग करने के निर्देश दिए। बैठक में जिलाधिकारी ने जनपद के समस्त अधिशासी अधिकारियों को साफ-सफाई का विशेष अभियान चलाकर साफ-सफाई करने व पानी की पर्याप्त मात्रा में आपूर्ति एव कावड़ यात्रा निकलने के दौरान मार्गो पर पानी की टैंकरों की व्यवस्था एव वैकल्पिक जनरेटरो की व्यवस्था तथा चूना डाले जाने हेतु निर्देशित किया। बैठक में जिलाधिकारी श्रुति ने विद्युत अधिकारी को त्यौंहारों पर बिना कटौती के पूर्ण विद्युत आपूर्ति करने तथा कावड़ यात्रा व महाशिवरात्रि के दौरान विद्युत खम्बो को पॉलिथीन द्वारा ढकवाना तथा ट्रांसफार्मरों को कवर करने तथा विद्युत लाइनों की नियमित पैट्रोलिंग करने के निर्देश दिए। बैठक में त्यौहारों के अवसर पर सड़कों पर निराश्रित पशुओ को पकड़ने के निर्देश दिए। साथ ही बैठक में जिलाधिकारी ने स्वास्थ्य विभाग को कावड यात्रा व महाशिवरात्रि के दौरान मार्गो पर कैम्प लगाकर दवाई की समुचित आपूर्ति, हेल्थ कैम्प लगाने के निर्देश दिए। बैठक में जिलाधिकारी ने कावड़ यात्रा के दौरान मुख्य मार्गों पर शराब की दुकानों को बंद करने के निर्देश दिए और कावड़ यात्रा निकलने वाले मार्गो को गड्ढा मुक्त करने के निर्देश दिए।







बैठक में जिलाधिकारी श्रीमती श्रुति ने आज शब-ऐ बारात व आगामी महाशिवरात्रि के पर्व को सौहार्द पूर्ण रूप से मनाने हेतु जनपदवासियों से अनुरोध किया। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने समस्त जनपद वासियों को आज शब-ऐ-बारात व आगामी महाशिवरात्रि के पर्व की अग्रिम शुभकामनाएं भी दीं।

इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी श्री कुलदीप मीना, अपर जिलाधिकारी (वि/रा) श्री अभिषेक कुमार सिंह, अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) डा0 प्रशान्त कुमार

# शिक्षण संस्थान एवं अस्पताल किसानों को दें लाभ अन्यथा होगा आंदोलन: प्रवीण भारतीय

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**ग्रेटर नोएडा (बिलाल)।** ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के द्वारा स्थानीय किसानों की जमीन सस्ते दरों पर खरीदी थी लेकिन उस समय किसानों से यह वादा किया गया था कि आपको आपके बच्चों के लिए प्राइवेट अस्पतालों एवं स्कूलों में पढ़ाई और दवाई (इलाज) में छूट मिलेगी। लेकिन आज स्थानीय किसानों के साथ अस्पताल और शिक्षण संस्थान दबाकर लूट कर रहे हैं। इस समस्या के समाधान हेतु करप्शन फ्री इंडिया संगठन के संस्थापक चौधरी प्रवीण भारतीय के नेतृत्व में ओएसडी नवीन कुमार को ज्ञापन देते देते हुए आंदोलन की चेतावनी दी है।

करप्शन फ्री इंडिया संगठन की कोर कमेटी के प्रमुख सदस्य मास्टर दिनेश नगर एवं जिला अध्यक्ष प्रेम प्रधान ने बताया कि ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की लीज डीड के अनुसार सभी शिक्षण संस्थानों में स्थानीय किसानों को बच्चों को दाखिले एवं ट्यूशन फीस में छूट दी जाए। लीज डीड के अनुसार प्राधिकरण के द्वारा आवंटित भूखंडों पर बने अस्पतालों में स्थानीय किसानों एवं गरीबों को इलाज में भारी छूट मिलनी चाहिए। चौधरी प्रेम प्रधान ने बताया कि ग्रेटर नोएडा में स्थापित औद्योगिक इकाइयों में योग्यता के आधार पर स्थानीय किसानों के बच्चों को बेहतर रोजगार दिलाया जाए। चौधरी




प्रवीण भारतीय ने बताया कि इन सभी मांगों को तत्काल प्रभाव से लागू कराने की कृपा करें अन्यथा करप्शन फ्री इंडिया संगठन एवं ग्रेटर नोएडा क्षेत्र के सभी गांवों के ग्रामीण 5 मार्च 2025 को ग्रेटर नोएडा के सम्राट मिहिर भोज पार्क से ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण दफ्तर की तरफ पैदल मार्च के साथ कूच करते हुए महापंचायत करेंगे।

इस दौरान- बलराज हूंण मास्टर दिनेश नागर प्रेमराज भाटी कुलबीर भाटी गौरव भाटी पिंटू मास्टर जितेंद्र नागर हरीश भाटी रिंकू बैसला दुलीचंद नागर रणधीर नागर धर्मेंद्र भाटी आदि लोग मौजूद रहें।

# नुक्कड़ नाटकों के जरिए मुख कैंसर के रोकथाम हेतु की अपील

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मोदीनगर (अनवर खान)।** निवाड़ी रोड स्थित डीजे डेंटल कॉलेज के विद्यार्थियों ने क्षेत्र में विभिन्न स्थानों पर नुक्कड़ नाटकों के जरिए मुंह के कैंसर के लक्षण और उससे बचाव हेतु आम जनता को जागरुक किया। इस दौरान उन्होंने आम जनमानस से धूम्रपान, तंबाकू व गुटखा आदि छोड़ने की अपील भी की। डीजे डेंटल कॉलेज के ओरल एंड

**डीजे डेंटल कॉलेज के विद्यार्थियों की क्षेत्रवासियों ने की मुक्तकंठ से सराहना**

मैक्सिलोफेशियल डिपार्टमेंट के विभागाध्यक्ष डॉ अंकुर मित्तल के मार्गदर्शन में कॉलेज के विद्यार्थियों ने क्षेत्र के व्यस्ततम राज चौराहे पर तथा कॉलेज के प्रांगण में नुक्कड़ नाटक किया। जिसमें विद्यार्थियों ने अपने अभिनय के माध्यम से धूम्रपान, तंबाकू व गुटखा आदि व्यसनों से मुंह में होने वाली कैंसर जैसी गंभीर बीमारी के बारे में जानकारी दी। और ओरल कैंसर के लक्षण बताते हुए इससे बचाव हेतु समय रहते धूम्रपान, तंबाकू व गुटखा आदि शीघ्र अतिशीघ्र छोड़ने की अपील की। एचओडी डॉ अंकुर मित्तल ने बताया कि इन व्यसनों के कारण देशभर में प्रतिवर्ष लाखों मरीजों को अपनी जान बचाने के लिए अपने मुंह का ऑपरेशन कराना पड़ता है। और यदि समय पर ऑपरेशन ना हो पाए तो मरीज अपनी जान से हाथ भी धो बैठता है। डॉ अंकुर मित्तल ने बताया कि अब





ओरल कैंसर की सर्जरी की सुविधा डीजे डेंटल कॉलेज में ही उपलब्ध है। और मुख कैंसर के ऑपरेशन पिछले छः माह से डीजे डेंटल कॉलेज में ही किये जा रहे हैं। इस दौरान आयोजित क्विज प्रतियोगिता के विजेताओं के अलावा नुक्कड़ नाटक में हिस्सा लेने वाले विद्यार्थियों को कॉलेज की सीईओ स्मृति क्लेयर जस्सर ने मेडल की ट्रॉफी आदि प्रदान कर सम्मानित किया। नुक्कड़ नाटक में डॉ अमान मिर्जा, डॉ अभिनव पोद्दार, डॉ सादिक अली, डॉ निखिल पांडे, डॉ संस्कृति गुप्ता, डॉ अरूबा आयशा, डॉ रत्ती वत्स, ऐश्वर्या कुमारी, प्राची लोदवाल, तनिष, अनन्या गुप्ता, शिवानी झा, प्रिंस कुमार, दीपिका तिवारी, अदरीजा दास, सुप्रतीक पॉल आदि विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया।

**क्या है मुंह के कैंसर के लक्षण**

डॉ अंकुर मित्तल के मुताबिक यदि मुंह में सफेद या लाल धब्बे हों, मुंह में जल्दी न भरने वाला घाव, गांठ, उभार या सुजन हों, खांसी होना या गले की लसीका ग्रंथियों का बढ़ना, भोजन निगलते समय मुंह या गले में दर्द होना, मुंह पूरा न खुलना, मुंह से खून आना या सुन्न हो जाना जैसे लक्षण दिखे तो तुरंत डीजे डेंटल कॉलेज में संपर्क करें।

# हमारा आंगन हमारे बच्चे कार्यक्रम का हुआ आयोजन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**जेवर (इनामुलहक)।** गांव नीमका स्थित द डिवाइन मदर इंटरनेशनल स्कूल मे गुरुवार को हमारा आंगन हमारे बच्चे कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

नोडल शिक्षण संकुल हरेंद्र शर्मा ने बताया कि खंड शिक्षा अधिकारी मुहम्मद राशिद के नेतृत्व में इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि एसडीएम विवेक सिंह भदोरिया रहे। कार्यक्रम में आंगनवाड़ी और नोडल अध्यापक सम्मिलित हुए। यहां सर्ग अशोक ने बाल वाटिका के बारे में बताया और डाइट से राजेश खन्ना, भोला सिंह व भूपेंद्र सिंह ने अपने विचार रहे और प्रत्येक न्याय पंचायत से पांच बच्चों को शिक्षा से संबंधित किट प्रदान की गई। जिनमे तीन बच्चे आंगनवाड़ी और दो निपुण बच्चे थे। इस मौके पर गुंजन शर्मा प्रधानाध्यापक मदर डिवाइन पब्लिक स्कूल, विनोद गोयल, एडीओ पंचायत, एआरपी अर्चना शिरोमणि, महेश, सारिका, रति गुप्ता आदि 180 अध्यापक व आंगनवाड़ी मौजूद रहे।



# तमंचा के साथ युवक गिरफ्तार

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**रबूपुरा (उपेन्द्र भाटी)।** कोतवाली पुलिस ने बुधवार रात कस्बे स्थित बंगलिया चौराहे से गिरफ्तार किया। गिरफ्तार आरोपी के खिलाफ पुलिस ने आर्म्स एक्ट के तहत कारवाई करते हुए। गुरुवार को कोर्ट में पेश किया। जहां से आरोपी को जेल भेज दिया गया है। कोतवाली प्रभारी सुजीत कुमार उपाध्याय ने बताया कि बुधवार रात पुलिस कस्बे के बंगलिया चौराहे पर गश्त कर रही थी तभी म्याना गांव निवासी आशु पुत्र प्रवेश शर्मा को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी के पास से एक तमंचा बरामद किया। बताया कि आरोपी क्षेत्र में किसी वारदात को अंजाम देने की फिराक में घूम रहा था।




# सुरेविन के मेधावी छात्र आर्यन गोयल ने किया जेईई मेन्स परीक्षा में श्रेष्ठ प्रदर्शन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मोदीनगर (अनवर खान)।** अपनी उच्च गुणवत्तापूर्ण शिक्षण पद्धति के लिए प्रख्यात निवाड़ी स्थित सुरेविन इंटरनेशनल रेजिडेंशियल स्कूल के मेधावी छात्र आर्यन गोयल ने जेईई मेन्स की परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन किया है। और आर्यन गोयल ने 97.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर (आईआईटी) संयुक्त प्रवेश परीक्षा एडवांस के लिए क्वालीफाई किया है। स्कूल का नाम क्षेत्र भर में रोशन करने पर स्कूल प्रबंधन व प्रधानाचार्या आदि ने आर्यन गोयल को बधाई दी है।

बता दें कि निवाड़ी स्थित सुरेविन इंटरनेशनल स्कूल विद्यार्थियों को उच्च गुणवत्ता पूर्ण शिक्षण पद्धति के जरिए बेहतर शिक्षा प्रदान कराने के साथ ही प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारियों में भी उनकी खासतौर पर मदद करता है। इसी के परिणाम स्वरूप सुरेविन स्कूल के विद्यार्थी विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में निरंतर श्रेष्ठ प्रदर्शन कर रहे हैं। इसी कड़ी में स्कूल के मेधावी विद्यार्थी आर्यन गोयल ने बेहद कठिन माने जाने वाली जेईई मेन्स की परीक्षा में श्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए 97.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर आईआईटी की संयुक्त प्रवेश परीक्षा जेईई एडवांस के लिए अर्हता प्राप्त कर ली है। जिसके बाद स्कूल प्रबंधन में शामिल तुषार गुप्ता, डॉ शिखा दरबारी तथा स्कूल प्रधानाचार्या डॉ सरिता सिंधु व तमाम शिक्षक शिक्षिकाओं ने आर्यन गोयल को बधाई देते हुए आगामी बोर्ड परीक्षा व जेईई एडवांस परीक्षा में सफलता हासिल करने के लिए शुभकामनाएं दी हैं। उधर आर्यन गोयल की इस सफलता पर उनके माता-पिता को भी स्कूल प्रबंधन व प्रधानाचार्या डा सरिता सिंधु एवं क्षेत्रवासियों ने बधाई दी है।



# अपने मित्र को फायदा पहुंचाने के लिए राष्ट्रीय सुरक्षा से पीएम ने किया समझौता- सांसद

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**लखनऊ।** प्रमोद तिवारी, सांसद, उप नेता राज्य सभा ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने मित्र अडानी को फायदा पहुंचाने के लिए राष्ट्रीय सुरक्षा से कितना बड़ा समझौता किया है उसका एक नमूना सामने आया है । राष्ट्रीय सुरक्षा और सरहदों की रक्षा के मद्देनजर भारत-पाकिस्तान बॉर्डर से 10 किलोमीटर तक मौजूदा गांवों और सड़कों को छोड़कर किसी भी बड़े निर्माण की अनुमति नही दी गयी है ।लेकिन मोदी के मित्र अडानी कच्छ के क्षेत्र में भारत-पाकिस्तान सीमा से सिर्फ 1 किलोमीटर दूरी पर एक बहुत बड़े सोलर और विंड पॉवरप्लांट का निर्माण करा रहे हैं। श्री तिवारी ने कहा है कि असल में हुआ ऐसा कि गुजरात के कच्छ क्षेत्र में सार्वजनिक क्षेत्र की एक कंपनी को गुजरात सरकार ने एक नवीकरणीय ऊर्जा पार्क के लिए 23,000 हेक्टेयर भूमि आवंटित की थी, लेकिन एक बाधा थी कंपनी को आवंटित जमीन भारत-पाकिस्तान सीमा के काफी करीब थी, और वहाँ रक्षा प्रतिबंधों का मतलब था कि उस जमीन पर केवल विंड टरबाइन ही बन सकता था, सोलर पैनल नहीं लग सकता था कंपनी का कहना था कि इन बंदिशों की वजह से यह परियोजना होने में दिक्कत है। बस फिर क्या था, अप्रैल 2023 में गुजरात के अधिकारियों ने प्रधानमंत्री कार्यालय को पत्र लिख कर इस मामले को रक्षा मंत्रालय के साथ उठाने को कहा। इस संदर्भ में गुजरात सरकार के सोलर और विंड प्रस्ताव पर चर्चा के लिए दिनांक-21 अप्रैल 2023 को दिल्ली में एक गोपनीय सरकारी बैठक बुलाई गई, जिसमें सैन्य संचालन महानिदेशक, गुजरात और न्यू एंड रिन्यूएबल एनर्जी मंत्रालय के अधिकारियों के अलाव कंपनी ने भी भाग लिया। श्री तिवारी ने कहा है कि एक रिपोर्ट के मुताबिक वरिष्ठ सैन्य अधिकारियों द्वारा अंतर्राष्ट्रीय सीमा पर टौंक मूवमेंट और सुरक्षा निगरानी में सोलर पैनलों से दिक्कतें आने की आशंकाए जताई गईं थी किन्तु डेवलपर्स ने आश्वासन दिया कि दुश्मन की गतिविधियों को देखने में सोलर पैनल बाधा नहीं बनेंगे,आवंटित कर दिया।

## संक्षिप्त समाचार

### एक व्यक्ति ने दो पर लगाया मारपीट का आरोप

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**जेवर।** जेवर के गांव मंगरौली के एक व्यक्ति ने गांव के ही दो लोगों पर उसके साथ बुरी तरह मारपीट करने व जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। गांव मंगरौली निवासी गंगाराय शर्मा ने पुलिस मे शिकायत देते हुए बताया कि वह गुरुवार की सुबह कस्बे के एक निजी अस्पताल जा रहा था, तभी रास्ते मे उनसे एक साइकल टकराई, इससे पहले पीड़ित कुछ समझ पता तभी गांव के ही मुकेश व कपिल दो भाइयों ने उनके साथ बुरी तरह मारपीट शुरू कर दी। शोर की आवाज सुन लोग वहां पहुंचे तो आरोपी उन्हें जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गये। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### तेज रफ्तार बाइक चालक ने छात्रा मे मारी टक्कर, गंभीर

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**जेवर।** गांव थोरा के पास मंगलवार की सुबह पेपर देने जा रही एक छात्रा मे तेज रफ्तार से बाइक सवार ने टक्कर मार दी। हादसे मे युवती गंभीर रूप से घायल हो गई। जिसको परिवार के लोगों ने कस्बे के एक निजी अस्पताल मे भर्ती कराया है। पीड़ित पिता ने गांव के ही एक युवक के खिलाफ लापरवाही बाइक चलाने के आरोप मे रिपोर्ट दर्ज कराई है। गांव थोरा निवासी संजय ने पुलिस मे शिकायत देते हुए बताया कि उसकी पुत्री शिखा (17) गांव के ही जेवर खुर्जा रोड स्थित श्रीराम मॉडल इंटर कॉलेज मे पेपर देने जा रही थी, तभी गांव का ही कक्कू वहां तेज रफ्तार व लापरवाही से बाइक चलाता हुआ पहुंचा और उनकी बेटी मे टक्कर मार दी। जिससे शिखा गंभीर चोट आने से बेहोश हो गई। सूचना पर परिवार के लोग मौके पर पहुंचे और घायल शिखा को कस्बे के एक निजी अस्पताल मे भर्ती कराया। जहां उसकी हालत चिंताजनक बनी हुई है। पीड़ित पिता कि शिकायत पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### किशोरी से छेड़छाड़ के आरोप मे रिपोर्ट दर्ज

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**जेवर।** जेवर एरिया के एक गांव की युवती ने गांव के ही एक युवक पर उसकी छोटी नाबालिग बहन के साथ छेड़छाड़ करने व शोर मचाने पर जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है। गांव निवासी एक युवती ने पुलिस मे शिकायत देते हुए बताया कि उसकी बहन (16) मंगलवार की शाम घर से घेर पशुओं के लिए चारा लेने के लिए जा रही थी, तभी गांव के ही अंकित ने उसे रास्ते मे एक प्लाट पर पकड़ लिया और उसके साथ छेड़छाड़ करने लगा। जिसपर उसकी बहन ने शोर मचा दिया, आरोपी लोगों को आता देख किशोरी को जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गया। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है।

# दुकानदार से साइबर ठगी कर ऐंठे दस हजार रुपए

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**ग्रेटर नोएडा।** सूरजपुर कोतवाली क्षेत्र में साइबर ठगों द्वारा बीते दिनों एक दुकानदार से ठगी का मामला प्रकाश में आया है। आरोपियों ने पहले पैसे भेजने का झूठा मैसेज भेजा बाद में पीड़ित से दस हजार रुपए ठग लिए। पीड़ित ने मामले की लिखित सूचना कोतवाली में दी। मिली जानकारी अनुसार सूरजपुर कस्बे निवासी राजेन्द्र सिंह पैरामाउंट गोल्फकोर्स में किराना स्टोर की दुकान चलाते हैं। सोमवार को उनके फोन पर एक अज्ञात नम्बर से कॉल आई और अपने परिवार में कोई प्रोग्राम है उसके लिया आटा लेने की बात कही। और पीड़ित से उनका मोबाइल नम्बर मांग कर पैसे ऑनलाइन भेजने की बात कही। और अकाउंट में झूठा पैसे भेजने का मैसेज भी भेज दिया। ओर कहा की गलती से अकाउंट में तीस हजार ट्रांसफर हो गए हैं। आप मुझे पंद्रह हजार वापस भेज दो। पीड़ित ने दो बार में पांच पांच हजार कर आरोपी को दस हजार रुपए भेज दिए। बाद में अपना खाता देखा तो पैसे नहीं आए थे। पीड़ित द्वारा आरोपियों का नम्बर मिलाया तो स्विच ऑफ आया। इस मामले की लिखित सूचना पीड़ित ने कोतवाली पुलिस को दी है।

# शीघ्र ही मार्ग निर्माण के आश्वासन पर अनिश्चितकालीन धरना हुआ समाप्त

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मोदीनगर (अनवर खान)।** तहसील क्षेत्र के गांव अबूपुर के मुख्य मार्ग की बदतर हालत को सही कराए जाने की मांग को लेकर सामाजिक संस्था निर्वाण फाउंडेशन द्वारा गांव में ही दिया जा रहा

**अबूपुर के मुख्य मार्ग के निर्माण की मांग को लेकर चल रहा था अनिश्चितकालीन धरना**

अनिश्चितकालीन धरना 14वें दिन प्रशासन द्वारा शीघ्र सही कराए जाने के दिए गए आश्वासन के बाद धरनारत आंदोलनकारियों द्वारा समाप्त कर दिया गया है।




इस संबंध में संस्था के संस्थापक ईश्वर चंद्र ने अपने कार्यालय पर आयोजित एक प्रेस वार्ता के दौरान पत्रकारों को जानकारी देते हुए बताया कि गांव अबूपुर के मुख्य मार्ग की बदतर हालत के कारण गांववासी पिछले कई वर्षों से परेशानियों का सामना कर रहे थे। इस समस्या के बारे में गांव वासियों द्वारा अवगत कराने पर उनकी संस्था निर्वाण फाउंडेशन ने एसडीएम से ज्ञापन के माध्यम से मार्ग सही कराने की मांग की थी। किंतु कोई सुनवाई न होने पर वे स्वयं और गांववासी समाजसेवी हरेंद्र शर्मा अनिश्चितकालीन धरने पर बैठ गए। और धरने के 13वें दिन प्रशासन को 8 दिन का समय देते हुए समस्या का समाधान न होने पर 8 दिन बाद धरने को अनशन में तब्दील करने की चेतावनी दी गई। ईश्वर चंद्र ने बताया कि जिसके बाद आंदोलन के 14वें ही दिन तहसीलदार रजत कुमार और बीडीओ सुधीर कुमार धरना स्थल पर आए और 15 दिन के भीतर मार्ग के निर्माण का आश्वासन दिया। हरेंद्र शर्मा ने बताया कि आश्वासन मिलने के बाद अनिश्चितकालीन धरना समाप्त कर दिया गया है। प्रेस वार्ता में मौजूद ईश्वर चंद्र, हरेंद्र शर्मा व ग्राम वासियों ने प्रशासन तथा जनप्रतिनिधियों का आभार व्यक्त किया है। प्रेस वार्ता में अमित अग्रवाल नवरसन गुरु जी, राजीव शर्मा, नितिन चौधरी, प्रमिला, अलका, उज्जवल, विलियम, विनय गर्ग जोली, नितिन शर्मा,अंकित शर्मा,आदि मौजूद थे।

**सम्मान** — सीएससी, कृषि सखियों और बैंकिंग संवाददाताओं के माध्यम से भी सहायता उपलब्ध कराई गई है

# किसानों को केसीसी के लाभों और कृषि मंत्रालय की विभिन्न हालिया पहलों के बारे में दी जानकारी

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**ग्रेटर नोएडा (बिलाल)।** कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के अवर सचिव अनिल कुमार मीणा के नेतृत्व में मंत्रालय और सीएससी के अन्य प्रतिनिधि शामिल थे, जैसे पल्लवी माली, सुमित सोनी, आलोक प्रजापति, प्रिया, जेनिफर, भावनी, कीर्ति, मुकेश सैनी (प्रबंधक-सीएससी एसपीवी) और विशोम त्यागी (प्रबंधक-सीएससी एसपीवी), जिन्होंने किसानों को केसीसी के लाभों और कृषि मंत्रालय की विभिन्न हालिया पहलों के बारे में जानकारी दी। जितेंद्र सोलंकी और सुभाष नागर ने 7 महिला किसानों सहित 23 किसानों को मोबाइल एप्लिकेशन पर पंजीकृत किया। इस ऐप की मदद से किसान सीधे अपने मोबाइल फोन से केसीसी लोन के लिए आवेदन कर सकते हैं। इसके अलावा, सीएससी, कृषि सखियों और बैंकिंग संवाददाताओं के माध्यम से भी सहायता उपलब्ध कराई गई है, जिससे डिजिटल साक्षरता की कमी वाले किसान भी इस सुविधा का लाभ उठा सकें।तकनीक के उपयोग से सरकार न केवल ग्रामीण ऋण की उपलब्धता को बढ़ा रही है, बल्कि किसानों को वित्तीय स्वतंत्रता भी प्रदान कर रही है। जैसे-जैसे यह पहल देशभर में लागू होगी, इसका प्रभावी क्रियान्वयन भारत में कृषि वित्तपोषण की प्रणाली को पुनः परिभाषित करेगा, जिससे समय पर और सस्ता लोन उन लोगों तक पहुंच सके जिन्हें इसकी सबसे अधिक आवश्यकता है।किसानों को सस्ता और आसान ऋण उपलब्ध कराने की दिशा में सरकार की नई डिजिटल पहल केंद्रीय बजट 2025-26 में भारत के अन्नदाता पर विशेष ध्यान केंद्रित किया गया है, जिससे सरकार की कृषि विकास और उत्पादकता को बढ़ावा देने की प्रतिबद्धता स्पष्ट होती है। कृषि को दस प्रमुख विकासात्मक क्षेत्रों में शामिल किया गया है, जो भारत की आर्थिक प्रगति को गति देने वाला एक महत्वपूर्ण इंजन है। आर्थिक सर्वेक्षण 2024 के अनुसार, वर्तमान में भारत में 7.75 करोड़ सक्रिय किसान क्रेडिट कार्ड (ङउउ) खाते हैं। अल्पकालिक ऋण आवश्यकताओं को पूरा करके, केसीसी योजना ने कृषि उत्पादकता बढ़ाने और किसानों की आय में वृद्धि करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।





# स्वतंत्र देव सिंह के जन्मदिन पर संजय त्यागी ने बांटे 51 किलो लड्डू

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मोदीनगर (अनवर खान)।** भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा क जिला मंत्री संजय त्यागी ने प्रदेश सरकार में जल शक्ति मंत्रालय के कैबिनेट मंत्री स्वतंत्र देव सिंह का जन्म दिन 51 किलो लड्डू वितरित कर मनाया।

भाजपा किसान मोर्चा के जिला मंत्री संजय त्यागी ने असालत नगर स्थित हनुमान मंदिर के बाहर श्रद्धालुओं को लड्डू वितरित करते हुए प्रदेश सरकार में जल शक्ति मंत्रालय के कैबिनेट मंत्री स्वतंत्र देव सिंह के उत्तम स्वास्थ्य और दीघार्यु होने की कामना की। संजय त्यागी ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी मजदूरों, किसानों, व्यापारियों, उद्यमियों सहित सभी वर्गों के विकास के लिए संकल्पित है। और अपने इस संकल्प को विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के जरिए पूरा भी कर रही है। और भाजपा सरकार के इन प्रयासों को जल शक्ति मंत्रालय के कैबिनेट मंत्री स्वतंत्र देव सिंह भी अपनी कोशिशेओं से निरंतर धरातल पर क्रियान्वित कर रहे हैं।



# डॉ.अतुल जैन-अंजू जैन वैवाहिक वर्षगांठ पर प्राथमिक पाठशाला नासिरपुर पहुंचे, छात्र-छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना की

बुलन्द संदेश ब्यूरो





**गाजियाबाद ( आशा चौधरी )।** लोहा विक्रेता मंडल के अध्यक्ष और टेक्निकल इंस्टीट्यूशंस फाउंडेशन ऑफ उत्तर प्रदेश के महासचिव डॉ.अतुल कुमार जैन अपनी धर्मपत्नी अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त कवयित्री अंजू जैन के साथ अपनी वैवाहिक वर्षगांठ के अवसर पर प्राथमिक पाठशाला नासिरपुर पहुंचे और वहां के प्यारे-प्यारे बच्चों और छात्र-छात्राओं के साथ मिष्ठान ग्रहण किया और कराया साथ ही सभी छात्रों के उज्जवल भविष्य की कामनाएं की ।विभिन्न कक्षाओं के सभी छात्र-छात्राओं को नियमित रूप से प्रतिदिन स्कूल में आकर प्रत्येक कक्षा में ध्यान से मन लगाकर पढ़ने के लिए आवाह्न किया, बच्चे काफी उत्साहित और प्रसन्न थे उनको देखकर अति प्रसन्नता हुई। विद्यालय के प्रधानाचार्य और शिक्षक गण भी इस अवसर पर उपस्थित रहे उनको भी शुभकामनाएं देते हुए निवेदन किया कि सभी बच्चों को अच्छी शिक्षा और संस्कार देकर एक अच्छे नागरिक बनाने में योगदान दें जिससे यह सभी बच्चे,छात्र-छात्राएं बड़े होकर अच्छे राष्ट्र निर्माण में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा सके।

# कार की टक्कर से बाइक सवार महिला की मौत, युवक घायल, चालक फरार

बुलन्द संदेश ब्यूरो



**बुलंदशहर।** खुर्जा में एनएच०-34 पर देहात थाना क्षेत्र के धरपा कट के पास बृहस्पतिवार दोपहर को कार की टक्कर से बाइक सवार महिला की मौत हो गई। वहीं बाइक सवार युवक घायल हो गया जिसको अस्पताल में भर्ती कराया गया। वहीं आरोपी चालक कार छोड़कर भाग गया। खुर्जा के जेवर अड्डा चौराहा के पास वाल्मीकि कॉलोनी निवासी बादल ने बताया कि उनकी बहन नैना (26) किसी काम से बृहस्पतिवार को बुलंदशहर जा रही थी। ऐसे में बादल का दोस्त आकाश अपनी बाइक पर नैना को बैठाकर ले गया था। दोपहर को करीब 12 बजे नैना और आकाश बाइक से वापस लौट रहे थे। लौटते वक्त वह लोग धरपा बिजली घर पर मीटर की समस्या के लिए गए थे। वह दोनों जब बिजली घर से बाहर की ओर आ गए और खुर्जा की ओर जाने लगे। तभी खुर्जा नगर की ओर से आ रही तेज रफ्तार कार ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी जिससे बाइक सवार नैना और आकाश दूर जाकर गिरे। वहीं राहगीरों ने कार को वहीं रोक लिया। चालक मौके से भाग गया तो राहगीरों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने दोनों घायलों को अस्पताल पहुंचाया जहां पर नैना को मृत घोषित कर दिया और आकाश को हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। वहीं हादसे की जानकारी मिलते ही जटिया अस्पताल पर पीड़ित परिजन पहुंच गए। मृत नैना को देख परिजन बिलख उठे जिनको अन्य लोगों ने ढाढ़स बंधाया।

# कई स्थानों पर कार्यक्रम आयोजित कर पशुपालन एवं जीव जन्तु कल्याण जागरूकता की जानकारी पशुपालन विभाग के अधिकारियों द्वारा पशुपालकों को दी गई

बुलन्द संदेश ब्यूरो





**गाजियाबाद ।** पशुपालकों के पशुओं की समस्या सुनकर निःशुल्क दवा वितरित की गई।डॉ एसपी पाण्डेय मुख्य पशुचिकित्सा अधिकारी विकास खण्ड रजापुर के ग्राम भीखनपुर में जनपद स्तरीय जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पंकज भारद्वाज, अध्यक्ष भारतीय किसान मोर्चा जनपद गाजियाबाद एवं डॉ एसपी पाण्डेय, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी द्वारा फीता काटकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।

मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर एसपी पान्डेय ने किसानों को अपने पशुओं को संतुलित पशुआहार देने, समय से टीकाकरण कराने, कानों में ईयर टैग लगवाने तथा उनके साथ क्रुरता न बरतने के की जानकारी दी तथा जानकारी को अपने सभी किसान भाईयों एवं बहनों के साथ शेयर करने की अपील की। कार्यक्रम में पधारे डॉक्टर ब्रजवीर सिंह, विशिष्ट अतिथि एवं सेवानिवृत्ति संयुक्त निदेशक ने अपने उद्बोधन के दौरान किसानों को दुग्ध उत्पादन बढाने के तरीके, बाझपन की समस्या से निपटने के बारे में एवं पशुओं के उचित रखरखाव एवं उनके बेहतर देखभाल के बारे में जानकारी दी। कार्यक्रम के संचालक उपमुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर हरिवंश सिंह ने विभागीय उद्यमिता विकास की लेयर मुर्गी पालन, बकरी पालन, सूकर पालन एवं पशु आहार इकाई स्थापना की जानकारी दी जिसमे लागत की 50 प्रतिशत अनुदान दिया जाता है। कार्यक्रम को आयोजित करने एवं सफल बनाने के लिए डॉक्टर राहुल कुमार पशु चिकित्सा अधिकारी मोरटा ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई ।

पशुपालकों की हर समस्याओं के निराकरण करने के लिए आश्वस्त किया। इस कार्यक्रम में उनके पशुधन प्रसाद अधिकारी कुमार, फार्मेसिस्ट विवेक त्यागी एवं पशु मैत्री सोनू भी उपस्थित थे। कार्यक्रम में 78 पशुपालकों को नवीनतम जानकारी देकर जागरूक किया । पशुपालकों के 112 पशुओं को निःशुल्क कृमिनाशक दवा वितरण की गई और चिकित्सा की गई। डॉ रविशंकर पशुचिकित्सा अधिकारी डासना द्वारा विकासखंड रजापुर के ग्राम सादात नगर इकला में पशुपालन एवं जीव जंतु जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

पूर्व ग्राम प्रधान महेंद्र कुमार एवं ग्राम के लगभग 40 पशुपालकों ने कार्यक्रम में प्रतिभा कर पशुपालन एवं जीव जंतु कल्याण संबंधी जानकारी प्राप्त की। कुल 78 पशुओं को निशुल्क दवा वितरित की गई। डॉ लघु चंद पशु चिकित्सा अधिकारी मुरादनगर द्वारा विकासखंड मुरादनगर के काकड़ा ग्राम में पशुपालन एवं जीव जंतु कल्याण जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कुल 82 पशुओं को निःशुल्क दवा वितरित की गई। कालूराम त्यागी पूर्व प्रधान एवं वीर सिंह, मुन्नी त्यागी आदि कल 71 पशुपालकों ने कार्यक्रम में प्रतिभाग कर जानकारी प्राप्त की । दो पशुओं को कृत्रिम गभार्धान की निशुल्क सुविधा भी उपलब्ध कराई गई।

# नगर आयुक्त की अध्यक्षता में सफल हुई टाउन वेंडिंग की बैठक, चार मुख्य बिंदुओं में समाधान पर लिया गया निर्णय

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गाजियाबाद।** नगर निगम मुख्यालय में टाउन वेंडिंग कमेटी के सदस्यों की बैठक हुई नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक की अध्यक्षता में साप्ताहिक बाजार को लेकर महत्वपूर्ण निर्णय भी लिए गए तथा कार्य योजना बनाई गई, बैठक में गाजियाबाद नगर निगम के अधिकारियों के अलावा 2017 में गठित टाउन वेंडिंग कमेटी के सदस्य अपर जिलाधिकारी नगर गंभीर सिंह एसीपी ट्रैफिक जियाउद्दीन अहमद, अन्य पुलिस विभाग, एन सी आर सेल, अग्निशमन विभाग के संबंधित अधिकारी गण उपस्थित रहेल साप्ताहिक बाजार को व्यवस्थित करना जो कि कई विभागों के लिए बड़ी समस्या बना हुआ है गाजियाबाद नगर निगम द्वारा प्लानिंग करते हुए चार बिंदुओं में सरलता से समाधान की तरफ कार्यवाही प्रारंभ कर दी गई है, नगर आयुक्त द्वारा बताया गया कि पुरानी टाउन वेंडिंग कमेटी के सदस्यों के साथ बैठक हुई जिसमें सभी संबंधित विभाग की अधिकारी भी उपस्थित रहे पहले बिंदु बैठक में नई कमेटी के गठन के लिए सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया 15 दिन के भीतर नई टाउन वेंडिंग कमेटी हेतु कार्यवाही पूर्ण करने के निर्देश दिए गए, दूसरा बिंदु वैकल्पिक व्यवस्था का निर्णय न होने तक शासन के निर्देश अनुसार साप्ताहिक बाजार यथावत लगेंगे संबंधित अधिकारी शासन के निर्देशों का अनुपालन करने के लिए कार्य करेंगे, तीसरा बिंदु बैठक में वर्तमान में लग रहे बाजारों को रोड साइड में व्यवस्थित करने का निर्णय लिया गया है जिसके लिए येलो लाइन से पथ विक्रेताओं की सीमा निर्धारित की जाएगी, जिसके अंतर्गत ही बाजार लगाया जाएगा सड़क पर बाजार नहीं लगेगा सड़क किनारे साप्ताहिक बाजार की विक्रेताओं को व्यवस्थित किया जाएगा, पांचो जोन अंतर्गत निर्माण विभाग द्वारा येलो लाइन खींची जाएगी जिसमें जोनल प्रभारी पुलिस विभाग तथा यातायात पुलिस व अन्य टीम भी कार्यवाही करेगी, चौथा बिंदु जोनल प्रभारी अपने-अपने जोन में पथ विक्रेताओं का रजिस्ट्रेशन करेंगे, विक्रेताओं को आईडी कार्ड भी देंगे निर्धारित सीमा में बाजार लगाए जाने पर यूजर चार्ज वसूलने की कार्यवाही भी की जाएगी जिसकी कार्य योजना बनाने हेतु निर्देशित किया गया है'गाजियाबाद नगर निगम में हुई साप्ताहिक बाजार की बैठक में कार्य योजना बनाई गई है जिसके क्रम में कार्यवाही प्रारंभ की जा चुकी है पुलिस विभाग यातायात पुलिस जोनल प्रभारी संयुक्त टीम बनाकर वर्तमान में शासन के आदेश पर लग रहे बाजारों को व्यवस्थित करेंगे जिसमें ट्रैफिक व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने के लिए भी कार्यवाही की जाएगी आवागमन सरल रहे और बाजार लगाने वाले विक्रेताओं को भी परेशानी ना हो




कार्यवाही के निर्णय लिए गए हैं नगर आयुक्त के समक्ष टाउन वेंडिंग कमेटी के सदस्यों ने बाहरी विक्रेताओं पर निगम सीमा अंतर्गत बाजार लगाने को लेकर चर्चा की गई, जिसका निर्णय नई टाउन वेंडिंग कमेटी द्वारा लिया जाएगा उपस्थित जनों को अवगत कराया गया, बाजार के व्यापारियों द्वारा एक दिवस का बंद सप्ताह में लिया जाता है जिसका निर्णय भी जिलाधिकारी द्वारा साप्ताहिक बाजार को व्यवस्थित करने के क्रम में लिया जाएगा अवगत कराया गया, साप्ताहिक बाजार को पूर्ण रूप से व्यवस्थित तथा आवागमन को सरल बनाने के क्रम में जनप्रतिनिधियों का भी विशेष सहयोग रहेगा, नगर आयुक्त द्वारा समस्त कार्यवाही पूर्ण करते हुए नई टाउन वेंडिंग कमेटी का गठन 15 दिन के भीतर करने के लिए उपस्थित जनों को निर्देश दिए गए।

# आज शुरू होगा नशा मुक्ति सप्ताह अभियान जो 23 फरवरी तक चलेगा नशा समाज के लिए अभिशाप है: मईनुददीन खॉ

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गुलावठी।** "नशा समाज के लिए अभिशाप है, वर्तमान समय में नशे के विभिन्न रूप जैसे-शराब, ड्रग्स, गांजा, भांग आदि का उपयोग दिन प्रतिदिन बढ़ता जा रहा है। विशेष तौर पर शराब का. उपयोग देश में सबसे अधिक हमारे प्रदेश में हो रहा है। और युवा पीढ़ी इसका शिकार होती जा रही है। अगर नशे को हमारे समाज में नहीं रोका गया, तो आगे जाकर बहुत घातक परिणाम सामने आएंगे"

उक्त विचार जमाअत-ए-इस्लामी हिन्द उत्तर प्रदेश पश्चिम के जिला बु०शहर अध्यक्ष मईनुददीन खॉ ने दफतर जमाअत-ए-इस्लामी स्थित गुलावठी में मीडिया से रूबरू होते हुये व्यक्त किए। श्री मईनुददीन खॉ ने बताया कि हमारे समाज में कई प्रकार की बुराइयां पनप रही हैं, जो हमारे सामाजिक जीवन को प्रभावित कर रही हैं। इनमें से नशे की बुराई सबसे गम्भीर और चिंताजनक है। यह न केवल व्यक्तिगत जीवन को बर्बाद करती है बल्कि परिवार और समाज की जड़ों को भी कमजोर करती है। इस बुराई के कारण युवा पीढ़ी अपनी क्षमता और भविष्य को खो रही है। इसके चलते अपराध, स्वास्थ्य समस्याएं और आर्थिक तंगी जैसी कई अन्य समस्याएं भी जन्म ले रही हैं। नशे की लत समाज की प्रगति में सबसे बड़ी बाधा बनती जा रही है, जिसे जड़ से समाप्त करना अतिआवश्यक है।

इसकी गम्भीरता को देखते हुए जमाअत-ए-इस्लामी हिन्द उत्तर प्रदेश पश्चिम ने "नशा मुक्त समाज-हमारा संकल्प" शीर्षक के तहत नशा मुक्ति अभियान दिनांकः 14.02.2025 से 23.02.2025 तक मनाने का फैसला लिया है। उन्होंने कहा कि नशे की लत से ग्रस्त व्यक्ति किसी भी स्तर तक गिरना स्वीकार कर लेता है। नशे की हालत में वह नैतिक, आध्यात्मिक, शारीरिक और मानसिक क्षमताओं को नष्ट कर देता है। जिससे अनगिनत आर्थिक और सामाजिक समस्याएं उसको घेर लेती हैं। और उसके परिवार को बहुत सी समस्याओं की ओर ढ़केल देती हैं। घरेलू हिंसा, बलात्कार जैसी घटनाएं नशे के कारण सामने आती हैं। इस समस्या से निपटने के लिए जागरूकता कार्यक्रम और धार्मिक व नैतिक शिक्षा को बढ़ावा देना अत्यन्त आवश्यक है। समाज के हर व्यक्ति को इस बुराई के खिलाफ एकजुट होकर काम करना होगा ताकि आने वाली पीढ़ियों के लिए एक स्वस्थ और सशक्त समाज बनाया जा सके। वर्तमान समय में नशे पर पाबन्दी लगाने के लिए सरकार कोई संजीदा कदम नहीं उठा रही है। हर जिले में नशा मुक्ति केन्द्र और दूसरी योजनाएं आती रहती हैं। मगर नशा करने वालों की संख्या बढ़ती जा रही है। ऐसी विषम परिस्थिति में बुद्धिजीवियों और धर्मगुरुओं की जिम्मेदारी बढ़ जाती है कि शराब और अन्य नशों की बुराइयों को समाज के सामने प्रस्तुत करें। नशे को लेकर इस्लाम का दृष्टिकोण अत्यन्त स्पष्ट है। इस्लाम अपने मानने वालों को किसी भी हालत में नशा करने की अनुमति नहीं देता है। साथ ही हमारा यह भी मानना है कि दुनियां का जीवन वास्तविक जीवन नहीं है। इसके बाद दूसरा पारलौकिक जीवन होगा, जिसमें इन्सान अपने अच्छे-बुरे कर्मों का हिसाब देगा। ईश संयम की इस अवधारणा के तहत इन्सान बुरे कामों से रुक सकता है।

# साप्ताहिक बाजार किसी भी सूरत में बन्द नहीं होने चाहिए और किसी भी हालत में मुख्य बाजारों और मेन रोड पर नहीं लगने चाहिए

बुलन्द संदेश ब्यूरो



**गाजियाबाद ।** अवधेश शर्मा ने कहा है कि साप्ताहिक दुकानदारों से किसी भी हालत में अवैध उगाही नहीं होनी चाहिए अवधेश शर्मा ने कहा कि आज से पहले नगर निगम ने कभी भी इन बाजारों से यूजर चार्ज नहीं वसूला अचानक यूजर चार्ज वसूलने की बात कहा से आ गई जब अभी तक वेंडर कमेटी का गठन ही नहीं हुआ है ' तो यूजर चार्ज वसूले जाने की योजना किसने बनाई साथ ही नगर आयुक्त को स्पष्ट करना होगा कि अवैध पॉलीथिन का इस्तेमाल इन बाजारों में न हो उसके लिए क्या रणनीति बनाई गई है और ये भी नगरआयुक्त जी को बताना होगा कि सैकड़ों की संख्या में दुकानदार बाजारों में आते है लगभग 10 घंटे बाजारों में रहते है मुख्य बाजारों में लघु शंका के लिए वो कहां जाते है उसका समाधान कैसे होगा क्या मुख्य बाजारों के दुकानदारों को इस गंदगी को झेलना होगा कुछ दुकानदरों का कहना है कि बजारों में सड़कों पर जाम लग जाता है ' अब देखना यह है कि सक्सेसफुल हो पता है एक तरफ कमिश्नर साहब फैसला आम जनता के हित में तो दूसरी तरफ दुकानदारों की समस्या अगर मार्केट बंद रहे तो बाजार लगे मार्केट ही बंद नहीं रहती तो बाजार क्यों लगे मार्केट बंद होने पर अगर बाजार लगता है तो दुकानदारों को कोई नुकसान नहीं है।

# 08 मार्च को होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत के लिए चिन्हित मामलों का निवारण किया जाएगा : जनपद न्यायाधीश अनिल कुमार-दशम

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गाजियाबाद ( आशा चौधरी )।** 08 मार्च को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाना है। जिसमें विभिन्न स्तर पर विभिन्न प्रकृति के मामलों का निस्तारण हेतु रखा जायेगा। जिसके क्रम में माननीय जनपद न्यायाधीश अनिल कुमार-दशम के निदेर्शानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने 08.03.2025 को होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत के लिए चिन्हित मामलों की सूची जारी की है, जिसमें *न्यायालय स्तर पर *अपराधिक शमनीय मामले, एनआई एक्ट की धारा 138 के तहत मामले, बैंक वसूली मामले, मोटर दुर्घटना प्रतिकर के मुकदमें, वैवाहिक विवाद, श्रम विवाद मामले, भूमि अधिग्रहण मामले, पानी का बिल (चोरी के मामलों को छोड़कर), मध्यस्थता के मामले अन्य सिविल मामले (किराया सुखाधिकार निषेधाज्ञा मुकदमे विनिर्दिष्ट अनुपालन मुकदमे) आदि। *अन्य मामले-क्रिमिनल मामले,, बिजली (गैर-कंपाउंडेबल को छोड़कर), वेतन एवं भत्ते तथा सेवानिवृत्ति लाभ से संबंधित सेवा मामले।,,ई-ट्रैफिक चालान,, 34 पी एक्ट, एमवी एक्ट। प्रशासन स्तर पर राष्ट्रीय लोक अदालत में निस्तारण हेतु प्रस्तावित वादों, प्रकरणों की सूचना।,,उपजिलाधिकारी के स्तर पर,, राजस्व वाद, भरण पोषण से संबंधित वाद, पारिवारिक, प्रमाण पत्र से संबंधित प्रार्थना पत्र, सामान्य निवास प्रमाण पत्र एवं हैसियत से संबंधित प्रार्थना पत्र इसी प्रकार के अन्य वादों का निस्तारण किया जायेगा। तहसीलदार, न्यायालय स्तर पर,,राजस्व संहिता धारा 34 दाखिल खारिज वाद, धारा 67, ग्राम सभा भूमि से बेदखल संबंधी वाद का निस्तारण किया जायेगा। *नायब तहसीलदार स्तर पर,,न्यायालय राजस्व संहिता धारा 34 दाखिल खारिज वाद का निस्तारण किया जायेगा।,,जिला प्रोबेशन अधिकारी के स्तर पर,, विभागीय योजनाओं के क्रम में योजनाएं से संबंधित शिकायतें तथा पेंशन इत्यादि समय से न प्राप्त होना, योजनाओं का लाभ न



मिलने के क्रम में प्राप्त शिकायतों का निस्तारण किया जाता है। चाइल्ड लाइन के अंतर्गत बच्चों से संबंधित शिकायती प्रकरणों में यथा आवश्यक कार्रवाई करते हुए शिकायतों का निस्तारण किया जाता है, वन स्टाफ सेंटर के अंतर्गत महिलाओं संबंधी घरेलू हिंसा, किसी भी प्रकार की आकस्मिक सहायता इत्यादि से संबंधित प्राप्त होने वाले केसों को निस्तारण किया जायेगा। बाट तथा माप विभाग के स्तर पर,,विधिकमान विज्ञान (बाट/माप) लें कॉंटे-बार की मुहर तिथि निकलने एवं पैकेज्ड कोमोडिटी के मामले से संबंधित केस एसीजेएम कोर्ट एवं लोक अदालत में निस्तारण किया जायेगा। है। नगर पंचायत स्तर पर,,हाउस टैक्स, जलकल, मृत्यु प्रमाण पत्र, सफाई और बिजली से संबंधित, भूमि विवाद अतिक्रमण राजस्व से संबंधित मामलों का निस्तारण किया जायेगा। *बैंक से संबंधित,, एनपीए खातों से संबंधित विवादों का निस्तारण किया जायेगा। *पुलिस विभाग,, ट्रैफिक चालान से संबंधित वादों का निस्तारण किया जायेगा। भारत संचार निगम लिमिटेड (बीएसएनएल),, टेलीफोन से संबंधित वादों का निस्तारण किया जायेगा। जिला पूर्ति अधिकारी,, जनहित, राशन कार्ड से संबंधित वादों का निस्तारण किया जायेगा। नगर निगम गाजियाबाद,, हाउस टैक्स, वाटर टैक्स, सीवर टैक्स से संबंधित वादों का निस्तारण किया जायेगा। गाजियाबाद विकास प्राधिकरण,,अतिक्रमण से संबंधित वादो का निस्तारण किया जायेगा ल सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण गाजियाबाद ने जनपद के सभी व्यक्तियों एवं वादकारियों से अनुरोध करना है कि आने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत को दिनांक 08.03.2025 को उपस्थित होकर ज्यादा से ज्यादा वादों का निस्तारण कराकर लोक अदालत का लाभ प्राप्त करें, एवं लोक अदालत को सफल बनायें।

**जानकारी** शहर के सौंदर्यीकरण, समुचित विकास, आमजन की सुविधा,जाम से बचाव उत्तम कानून व्यवस्था और सड़कों के रखरखाव के दृष्टिगत...

# पैंठ बाजारों को नियमित होना और अन्य खुले स्थानों में लगाना चाहिए: डॉ.अतुल कुमार जैन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गाजियाबाद ।** पिछले कुछ दिनों से गाजियाबाद शहर में साप्ताहिक पेंठ बाजार को लेकर उठ रही बातों के संबंध में गाजियाबाद लोहा विक्रेता मंडल के अध्यक्ष और टेक्निकल इंस्टीट्यूशंस फाउंडेशन ऑफ उत्तर प्रदेश के महासचिव डॉ.अतुल कुमार जैन का कहना है कि साप्ताहिक पैठ बाजार शहरों और कस्बों में वहां के जरूरतमंद गरीब और मजदूरों को आवश्यक वस्तुओं को खरीदने के लिए लगाए जाते रहे हैं । गाजियाबाद का जिस तरह से तेजी से विकास हुआ है उसके अनुसार पैठ बाजारों को लगाने की प्रक्रिया स्थान इत्यादि में भी परिवर्तन की आवश्यकता है । गाजियाबाद पूर्व में एक औद्योगिक नगरी के रूप में जाना जाता था समय के साथ शिक्षा के क्षेत्र में भी विकास हुआ और बहुत सारे शैक्षणिक संस्थान यहां पर गाजियाबाद के प्रमोटर्स द्वारा खोले गए,अब गाजियाबाद का विकास औद्योगिक और एक शैक्षिक नगर के रूप में हुआ है, यहां पर रोजगार प्रदान करने हेतु काफी सारे औद्योगिक क्षेत्रों उद्योग,कारखाने व्यावसायिक प्रतिष्ठान,स्थापित हैं और तकनीकी एवं प्रबंधन के साथ-साथ मेडिकल की शिक्षा प्रदान करने हेतु काफी बड़ी संख्या में शैक्षणिक संस्थान स्थापित हैं। जनसंख्या के घनत्व को भी देखा जाए तो काफी तेजी से प्रदेश और देश के विभिन्न स्थानों से रोजगार की तलाश में गाजियाबाद की ओर भारी संख्या में पलायन हुआ है उसी कारण यहां पर उनको उपयुक्त स्थान देने के क्रम में सड़कों का और ऊंची ऊंची बिल्डिंग्स का भी निर्माण हुआ है । गाजियाबाद विकास प्राधिकरण,आवास विकास, नगर निगम, जिला प्रशासन, पुलिस प्रशासन एवं अन्य विभिन्न विभागों द्वारा लगातार गाजियाबाद के विकास में विभिन्न योजनाएं को बनाकर एक आदर्श शहर के रूप में विकसित करने के लिए महत्वपूर्ण भूमिका निभाई जा रही है । प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी की सरकार में गाजियाबाद पुलिस कमिश्नरेट के प्रथम कमिश्नर अजय कुमार मिश्रा की कार्यप्रणाली में पुलिस विभाग ने जनपद में अपराधों पर काफी अंकुश लगाया ही है और इस वजह से व्यापारियों उद्यमियों और आमजन में भय मुक्त का वातावरण पैदा हुआ है संपूर्ण उत्तर प्रदेश राज्य में गाजियाबाद पुलिस कमिश्नरेट का टॉप 10 में आना भी गर्व की बात है और लगातार डायल 112 में पिछले लगभग 24 महीनों से संपूर्ण उत्तर प्रदेश राज्य में गाजियाबाद कमिश्नरेट प्रथम स्थान बनाए हुए हैं ये सभी कार्य पुलिस विभाग की कार्यप्रणाली दर्शाते हैं इसलिए प्रशंसा योग्य और सराहनीय हैं ।



साप्ताहिक पैठ बाजार लगने के संबंध में मानना है कि बीच सड़क पर और आवासीय क्षेत्र में लगाए जाने वाले साप्ताहिक पैठ बाजारों से समस्या ही उत्पन्न होती हैं पूर्व में जब उतनी अधिक घनी आबादी उस क्षेत्र में नहीं थी तब तो उपयुक्त था वहां पर पैठ बाजार लगाना । परंतु आज की परिस्थितियों को देखते हुए परिवर्तन एक प्रकृति का सतत नियम है और विकास के क्रम में आवश्यक भी है कि सड़कों पर पैठ बाजार न लगाए जाएं। सड़कों पर साप्ताहिक पैठ बाजार लगाए जाने से सरकार द्वारा वहां के निवासियों द्वारा कर के रूप में उद्यमियों,व्यापारियों द्वारा और विभिन्न कर्मचारीयों द्वारा दिए गए कर के पैसे द्वारा निर्मित कराई गई सड़कों को क्षति होती है वहीं आवागमन में भी असुविधा होती है केवल वहां के निवासियों को ही नहीं उस क्षेत्र से गुजरने वाले आम राहगीरों को भी परेशानी होती है और बाजार से सामान खरीदने आने वालों के साथ-साथ पैठ के दुकानदारों को भी बड़ी असुविधा का सामना करना पड़ता है और कई बार तो यह देखने में आया है कि उस क्षेत्र में निवास करने वाले परिवारों को अपने घर तक पहुंचने में बहुत मशक्कत करनी पड़ती है और कहां सुनी होने के कारण कानून व्यवस्था की भी स्थिति बिगड़ने की संभावना बनी रहती है। ट्रैफिक जाम की भी समस्या उत्पन्न होती है और क्षेत्र में यदि कोई दुर्घटना या अपराध होता है तो सहायता पहुंचाने में भी देरी होने की संभावना रहती है ।इसलिए उपरोक्त सभी समस्याओं को ध्यान में रखते हुए सभी के हित में यही रहेगा कि यदि क्षेत्रों के अनुसार उपयुक्त स्थानों को चिन्हित किया जाए और दुकानदारों को वहां पर पैंठ बाजार लगाने के कुछ औपचारिक अधिकार प्रदान किए जाएं क्योंकि उनकी रोजी-रोटी भी चलती रहे और वह अपने परिवारों को भी पालने हेतु कार्यरत रहें और जरूरतमंदों को भी जो इस तरह के बाजारों से खरीददारी करते हैं उनको भी सुविधा बनी रहे। संज्ञान में है कि कुछ समय पूर्व शास्त्री नगर चौराहे से इर्द-गिर्द लगने वाले साप्ताहिक पैंठ बाजार का धीरे-धीरे विस्तार हो गया था और यह बाजार कवि नगर रामलीला मैदान को जाने वाली सड़क पर कवि नगर तक बढ़ते बढ़ते फैल गया था परंतु इस सड़क के दोनों ओर निवास करने वाले निवासियों ने पुरजोर विरोध किया और काफी कहा सुनी के बाद वह बाजार लगना बंद हो गया था ।२

# केनरा बैंक ने ग्राहकों का किया जागरूक

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**धौलाना (संजीव वशिष्ठ)।** केनरा बैंक ने अपने ग्राहकों को ज्यादा से ज्यादा निशुल्क सुविधाओं देने वाला कृष ऐप लाया है। इसके



अंतर्गत वरिष्ठ नागरिक, महिलाओं व युवाओं को शामिल किया गया है। बैंक ने इस प्रकार का आयोजन दो जनपदों को मिलाकर के बुलंदशहर में किया।
अलका होटल में आयोजित कार्यक्रम में आगरा से पधारे केनरा बैंक के मुख्य प्रबंधक रजनीकांत ने कहा बैंक अपने ग्राहकों को सुविधा देने में उन पर कोई एहसान नहीं कर रहा है यह समय की मांग है। जोकि बैंक दे रहा है। इस प्रकार की सुविधा देने वाला यह पहला बैंक है। हापुड़ रीजन से पधारे क्षेत्रीय प्रबंधक रजनीकांत ने कहा इस प्रकार का आयोजन बैंक द्वारा पहली बार किया गया है और यह पूरे देश में बैंक के बचत खाता धारकों को जानकारी देने के लिए अभियान चल रहा है। ९०० के लगभग बचत खाता धारक इस योजना में चयन किया गया है। ग्राहकों को जानकारी देने के लिए नुक्कड़ नाटक, गीत आदि कार्यक्रम के माध्यम से विस्तार से जानकारी दी गई।

इस दौरान उप प्रबंधक हरित, लक्ष्मीकांत, मीनाक्षी शर्मा मौजूद रही। कार्यक्रम में बैंक के पुराने खाता धारक वयोवृद्ध सेवा निवृत्त अध्यापक कुंवर सैन गुप्ता, प्रधान संजय कोरी, ट्रांसपोर्टर शरद अग्रवाल आदि को मंडल प्रबंधक ने उनकी सीट पर पहुंचकर के उपहार किट प्रदान की।

# लिसड़ी गांव के ग्रामीणो ने फसलों को नुकसान पहुंचाने को लेकर 10 गोवंशों को बनाया बंधक

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गढ़मुक्तेश्वर (गुफरान अली) ।** भारतीय किसान यूनियन के द्वारा किसानों के खेतों में फसलों को नष्ट करने को लेकर कई बार शासन प्रशासन के अधिकारियों से वार्ता की जा चुकी है।जिसमें संबंधित ब्लाक के अधिकारी कई बार पीड़ित किसानों को आवारा पशु गोवंशों से निजात दिलाने को लेकर आश्वासन दे चुके हैं। लेकिन आज तक भी अपनी कसौटी पर खरे नहीं उतरे हैं। ऐसा ही एक मामला आज भी देखने को मिला है जिसमें गढ़मुक्तेश्वर ब्लॉक के अंतर्गत आने वाले गांव भगवती उर्फ लिसड़ी में किसानों की फसलों को नुकसान पहुंचा रहे।दस गोवंश पशुओं को ग्रामीणों के द्वारा एक घेर में लाकर बंद कर दिया गया और इसकी सूचना सिंभावली पुलिस और गढ़मुक्तेश्वर ब्लाक अधिकारियों को दी गई। लेकिन ब्लॉक का कोई भी अधिकारी कर्मचारी मौके पर नहीं पहुंचा।इंतजार करने के उपरांत ग्रामीणों ने उनको फिर से बंधन मुक्त कर दिया। वही पीड़ित किसानों और ग्रामीण ने चेतावनी देते हुए कहा है कि यदि अधिकारियों ने आवारा गोवंश पशुओं से निजात दिलाने का कोई ठोस कदम नहीं उठाया तो वह इन पशुओं को पड़कर ब्लॉक में पहुंचाने का कार्य करेंगे।





# यूपी बोर्ड परीक्षा-2025: बोर्ड परीक्षा संपन्न कराने को डीआईओएस ने बीएसए से मांगे 600 शिक्षक

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**हापुड़।** आगामी 24 फरवरी 2025 से शुरू होने जा रही उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की हाईस्कूल व इंटरमीडिएट परीक्षा संपन्न कराने के

- कक्ष निरीक्षक के रूप में किये जाते है,बेसिक स्कूलों के शिक्षक
- जनपद में 40 केन्द्रों पर देंगे 28524 स्टूडेंट्स बोर्ड परीक्षा देंगे

लिए जिला विद्यालय निरीक्षक ने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को पत्र भेजकर शिक्षकों की डयूटी कक्ष निरीक्षकों के रूप में लगाने के लिए 475 शिक्षकों मांग की है। इतने शिक्षकों की डयूटी बोर्ड परीक्षा में लगने से परिषदीय स्कूलों की पढ़ाई प्रभावित हो सकती है।

आपको बता दें कि उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की हाईस्कूल व इंटरमीडिएट की बोर्ड परीक्षा आगामी 24 फरवरी से शुरू होने जा रही है। जिसमें 10 दिन का समय शेष बचा है। वर्ष 2025 की बोर्ड परीक्षा में दसवीं व बारहवीं के व्यक्तिगत व संस्थागत रूप में 28524 छात्र छात्राएं शामिल होंगे। बोर्ड परीक्षा संपन्न कराने के लिए जनपद में 40 कालेजों को परीक्षा केन्द्र बनाये गये है। जिला विद्यालय निरीक्षक डा.विनिता ने बताया कि 10वीं व 12वीं की बोर्ड परीक्षा शांतिपूर्ण संपन्न कराने व्यापक स्तर पर तैयारी की जा रही है। उन्होंने बोर्ड परीक्षा संपन्न कराने के लिए जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को पत्र भेजकर 475 शिक्षकों की मांग की है। कक्ष निरीक्षकों के रूप में बेसिक शिक्षकों को भी लगाया जायेगा। बोर्ड परीक्षा संपन्न कराने के लिए जनपद में करीब 1725 शिक्षकों की डयूटी लगाई जायेगी। गौरतलब है,कि जनपद के हापुड़, धौलाना, सिंभावली व गढ़मुक्तेश्वर ब्लाक में संचालित परिषदीय स्कूलों में करीब दो हजार से अधिक शिक्षक बच्चों को शिक्षा प्रदान कर रहे है। इस स्थिति में 475 शिक्षकों की डयूटी बोर्ड परीक्षा में लगने इस स्कूलों में बच्चों की शिक्षा प्रभावित हो सकती है।



रीतु तोमर व पीके उपाध्याय

इस सम्बंध में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी रीतु तोमर ने बताया कि डीआईओएस द्वारा बोर्ड परीक्षा संपन्न कराने के लिए 475 शिक्षकों की मांग की है। शिक्षकों की डयूटी बोर्ड परीक्षा में लगने से बेसिक स्कूलों में बच्चों की शिक्षा प्रभावित नहीं होगी। विद्यालयों में पर्याप्त संख्या में शिक्षक व शिक्षामित्र कार्यरत है।

# महिला आयोग सदस्या ने की जनसुवाई...एकेपी इंटर कालेज व केजीबीवी का किया औचक निरीक्षण

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**हापुड़।** गुरुवार को उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की सदस्य मीनाक्षी भराला की अध्यक्षता में मेरठ रोड स्थित सिंचाई विभाग गेस्ट हाउस सभागार में जनसुनवाई का कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें जनपद में हिंसा से पीड़ित 18 महिलाओं की जनसुनवाई की।





उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की सदस्य मीनाक्षी भराला ने जन सुनवाई कार्यक्रम में पारिवारिक विवाद , दहेज उत्पीड?, मारपीट संबंधित, महिलाओं के केस सुनकर संबंधित थानों के प्रभारी को तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं। जनसुनवाई कार्यक्रम के बाद सदस्य मीनाक्षी भराला ने स्वर्ग आश्रम रोड स्थित आर्य कन्या पाठशाला एवं कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय का औचक निरीक्षण कर सम्बंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। इस अवसर पर उप जिला अधिकारी,मुख्य चिकित्सा अधिकारी, जिला सूचना अधिकारी, क्षेत्राधिकारी नगर,महिला थाना प्रभारी,पंचायती राज विभाग ,जिला विद्यालय निरीक्षक,जिला कार्यक्रम अधिकारी,जिला प्रोवेशन अधिकारी,पंकज यादव कनिष्ठ सहायक, मनीष, अमित संरक्षण अधिकारी, रिंकू सिंह सामाजिक कार्यकर्ता,रोहित सिंह आउटरीच कार्यकर्ता,सोनिया प्रभारी वन स्टॉप सेंटर के साथ अन्य अधिकारी वा कर्मचारी उपस्थित रहे।

# विद्युत तार चोर गिरोह का पर्दाफाश, 8 सदस्य गिरफ्तार,एक फरार

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**हापुड़,गढ़मुक्तेश्वर।** जनपद के थाना गढ़मुक्तेश्वर पुलिस ने विद्युत तार चोरी करने वाले गिरोह का पदार्फाश करते हुए गिरोह के आठ सदस्यों को

**36 कुंतल विद्युत तार,तार काटन के उपकरण,अवैध असलाह,2 गाड़ी बरामद**

गिरफ्तार कर लिया। जिनके कब्जे से 36 कुंतल विद्युत तार,तार काटने के उपकरण,अवैध असलाह व घटना में प्रयुक्त दो महेन्द्रा पिकअप गाड़ी बरामद की। अपर पुलिस अधीक्षक विनीत भटनागर ने पत्रकार वार्ता में बताया कि पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर जनपद में विद्युत तार चोरों की गिरफ्तारी के लिए चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। जिसमें गढ़मुक्तेश्वर थाना पुलिस ने स्याना रोड से बागड़पुर को जाने वाले कट के निकट से विद्युत




तार चोर गिरोह के आठ सदस्यों को गिरफ्तार कर लिया। जबकि एक चोर फरार होने मेंसफल रहा। जिनके कब्जे से 36 कुंतल विद्युत तार,तार काटने के उपकरण,अवैध असलाह व घटना में प्रयुक्त दो महेन्द्रा पिकअप गाड़ी बरामद की है। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार चोरों के नाम सरजीत पुत्र कलवा, सुरेन्द्र पुत्र मदन, सुभाष पुत्र जयपाल, रोहित पुत्र राजेन्द्र, सुमित पुत्र चरन सिंह, रविन्द्र पुत्र किशोर निवासी जनपद अमरोहा, करन पुत्र श्याम सिंह व जिशान पुत्र सलीम निवासी न्यू सीलमपुर दिल्ली व फरार चोर का नाम राहिल कबाड़ी निवासी दिल्ली फरार होने में सफल रहा। एएसपी ने बताया कि गिरफ्तार तार चोरों के विरुद्ध हापुड़ व जनपद अमरोहा में चोरी,विद्युत अधिनियम के करीब एक दर्जन अभियोग पंजीकृत है।

# दिल्ली विधान सभा चुनाव में भाजपा की जीत पर बांटी मिठाइयां

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**हापुड़।** डा.एपीजे अब्दुल कलाम सोसाइटी के चेयरमैन व भारतीय जनता पार्टी अल्पसंख्यक मोर्चे के जिला उपाध्यक्ष मौ.दानिश कुरैशी ने दिल्ली विधान चुनाव में भाजपा की ऐतिहासिक जीत को लेकर दिल्ली की जनता को बधाई देते हुए कहा कि यह जीत जनता की जीत है,जो देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के चेहरे और उनकी लहर की वजह से मिली

उन्होंने कहा कि नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में 27 साल बाद भाजपा ने 48 सीट जीत कर ऐतिहासिक जीत हासिल की,आम आदमी पार्टी सिर्फ झूठ का सहारा लेती है तभी तो जनता ने देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर विश्वास करके दिल्ली में भाजपा की सरकार बनाई और आम आदमी पार्टी को शिकस्त दी।

सिकंदर गेट डॉ एपीजे अब्दुल कलाम चौक पर मुस्लिम समुदाय ने दिल्ली में भाजपा की ऐतिहासिक जीत पर एक दूसरे को मिठाई खिलाकर जीत की खुशी मनाई।
सोसाइटी के चेयरमैन व भाजपा नेता मौ दानिश कुरैशी ने जानकारी देते हुए बताया कि




भारतीय जनता पार्टी अल्पसंख्यक मोर्चे के यशस्वी राष्ट्रीय अध्यक्ष जमाल सिद्दीकी जी,राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एस एम अकरम जी,पूर्व राष्ट्रीय उपाध्यक्ष राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग भारत सरकार आतिफ रशीद,रिजवान मीर आदि अल्पसंख्यक मोर्चे के पदाधिकारियों ने दिन-रात एक कर भाजपा को नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में ऐतिहासिक जीत दिलाने का कार्य किया,दिल्ली में मुस्लिम समुदाय ने भी आम आदमी पार्टी व कांग्रेस को निकारते हुए भारतीय जनता पार्टी को वोट किया, दूसरी और उपचुनाव में अयोध्या की मिल्कीपुर विधानसभा कि भाजपा द्वारा सीट जीते जाने पर दानिश कुरैशी ने कहा कि इस बात से यह प्रमाण होता है कि जनता का विश्वास भारतीय जनता पार्टी पर बना हुआ है निश्चित रूप से 2027 में भी भारतीय जनता पार्टी की सरकार उत्तर प्रदेश में फिर तीसरी बार बहुमत से बनेगी। इस मौके पर भारतीय जनता पार्टी अल्पसंख्यक मोर्चे के जिला उपाध्यक्ष दानिश कुरेशी, बूथ अध्यक्ष राशिद अली, इलियास अब्बासी, मोहम्मद अहमद, खालिद जिलानी, नफीस अहमद,जानू सलमानी बुल्टा,अख्तर मालिक, डा दिलशाद अली,कारी शहजाद, चौधरी नदीम अली,इरफान शेख, अकरम अब्बासी, फाजिल सैफी, जावेद चौधरी, ताहिर सैफी आदि उपस्थित रहे।

**प्रदर्शन** | फैक्ट्रियों का संचालन बंद होने से 30 करोड़ के राजस्व का नुकसान

# फैक्ट्रियों की जांच के विरोध में उद्यमियों ने फैक्ट्री बंद रखाकर किया प्रदर्शन,नारेबाजी

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**हापुड़/धौलाना।** मसूरी-गुलावठी औद्योगिक क्षेत्र में नौ विभागों द्वारा की जा रही फैक्टरियों की जांच के विरोध में गत बुधवार को उद्यमियों ने जमकर हंगामा करते हुए प्रदर्शन किया। फैक्टरियों को बंद रखकर उद्यमियों ने सड़क पर उतरकर रोष जताया। इस कारण करीब 30 करोड़ के राजस्व के नुकसान का अनुमान एसोसिएशनों ने लगाया है। इस बंद के समर्थन में एमजीआर इंडस्ट्रिलिस्ट वेलफेयर एसोसिएशन और मसूरी-गुलावठी रोड इंडस्ट्रीयल एसोसिएशन रहीं। जबकि, उद्योग बंधु वेलफेयर एसोसिएशन बंद के विरोध में रही। जिस कारण इस एसोसिएशन से जुड़ी फैक्टरियों का संचालन हुआ। शाम के समय कलक्ट्रेट में हुई बैठक के बाद भी कोई नतीजा नहीं निकल सका है। हालांकि, उद्यमियों ने जांच को रोकने और एनओसी की कार्रवाई पूरी करने के लिए छह माह के समय की मांग की है।

गत बुधवार की सुबह से ही एमजीआर इंडस्ट्रिलिस्ट वेलफेयर एसोसिएशन और मसूरी-गुलावठी रोड इंडस्ट्रीयल एसोसिएशन के पदाधिकारी व सदस्य सड़क पर एकत्र होना शुरू



हो गए। सभी ने एक-एक कर फैक्टरियों पर तालाबंदी की। वहीं, दूसरी ओर उद्योग बंधु वेलफेयर एसोसिएशन के पदाधिकारी व सदस्य फैक्टरियों को खुलवाने में लगे रहे। इस एसोसिएशन से जुड़ी करीब 25 प्रतिशत फैक्टरियों में काम हुआ। इस क्षेत्र में करीब 1768 फैक्टरी पंजीकृत हैं। एमजीआर इंडस्ट्रिलिस्ट वेलफेयर एसोसिएशन के अध्यक्ष दीपक शर्मा ने कहा कि यूपीसीडा और जिला प्रशासन के बीच हुए आपसी मतभेद के कारण औद्योगिक क्षेत्र में संचालित इकाइयों के संचालकों को परेशान किया जा रहा है। यूपीसीडा द्वारा अपने दायित्वों का सही प्रकार से निर्वहन न करने के कारण औद्योगिक क्षेत्र बदहाल है। प्रदर्शन के दौरान उद्यमियों ने एक स्वर में कहा कि प्रशासन द्वारा की जा रही जांच रोकी जाए। जांच करने के तरीके सही नहीं है। जिस पर उद्यमियों को आपत्ति है। इस दौरान सचिव धीरज तोमर,अतुल बाटला, नितिन गोयल, कपिल गर्ग ,घनश्याम अग्रवाल, गुड्डू भाई, मोहित सिंह, अजय सिंह, उपस्थित रहे।

कलक्ट्रेट में एडीएम संदीप कुमार की अध्यक्षता में बैठक हुई, जिसमें एसडीएम और यूपीसीडा के आरएम भी मौजूद रहे। मसूरी- गुलावठी रोड इंडस्ट्रियल एसोसिएशन के सचिव विपिन मोहन गर्ग ने बताया कि बैठक में सभी मुद्दों को रखा गया। जांच को छह माह के लिए रोकने की मांग की गई है। जिससे कि छह माह के अंदर सभी एनओसी ले ली जाए। बैठक में पंजीयन से अलग दूसरी प्रकार की फैक्टरी के संचालन का मुद्दा प्रशासन की ओर से रखा गया। इस पर सभी उद्यमियों ने कहा कि ऐसे लोगों पर कार्रवाई हो, वह इसके पक्ष में नहीं हैं। गत बुधवार को बहुत सी फैक्टरियों के श्रमिक काम पर नहीं आए। जबकि, जिन फैक्टरियों के श्रमिक पहुंचे। उन्होंने पहली शिफ्ट में आराम किया। इसके बाद धरना देकर बहुत से श्रमिक चले गए। जबकि, दूसरी शिफ्ट में कुछ फैक्टरियों में काम भी हुआ। फैक्टरी बंद रहने का असर ऊर्जा निगम पर भी पड़ा है। रीडिंग की खपत करीब 50 प्रतिशत कम हुई। हालांकि, विभाग करीब 20 प्रतिशत का असर बता रहा है। आशु सिंघल,अध्यक्ष,उद्योग बंधु वेलफेयर एसोसिएशन ने कहा कि बंद कोई समस्या का समाधान नहीं है। उद्योग बंद न हो और पलायन न हो, इसके लिए डीएम से मुलाकात की थी। यूपीसीडा की जांच में सेटबैक के नियम को शामिल न किया जाए, यह नियम बदलने चाहिए। इसके कारण बहुत सारे उद्यमी कई एनओसी नहीं ले पा रहे हैं। हमने इसका विरोध जताया है। एडीएम संदीप कुमार ने बताया कि उद्यमियों के साथ बैठक हुई है। प्रशासन नियमों और सुरक्षा मानकों का पालन करने व सभी एनओसी को तुरंत लेने के पक्ष में है। इसमें किसी प्रकार की कोई छूट नहीं दी गई है।

# एकलव्य सहारा ने हापुड़ के दो मुद्दों को दिल्ली में प्रमुखता से उठाया

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**हापुड़।** रामगढिया बोर्ड उत्तर प्रदेश के पश्चिमी प्रदेश अध्यक्ष



एकलव्य सिंह सहारा ने राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष इकबाल सिंह लालपुरा से दिल्ली में हापुड़ के दो विशेष मुद्दों को लेकर मुलाकात कर समाधान कराने की मांग की।

गुरुवार को एकलव्य ने बताया कि पिछले कुछ वर्षों से ट्रेन संख्या 14674 शहीद एक्सप्रेस,जो बिहार दरभंगा से हापुड़ होकर अमृतसर दरबार साहिब जाने वाली एकमात्र ट्रेन थी। जिसका रूट बदल दिया गया है,जिससे सिख समुदाय के सभी श्रद्धालुओं को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है, इसे दोबारा उसी पुराने रूट पर शुरू किया जाए। दूसरा मुद्दा कि रामगढि?া सिख समुदाय के अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) जाति प्रमाण पत्र बनाने में प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा एक बड़ी समस्या उत्पन्न हो रही है। इस समस्या का समाधान भी शीघ्र कराया जायें। इस अवसर एकलव्य सिंह सहारा,चरणजीत सिंह, बलजिंदर सिंह, पोरस चा, वासु,युक्ति राठी आदि मौजूद रहे।

सम्पादकीय

# विदेश जाकर पैसा कमाना आसान रास्ता नहीं



अब्दुल सलाम सैफी
संपादक

हाल में अमेरिका से 104 आप्रवासी भारतीयों को हथकडियां और बेडियां लगा कर भारत डिपोर्ट कर दिया गया। ये 104 उन लोगों में से थे जो या तो अवैध रूप से अमेरिका में प्रवेश करने की कोशिश कर रहे थे या अपनी वीजा अवधि समाप्त होने के वे पश्चात वहीं रह रहे थे और अमेरिकी प्रशासन के कड़े आव्रजन नियमों की गिरफ्त में आ गए। अवैध रूप से अमेरिका जाने का जो तरीका सबसे अधिक चर्चा में है, उसे 'डंकी रूटइ कहा जाता है। इस रूट के जरिए अमेरिका पहुंचने की कोशिश करने वालों को जोखिमों का सामना करना पड़ता है-जान का खतरा, लूट-खसोट, यौन शोषण, गिरोहों द्वारा बंधक बनाए जाने जैसी घटनाएं आम हैं। सच्चाई यह है कि यह स्वर्गिक आनंद उठाने का नारकीय मार्ग है। जो व्यक्ति डंकी रू ट से अमेरिका जाने की योजना बनाता है, उसे औसतन 40 से 50 लाख रु पये खर्च करने पड़ते हैं। यह पैसा एजेंटों, फर्जी दस्तावेज, यात्रा और अन्य व्यवस्थाओं में लग जाता है। लेकिन इस मोटी रकम के बावजूद कोई गारंटी नहीं कि व्यक्ति सुरक्षित अमेरिका पहुंच ही जाएगा। अमेरिका तक पहुंचने के लिए कई देशों से होते हुए बेहद खतरनाक सफर तय करना पड़ता है। इसमें आम तौर पर दुबई, रूस, यूरोप, दक्षिण अमेरिका और फिर मैक्सिको जैसे देशों का रास्ता लिया जाता है। मैक्सिको से अमेरिका की सीमा पार करना सबसे खतरनाक पड़ाव होता है। यहां कई बार लोगों को मानव तस्कर गिरोहों के हाथों लूट लिया जाता है, महिलाओं के साथ रेप की घटनाएं आम हैं, और कई बार लोगों को बंदी बना कर फिरौती मांगी जाती है। यह यात्रा इतनी कठिन होती है कि कई लोग इसे पूरा करने से पहले ही दम तोड़ देते हैं। अमेरिका और मैक्सिको की सीमा पर रेगिस्तान और जंगलों में हर साल सैकड़ों शव पाए जाते हैं, जो इस खतरनाक सफर की भयावहता दशार्ते हैं। अगर कोई खतरनाक सफर के बाद अमेरिका पहुंच भी जाता है, तो भी मुश्किलें खत्म नहीं होतीं। उसे या तो राजनीतिक शरण का दावा करना पड़ता है या कोई और बहाना बनाना पड़ता है ताकि अमेरिका में रह सके। राजनीतिक शरण पाने के लिए लोग अक्सर झूठे दावे करते हैं। कई लोग भारत में राजनीतिक उत्पीडन का झूठा दावा करते हैं-कहते हैं कि उनकी जान को खतरा है, उनके परिवार को प्रताड़ित किया जा रहा है, या भारत में उन्हें धार्मिक या जातिगत भेदभाव का सामना करना पड़ रहा है। कुछ तो यहां तक कह देते हैं कि उनके अपने माता-पिता ही उनके दुश्मन हैं ताकि वे अमेरिका में अपने ठहरने के लिए कोई ठोस आधार बना सकें। हालांकि, अमेरिका की नई आव्रजन नीति अब ऐसे झूठे दावों को परखने के लिए और अधिक सख्त हो चुकी है। किसी का दावा गलत पाया जाता है, तो उसे न सिर्फ डिपोर्ट कर दिया जाता है, बल्कि आजीवन अमेरिका में प्रवेश की अनुमति भी नहीं मिलती। भारत में, खासकर पंजाब, गुजरात और हरियाणा में, हजारों एजेंट सक्रिय हैं, जो लोगों को अमेरिका, कनाडा और यूरोप भेजने का झांसा देते हैं। ये एजेंट लोगों से 30-50 लाख रु पये तक वसूलते हैं, और उन्हें यकीन दिलाते हैं कि वे किसी न किसी तरह अमेरिका पहुंच ही जाएंगे। लेकिन वे किसी की सुरक्षा या कानूनी स्थिति की गारंटी नहीं देते। जब लोग किसी मुसीबत में फंसते हैं, तो एजेंट उनसे कोई संपर्क नहीं रखते और कई बार फरार हो जाते हैं। जो लोग डंकी रूट से अमेरिका जाने की कोशिश करते हैं, वे अपनी ही नहीं, बल्कि अपने परिवार की जिंदगी भी दांव पर लगा देते हैं। जब डिपोर्ट हो जाते हैं, तो उनका परिवार आर्थिक संकट में आ जाता है। घर-जमीन तक बिक जाते हैं, कर्ज का बोझ बढ़ जाता है, और समाज में बदनामी का डर अलग से रहता है। डंकी रूट पर गए कई लोग रास्ते में लापता भी हो जाते हैं, या मारे जाते हैं। उनके परिवार वर्षो तक नहीं जान पाते कि उनके बेटे या भाइयों का क्या हुआ। अवैध आप्रवासन की समस्या से निपटने के लिए जरूरी है कि लोगों को इसके खतरों के बारे में जागरूक किया जाए। सरकार को भी चाहिए कि ऐसे एजेंटों पर कड़ी कार्रवाई करे और युवाओं के लिए देश में ही रोजगार के बेहतर अवसर प्रदान करे। युवाओं को भी समझना होगा कि विदेश जाकर पैसा कमाना आसान रास्ता नहीं है। अगर वे कानूनी तरीके से विदेश जाना चाहते हैं, तो उन्हें सही प्रक्रिया का पालन करना चाहिए। अवैध आप्रवासन को उचित नहीं ठहराया जा सकता। अवैध आप्रवासन का अंत दुखद ही होता है। यह सपना भले ही सुनहरा दिखे, लेकिन इसकी असलियत बेहद भयावह होती है।

# अधूरा न्याय: जल रही है संघर्ष की मशाल!



संजय पराते

आरजी कर मामले में सियालदाह कोर्ट के फैसले ने कोलकाता पुलिस, राज्य प्रशासन और सीबीआई की भूमिका पर कई सवाल खड़े कर दिए हैं। संजय रॉय को हत्या और बलात्कार के मुख्य अपराधों के लिए दोषी ठहराया गया है और आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई है, लेकिन यह फैसला खुद सीबीआई जांच में कई खामियों की ओर इशारा करता है। संजय रॉय को एकमात्र अपराधी मानना कई सवालों को अनुत्तरित छोड़ देता है।

**अनुत्तरित सवाल**

सबसे पहले, कोलकाता पुलिस ने घटना के बाद रात में ही संजय को गिरफ्तार कर लिया था। मुख्यमंत्री ने उसे मुख्य आरोपी घोषित किया था और कहा था कि उनकी पार्टी और सरकार उसे फांसी पर लटकाना चाहती है। अगर ऐसा था, तो पीड़ित के माता-पिता को अस्पताल में तीन घंटे तक क्यों इंतजार करवाया गया, उन्हें अपने बच्चे के शव तक पहुंचने से क्यों रोका गया? पुलिस ने स्वास्थ्य सिंडिकेट के सदस्यों को उन तीन घंटों के दौरान सेमिनार हॉल में क्यों खुलेआम घूमने दिया? डीसी सेंट्रल ने पुलिस फिंगर प्रिंट विशेषज्ञों की तस्वीरों को क्रॉप करके क्यों पेश करने की कोशिश की? सभी नियमों को तोड़ते हुए रातों-रात पोस्टमार्टम क्यों किया गया? जब परिवार शव को सुरक्षित रखना चाहता था, तो पुलिस ने जल्दबाजी में उसका अंतिम संस्कार क्यों किया? डीसी नॉर्थ ने मृतक की मां को बड़ी रकम देने की कोशिश क्यों की? शव से लिए गए नमूनों को चार दिन बाद फोरेंसिक प्रयोगशाला में क्यों भेजा गया? संजय को 10 अगस्त को गिरफ्तार कर लिया गया था, तो फिर आरजी कर के तत्कालीन प्रिंसिपल संदीप घोष ने स्वास्थ्य सचिव और स्वास्थ्य शिक्षा निदेशक के आदेश पर, सभी सरकारी प्रक्रियाओं की अनदेखी करते हुए, 13 अगस्त को जल्दबाजी में छाती विभाग से सटे शौचालय को क्यों ध्वस्त कर दिया? 14 अगस्त की रात को चालीस हथियारबंद बदमाशों को आरजी कर में घुसकर सेमिनार कक्ष में तोड़फोड़ करने की अनुमति क्यों दी गई, जबकि पुलिस मूकदर्शक बनी रही? यदि संजय रॉय ही एकमात्र अपराधी था, तो केंद्रीय फोरेंसिक प्रयोगशाला की रिपोर्ट में मृतक डॉक्टर के निजी अंगों से लिए गए नमूनों में कई डीएनए नमूने क्यों पाए गए? ये डीएनए किसके थे और उनकी जांच क्यों नहीं की गई? शुरू से ही आरोप लगाया जा रहा था कि आरजी कर अस्पताल में हुई यह भयावह घटना एक सुनियोजित और सामूहिक अपराध है। घटनास्थल और पोस्टमार्टम की शुरूआती रिपोर्ट भी इस ओर इशारा करती है। डीएनए विश्लेषण रिपोर्ट सहित केंद्रीय फोरेंसिक विज्ञान प्रयोगशाला (सीएफएसएल) की रिपोर्ट, तथा बहु-संस्थागत मेडिकल बोर्ड (एमआईएमबी) की अंतरिम रिपोर्ट ने इस असाधारण हत्या और बलात्कार के असली अपराधियों को बचाने की राज्य की साजिश को और उजागर कर दिया है। इसलिए, आम लोगों ने इस खंडित न्याय को स्वीकार करने से इंकार कर दिया है।

सियालदह कोर्ट के फैसले से राज्य प्रशासन, कोलकाता पुलिस और सीबीआई द्वारा अक्षमता, उदासीनता और कानून की अवहेलना करने का एक पैटर्न सामने आता है। कोलकाता पुलिस के दो अधिकारियों पर कदाचार के गंभीर आरोप लगे हैं, जिनमें एक महिला अधिकारी भी शामिल है, जिसने संजय रॉय की गिरफ्तारी के तुरंत बाद उनके मोबाइल फोन को अवैध रूप से जब्त कर लिया था। इससे डिवाइस से कॉल लॉग जैसे महत्वपूर्ण सबूतों को संभवतः नष्ट करने के बारे में चिंता पैदा होती है। संजय के वकील ने इससे भी बड़ी साजिश का खुलासा किया है। संजय के बचाव के लिए राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा नियुक्त वरिष्ठ वकील ने वास्तव में अदालत में सीबीआई के तर्कों को दोहराया है, जैसा कि उनके कनिष्ठ सहयोगी ने मीडिया के सामने खुलासा किया। दूसरे शब्दों में, सीबीआई और राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण ने संजय को एकमात्र अपराधी के रूप में स्थापित करने के लिए अदालत में एक साथ काम किया। राज्य और केंद्र सरकारों के बीच मिलीभगत, भाजपा और टीएमसी के बीच की सेटिंग अब कोई रहस्य नहीं है। मुख्यमंत्री का यह दावा कि अगर यह मामला उनकी पुलिस द्वारा संभाला जाता, तो वे मृत्युदंड सुनिश्चित कर देतीं, न्यायपालिका में राजनीतिक हस्तक्षेप का एक स्पष्ट उदाहरण है। बहरहाल, राज्य पुलिस द्वारा जिन मामलों की जांच की गई हैं, उसकी वास्तविकता एक अलग ही तस्वीर पेश करती है। कामदुनी बलात्कार मामले जैसे कई मामलों में अपराधी अब भी खुलेआम घूम रहे हैं। न्याय सुनिश्चित करने के मुख्यमंत्री के दावे तब खोखले साबित होते हैं, जब कोई हंसखाली, मध्यमग्राम, कालियाचक, रानाघाट और बारासात में दोषसिद्धि में कमी की जांच करता है। सियालदह कोर्ट द्वारा संजय रॉय को आजीवन कारावास की सजा सुनाए जाने के अगले दिन राज्य सरकार ने उसकी फांसी की सजा के लिए हाईकोर्ट में अपील की थी। दो दिन बाद सीबीआई ने भी यही अपील की। हाईकोर्ट ने राज्य सरकार द्वारा इस मामले में अपील करने के कानूनी अधिकार पर सवाल उठाया है। राज्य सरकार शुरू से ही संजय की फांसी के लिए आतुर रही है, जिसमें सीबीआई यानी केंद्र सरकार उसकी सहयोगी है। ऐसा इसलिए है, क्योंकि वे दोनों संजय को फांसी देकर एक महत्वपूर्ण गवाह को खत्म करना चाहते हैं, ताकि असली सच्चाई कभी सामने न आ पाएं और अपराधी छिपे रहें। केंद्र में भाजपा सरकार और राज्य में टीएमसी सरकार हमेशा सत्ता में नहीं रहेगी। अगर केंद्र और राज्य में लोकतांत्रिक तरीकों से नई सरकार आती है, तो संजय की गवाही लोगों के सामने असली सच्चाई लाने, सभी अपराधियों की पहचान करने और उन्हें दंडित करने में महत्वपूर्ण होगी। इसलिए, जेल में भी उसका जीवित रहना बहुत महत्वपूर्ण है। कुछ लोग तो और भी अधीर हैं और चाहते हैं कि संजय को एनकाउंटर में मार दिया जाए। अपराधियों को बचाने की टीएमसी और बीजेपी की यह साजिश लोगों के सामने उजागर हो चुकी है। इसलिए, पीड़ित परिवार, विशाल अभया आंदोलन और आम जनता अब संजय की फांसी नहीं चाहती।




**अंतहीन अक्षमता**

अभया आंदोलन में सबसे आगे रहने वाले प्रदर्शनकारी डॉक्टर नेता शुरू से ही सरकार की आंखों में खटक रहे हैं। अगस्त में ही उनमें से कुछ को लालबाजार बुलाया गया था। विरोध में हजारों डॉक्टर और नागरिक लालबाजार पहुंच गए। सरकार को मजबूरन सम्मन वापस लेना पड़ा। प्रदर्शनकारी जूनियर डॉक्टरों को परेशान करने में पुलिस अति उत्साही है, उनके खिलाफ झूठे मामले दर्ज कर रही है। इस बीच, राज्य चिकित्सा परिषद के रजिस्ट्रार, जो खुद अवैध रूप से इस पद पर हैं, ने साल्ट लेक इलेक्ट्रॉनिक कॉम्प्लेक्स पुलिस स्टेशन में चार प्रमुख वरिष्ठ डॉक्टरों के खिलाफ झूठी शिकायत दर्ज कराई है। इस मेडिकल काउंसिल पर, टीएमसी के लिए जबरन वसूली करने वाली ताकत ने, फर्जी चुनावों के जरिए कब्जा कर लिया है, जिससे संबंधित कानूनी मामले अभी भी हाईकोर्ट में लंबित हैं। ये वही सदस्य हैं, जो वायरल वीडियो में आरजी कर अस्पताल के छाती विभाग के सेमिनार हॉल में अभया के शव के चारों ओर भीड़ लगाते और सबूत मिटाने की कोशिश करते देखे गए थे। घटना स्थल पर देखे गए तृणमूल छात्र परिषद के अस्थायी रूप से निलंबित महासचिव अभिक डे इसी काउंसिल के सदस्य हैं, जिनके खिलाफ कई महिला डॉक्टरों से छेड़छाड़ और जबरन वसूली के आरोप हैं। तीन महीने पहले ही सबूतों के साथ ये आरोप स्वास्थ्य विभाग को सौंपे गए हैं। इसी मेडिकल काउंसिल ने प्रदर्शनकारी डॉक्टर नेताओं के खिलाफ थाने में झूठी शिकायत दर्ज कराई है, जिसमें उन पर उनके दैनिक काम में बाधा डालने का आरोप लगाया गया है। इस घटना से राज्य की जनता काफी गुस्से में है।

हाल ही में मिदनापुर मेडिकल कॉलेज अस्पताल में नकली सलाइन के कारण माताओं और बच्चों की हुई मौत के बाद सरकार के खिलाफ एक बार फिर जनाक्रोश भड़क उठा है। नकली दवा के कारोबार में शामिल लोगों के खिलाफ कोई कार्रवाई करने के बजाय सरकार कुछ डॉक्टरों को निलंबित करके मामले को दबाने की कोशिश कर रही है। पिछले साल मार्च में कर्नाटक सरकार ने वेस्ट बंगाल फार्मास्यूटिकल्स द्वारा निर्मित सलाइन को काली सूची में डाल दिया था और उसके ड्रग कंट्रोलर को निलंबित कर दिया था। इस राज्य की टीएमसी सरकार को चोपड़ा में उनके कारखाने का निरीक्षण करने और उन्हें सलाइन के उत्पादन पर रोक लगाने के लिए मजबूर होना पड़ा, लेकिन पहले से उत्पादित और बाजार में बिकने वाले सलाइन के उपयोग पर कोई प्रतिबंध नहीं लगाया गया। बहरहाल, राज्य के सौ से अधिक अस्पतालों के डॉक्टर पिछले एक साल से इस सलाइन की गुणवत्ता के बारे में स्वास्थ्य विभाग से शिकायत कर रहे हैं। एक मां और एक नवजात की मौत के बाद, स्वास्थ्य विभाग को कंपनी द्वारा उत्पादित सलाइन के उपयोग पर प्रतिबंध लगाने के लिए मजबूर होना पड़ा, लेकिन कंपनी या ड्रग कंट्रोलर के खिलाफ कोई कार्रवाई किए बिना सरकार ने तेरह डॉक्टरों को बलि का बकरा बना दिया। इस घटना ने एक बार फिर नकली दवा विक्रेताओं के भ्रष्टाचार के साथ सरकार के समझौते को उजागर कर दिया है।इस राज्य में बड़े पैमाने पर व्याप्त संस्थागत भ्रष्टाचार, महिलाओं के खिलाफ अनियंत्रित हिंसा और हाशिए पर पड़े यौन और लैंगिक अल्पसंख्यकों के उत्पीड़न, कार्यस्थल पर श्रमिकों और कर्मचारियों की असुरक्षा, शिक्षा और स्वास्थ्य प्रणालियों की बर्बादी, अपराधी-अनुकूल और पक्षपातपूर्ण प्रशासन और राज्य के हर कोने में धमकी की संस्कृति और डराने की राजनीति के खिलाफ कामकाजी और मध्यम वर्ग के पेशेवरों को बड़े पैमाने पर एकजुट संघर्ष चलाना होगा।यही अभया मामले सहित सभी मामलों में न्याय प्राप्त करने का एकमात्र तरीका है। राज्य के हर जिले में जन आंदोलन तेज हो रहा है। इस आंदोलन को सत्ता परिवर्तन के संघर्ष में बदलना होगा, तभी राज्य के सामाजिक-राजनीतिक संकट का निर्णायक समाधान संभव होगा।

**(लेखक प. बंगाल में अभया आंदोलन से जुड़े जी सुबर्णा, कार्यकर्ता हैं। अनुवादक अखिल भारतीय किसान सभा से संबद्ध छत्तीसगढ़ किसान सभा के उपाध्यक्ष हैं।)**

**अखबार में अपना लेख कहानी, कविता या किसी विभाग के खिलाफ शिकायत या सुझाव देने के इच्छुक हो तो बेझिझक होकर हमारे पास भेजे हैं जिसे प्रकाशन योग्य होने पर अवश्य प्रकाशित करेंगे। हमें इस ईमेल पर भेज सकते हैं। भेजते समय विषय अवश्य लिखें।**
**bulandsandesh@ gmail.Com**

**वैधानिक सूचना**

**पाठकों को सलाह दी जाती है कि बुलन्द संदेश दैनिक समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच पड़ताल कर लें, समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अतः समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।**

# परीक्षा पर चर्चा विशेष: हमेशा जीवन बोलना चाहिए,मार्क्स नहीं



प्रियंका सौरभ

"परीक्षा पर चर्चा" 2018 से एक वार्षिक कार्यक्रम रहा है। इस कार्यक्रम में, भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पूरे देश के अभिभावकों, शिक्षकों और छात्रों से बातचीत करते हैं। वे प्रवेश और बोर्ड परीक्षाओं को सहज और आसान तरीके से कैसे हल किया जाए, इस पर सलाह देते हैं। इस कार्यक्रम के प्रतिभागियों को एक प्रतियोगिता के माध्यम से चुना जाता है। इस कार्यक्रम में भाग लेने का मौका मिलने के अलावा, प्रतियोगिता के विजेताओं को प्रधानमंत्री से आमने-सामने बात करने का भी अवसर मिलता है। परीक्षा पर चर्चा का उद्घाटन संस्करण 16 फरवरी, 2018 को हुआ था। 29 जनवरी, 2024 को होने वाले 7वें संस्करण में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा, "पर्याप्त नींद लें और रील देखने में समय बर्बाद न करें।" 2025 में आयोजित होने वाले आठवें पीपीसी में इस साल परीक्षा से सम्बंधित तनाव को कम करने पर विशेष जोर दिया गया था। परीक्षा पर चर्चा 2025 कार्यक्रम में सद्गुरु (आध्यात्मिक नेता), दीपिका पादुकोण (अभिनेता), विक्रांत मैसी (अभिनेता), मैरी कॉम (ओलंपिक चैंपियन, बॉक्सर) और अवनी लेखरा (पैरालंपिक स्वर्ण पदक विजेता) जैसे प्रसिद्ध व्यक्ति शामिल हुए। इन प्रतिष्ठित अतिथियों ने तनाव प्रबंधन, उद्देश्यों को पूरा करने और प्रेरणा बनाए रखने पर अपने अनुभव और व्यावहारिक विचार साझा किए। 10 फरवरी, 2025 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने परीक्षा पर चर्चा 2025 के आठवें संस्करण के दौरान छात्रों, अभिभावकों और शिक्षकों के साथ बातचीत की। यह वार्षिक आयोजन छात्रों को परीक्षा की चिंता, करियर प्लानिंग और व्यक्तिगत विकास जैसे मुद्दों पर बात करने के लिए एक मंच प्रदान करता है। इस वर्ष के आयोजन के लिए 330 करोड़ से अधिक छात्रों, 2071 लाख शिक्षकों और 551 लाख अभिभावकों ने पंजीकरण कराया है, जो देश के युवाओं पर इस पहल के निरंतर प्रभाव को दशार्ता है। पीएम मोदी के अनुसार, कक्षा 10 और 12 में 40-50% छात्र असफल होते हैं, लेकिन इसका मतलब यह नहीं है कि यह उनका अंतिम उद्देश्य है। शैक्षणिक और व्यक्तिगत सफलता और असफलता के बीच अंतर को पहचानना महत्त्वपूर्ण है। उन्होंने क्रिकेट खिलाड़ियों का उदाहरण दिया, जो दिन के अंत में अपनी गलतियों पर विचार करते हैं और उनमें सुधार करते हैं; छात्रों को भी ऐसा ही करना चाहिए। उनके अनुसार, आपका जीवन वही है जो आपके अंक बताते हैं, न कि आप। पीएम ने छात्रों को दबाव को नजरअंदाज करने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि एक बल्लेबाज की तरह जो स्टेडियम के शोर और नारों को नजरअंदाज कर गेंद पर ध्यान केंद्रित करता है, छात्रों को भी तनाव के बजाय अपनी पढ़ाई पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए।

उन बच्चों का क्या होता है जो 30 से 40 प्रतिशत की दर से स्कूल में फेल हो जाते हैं? देखिए, असफलता जीवन के अंत का संकेत नहीं है। आप जीवन में सफल होना चाहते हैं या किताबों के माध्यम से, यह आप पर निर्भर करता है। अपनी सभी असफलताओं को शिक्षण के अवसर में बदलना जीवन में सफलता प्राप्त करने की एक रणनीति है। अपनी गलतियों को अपने शिक्षण के क्षण बनाएँ। जीवन केवल परीक्षा नहीं है। इसे समग्र रूप से देखा जाना चाहिए। हमें कुछ खासियतें देने के अलावा, भगवान ने हमारी कुछ खामियाँ भी रखी हैं। खूबियों पर ध्यान दें। आपसे यह नहीं पूछा जाएगा कि आपको 10वीं और 12वीं कक्षा में कितने ग्रेड मिले। यह जीवन होना चाहिए, न कि अंक।

# शुक्रवार का राशिफल

**मेष** — बदलाव का समय है,मन शिक्षा में नहीं लगेगा, फिल्म्स, सीरियल में कार्य, केबिन क्रू, पांच सितारा होटल में जॉब मिलेगी, शेयर आदि से लाभ होगा। भाग्य प्रतिशत-80

**वृषभ** — आय बढ़ेगी, सरकारी इंक्वायरी सम्भव है, राजनीति में सत्ता मिलेगी, जीवन साथी को स्वास्थ्य समस्या सम्भव है, कटु वाणी ना बोले। भाग्य प्रतिशत-76

**मिथुन** — दिमाग परेशान रहेगा, कोई कार्य होने में अटकल आयेगी, रिश्ता तय होकर टूट सकता है, खर्चा बढ़ जाएगा। भाग्य प्रतिशत-49

**कर्क** — बड़े सपने पूरे करने में लोग बाधा डालेंगे, ईश्वर भक्ति अटकलें दूर करेंगी, मीडिया में नौकरी बदलाव का संकेत है, अँग्रेजी और पकड बनाएंगे। भाग्य प्रतिशत-70

**सिंह** — रचनात्मक कार्य करने पर उन्नति करेंगे, बहुत सारे विचार परेशान कर सकते है, तय करे पहले किस पर कार्य करना है, गुपचुप तरीके से कोई आय करेंगे। भाग्य प्रतिशत-77

**कन्या** — विवाह आदि में अत्यधिक खर्चा कर सकते है, हेल्थ सेक्टर, बीमा, ठेकेदारी कार्य में लाभ अवश्य होगा, विदेश यात्रा में खासा ध्यान रखें। भाग्य प्रतिशत-70

**तुला** — विद्या टैलेंट के माध्यम से अपनी पहचान बनाने में सक्षम होंगे, संतान के लिए अधिक विलंब ना करें, होम डेकोरेशन, वास्तु, सेल पर्चेजिंग कार्य लाभ देगा। भाग्य प्रतिशत-76

**वृश्चिक** — दूर की यात्रा की तैयारी करेंगे, शौपिंग पर भी जाना होगा, विवाह का फैसला आसानी से नहीं करेंगे, रक्त, आयरन की कमी का ध्यान रखें। भाग्य प्रतिशत-61

**धनु** — समबधो से फायदा मिलेगा, किसी के माध्यम से जॉब लग सकती है, चिकित्सक की प्रेक्टिस उत्तम चलेगी व्यस्तता बढ़ेगी, यात्रा भी करना चाहेंगे। भाग्य प्रतिशत-75

**मकर** — थोड़ा अवसरवादी बनना होगा, रूकावटे दूर होगी, सेहत पर कार्य करें, किसी बात को अपने उपर हावी ना करें, तनाव ना लें। भाग्य प्रतिशत-54

**कुंभ** — सरकारी कार्य में व्यस्त रह सकते है, पैसे को शिफ्ट कर सकते है, अनुभव का फायदा मिलेगा, माईग्रेन, थायरायड रोग की दवा लेनी पड़ सकती है। भाग्य प्रतिशत-57

**मीन** — अभिलाषा बढेगी, प्रेम समबन्ध को विवाह में बदलना चाहेंगे, कुछ जरूरी शौपिंग भी कर सकते है, इंपोर्ट एक्सपोर्ट व्यवसाय, अस्पताल, जन औषधि कार्य द्वारा आजीविका चलेगी। भाग्य प्रतिशत-72



अशनिका शर्मा ज्योतिष
हस्तरेखा। अंकशास्त्र। वास्तु विशेषज्ञ। मो:9568962423

# महाकुंभ में भारत की सांस्कृतिक विविधता के दर्शन



नरेंद्र तिवारी

महाकुंभ प्रयागराज नाम से ही महाकुंभ नहीं है। अपने स्वरूप में भी महाकुंभ है। इस बात की तस्दीक प्रयागराज महाकुंभ में उमड़ता जनसैलाब कर रहा है। यहां गंगा, जमुना, सरस्वती के संगम पर स्नान करने और साधु, संतों, महात्माओं के दर्शनकर आध्यात्मिक सुख प्राप्त करने की बैचेनी साफ तौर पर दिखाई दे रही है। प्रयागराज में भारत की सांस्कृतिक विविधता के तो दर्शन हो ही रहे है। भारत की आध्यात्मिक चेतना से भी प्रयागराज में रूबरू हुआ जा सकता है।

महाकुंभ में सबको पहुंचने की ललक है, वहां पहुंचकर संगम स्थल पर जाने की उत्कंठा और स्नान की बैचेनी भी है। अपनी प्रयागराज यात्रा के दौरान आगरा मुंबई राष्ट्रीय राजमार्ग से शिवपुरी फिर झांसी से बुंदेलखंड सुपर एक्सप्रेस वे के माध्यम से चित्रकूट और वहां से प्रयागराज तक पहुंचने में कोई दिक्कत नहीं आई सड़क पर कहीं जाम की स्थिति नजर नहीं आई यातायात गतिशील ही दिखाई दिया। इस मार्ग से गुजरात और महाराष्ट्र के श्रद्धालुओं से भरी बसें और कारें प्रयागराज की कोई जाती दिखाई दी। रविवार को जाते हुए और मंगलवार को आते हुए भी कहीं जाम नजर नहीं आया। जैसा कि मीडिया चैनलों पर एमपी के सतना मार्ग के लंबे जाम की खबर चल रही है। प्रयागराज पहुंचकर जरूर 10 से 15 किलोमीटर के रेंगते यातायात से सामना हुआ। जो श्रद्धालुओं की बैचेनी और कष्ट दोनों को बढ़ाता प्रतीक हुआ। कुछ तो जल्दबाजी और वाहनों चालकों की भी है जो मुख्यमार्ग को छोड़कर अन्य वाहनों को हुआ जाता देखकर छोटे छोटे मार्ग पर अपनी कारों को मोड देते है। ऐसा कर वे अपने कष्ट को बढ़ा लेते है। हर कोई संगम पहुंचना चाहता है। अपने धर्म गुरुओं के पांडाल के निकट जाना चाहता है। कारों और बड़े वाहनों को दूर पार्किंग में खड़ा करवाना प्रयागराज महाकुंभ यातायात पुलिस के लिए जरूरी भी है। इन पार्किंग स्थलों से बाइक के माध्यम से पहुंचने की राय पूछने पर हर कोई यह बताता है कि बाइक से संगम स्थल पहुंचना उचित होगा। रुकने के लिए लाज की व्यवस्था की राय भी मिल जाती है। वैसे थके हुए शरीर को आराम की आवश्यकता भी होती है। सो रुकने के उचित प्रबंध देखकर लोग तैयार भी हो जाते है। इसके लिए कई प्रयाग वासियों ने अपने घर लाजो होटलों और गेस्ट हाउस में परिवर्तित कर दिए। वैसे हमने अपनी कार जमुना किनारे स्थित पार्किंग में खड़ी की और बाइक से प्रयागराज महाकुंभ स्थल के सेक्टर नंबर 16 के सार्वभौम सनातन धर्म महासभा के पांडाल में जाने के लिए शेखर निषाद से संपर्क किया पांच साथियों को चार हजार रु छोड़ने का सौदा तय हुआ और बात बन गई इन तीन बाइक सवारों ने हमें मेला स्थल के करीब सेक्टर नंबर 16 सार्वभौम सनातन धर्म महासभा के पांडाल में छोड़ा। जहां पांडाल जरूर आम पांडालों से छोटा नजर आया किन्तु सेवा ओर



स्नेह की दृष्टि से उक्त पांडाल मन को जीत ले गया। वैसे संगम स्थल तक पहुंचने के लिए बाइक सवारों ने भीड़ के मध्य से अपनी बाइक बहुत सावधानी से निकाली कभी कभी डर भी लगा किंतु शेखर निषाद और उनके साथी हमे कहते रहे डरो नहीं बाबूजी आपको मेला स्थल निर्धारित सेक्टर और आपके पांडाल में पहुंचा देंगे। अपने कहे अनुसार पांडाल में पहुंचा भी दिया। रात्रि विश्राम के बाद मंगलवार सुबह फिर बाइक की मदद से संगम स्थल पहुंच गए। यहां अल सुबह से लाखों श्रद्धालु आस्था की डुबकी लगाने के लिए बैचेन दिखाई दिए। इतनी बड़ी भीड़ को चीरते हुए पहुंचना और संगम में स्नान करने की सफलता महाकुंभ पहुंचने में हुए कष्टों को भुला देती है। महाकुंभ में भीड़ अधिक है। इतनी भीड़ के नियंत्रण में कई बार व्यवस्था गड़बड़ाती भी है। हम सोमवार को पहुंचे उस दिन भारत की राष्ट्रपति महामहिम द्रोपदी मुर्मू प्रयागराज संगम स्थल स्नान के लिए पहुंची तो श्रद्धालुओं को संगम स्थल पहुंचने में थोड़ी देर जरूर लगी। सनातन धर्म के इस महाकुंभ में साधु संतों के पांडालों में पूजा अर्चना और आध्यात्मिक प्रवचन चल रहे है। हर पांडाल में भोजन प्रसादी भी भक्तों को भरपूर मिल रही है। संगम स्थल पर देश के हर प्रांत के लोग आतें है विभिन्न भाषाओं के श्रद्धालुओं का सैलाब महाकुंभ के दौरान देश की सांस्कृतिक एकता के परिचायक के रूप में दिखाई दिया 13 फरवरी को एक महीना पूर्ण होने को आ रहा है। आने वालो की बेसब्री और बैचेनी साफ दिखाई दे रही है जो यह भी संकेत दे रहा की की महाशिवरात्रि तक प्रयागराज आने का दौर ऐसा ही चलता रहेगा।

आस्था की डुबकी लगाने के लिए थोड़ी भीड़ का सामना तो करना ही पड़ेगा। किंतु डुबकी के बाद पुण्य और आध्यात्मिक लाभ कष्टों को भुला देता है। यहां आ रहे जनसमुदाय को देखते हुए पुलिस ओर प्रशासन का धीरज काबिले तारीफ है। संगम स्थल पर बालू रेत पर पांडालों की व्यवस्था उस पर मोटे टीन के चादरों के माध्यम से रास्ते का निर्माण देखते बनता है। बड़े बड़े पांडालों को जो दूर दूर तक फैले है, सेक्टर में बांटना श्रद्धालुओं को परेशानियों से बचाता है। पुलिस प्रशासन हर पूछने वालों को समझाने का प्रयास करते दिखे, संगम स्थल पर खोया पाया केंद्र से दिन भर अपनों से भड़के लोगों का एलाउंस होता रहा। अपनों से खोने से बचने के लिए कई लोग लंबी रस्सी पकड़ कर चलते दिखाई दिए। रस्सी पकड़ कर एक साथ 25 से 50 लोग भी दिखें। आस्था की डुबकी लगाने के लिए इतनी भीड़ में भारत के हर प्रांत के लोग बड़ी संख्या में पहुंच रहे है। सनातन महात्य का महाकुंभ भारत की सांस्कृतिक विविधता का मेला नजर आया शायद शंकराचार्यों ने भारत को वैचारिक रूप से जोड़ने के लिए महाकुंभ की कल्पना की होगी प्रयागराज महाकुंभ सांस्कृतिक एकता के महान लक्ष्य को पूर्ण करता दिखाई दे रहा है।

# अटल आवासीय विद्यालय में प्रवेश के लिए 15 फरवरी तक करें आवेदन

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**अलीगढ़** । उप श्रम आयुक्तसियाराम ने सर्वसाधारण को सूचित किया है कि अटल आवासीय विद्यालय, टमकोली में शैक्षणिक सत्र 2025-26के लिएकक्षा-06 (70 बालक व 70 बालिका) एवं कक्षा-09 (70 बालक व 70 बालिका)की प्रवेश परीक्षा के माध्यम से प्रवेश के लिए मण्डल स्तरीय अनुश्रवण समिति की बैठक में दिये गये निदेर्शों के क्रम में पात्र अभ्यर्थियों से अलीगढ़, हाथरस, एटा एवं कासगंज जिले में 15 फरवरी तक आवेदन-पत्र (ऑफलाइन) आमंत्रित किये जा रहे हैं।उन्होंने बताया कि आवेदन पत्र किसी भी कार्यदिवस में प्रातः 10.00 बजे से सायं 05.00 बजे तक सम्बन्धित जनपदों के जिला प्रोबेशन अधिकारी कार्यालय, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय एवं जनपदीय श्रम विभाग के कार्यालय से प्राप्त किये जा सकते हैं। उन्होंने बताया कि पूर्ण रूप से भरे हुए आवेदन-पत्र समस्त संलग्नकों सहित 15 फरवरी की सायं 5 बजे तक सम्बन्धित जनपद के जिला प्रोबेशन अधिकारी कार्यालय, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय एवं जनपदीय श्रम विभाग के कार्यालय में जमा किया जाना है। उन्होंने स्पष्ट किया कि कोविड के कारण अनाथ बच्चे सम्बन्धित जिला प्रोबेशन कार्यालय में आवेदन जमा करेंगे।

# एक सामान्य लेकिन अक्सर अनदेखी की जाने वाली स्थिति है हर्निया

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**अलीगढ़ (मनसेज चौहान)**। हर्निया एक व्यापक सर्जिकल स्थिति है जो दुनियाभर में लाखों लोगों को प्रभावित करती है, लेकिन अक्सर इसे तब तक नजरअंदाज किया जाता है जब तक कि यह गंभीर स्वास्थ्य समस्या का रूप नहीं ले लेता। हर्निया को समझना, इसके लक्षणों की पहचान करना और समय पर उपचार कराना जटिलताओं को रोकने और जीवन की गुणवत्ता में सुधार करने में सहायक हो सकता है।जब कोई आंतरिक अंग या मस्क्युलर टिशू या कनेक्टिव टिशू की कमजोर जगह से बाहर निकल आता है, तो उसे हर्निया कहते हैं। यह आमतौर पर पेट के हिस्से में होता है, लेकिन यह कमर, ऊपरी जांघ या शरीर के अन्य हिस्सों में भी हो सकता है। हर्निया विभिन्न कारणों से विकसित हो सकता है, जैसे कमजोर मांसपेशियां, भारी वजन उठाना, लगातार खांसी, मोटापा या पूर्व में हुई सर्जरी।मैक्स सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल, पटपड़गंज के मिनिमली एक्सेस मेटाबोलिक एंड बेरिएट्रिक सर्जरी विभाग के सीनियर डायरेक्टर एवं इंचार्ज डॉ. पी. के. दीवान ने बताया कि ह्लहर्निया कई प्रकार के होते हैं, जिनमें इनग्विनल हर्निया सबसे आम है, जो कमर के क्षेत्र में विकसित होता है। अम्बिलिकल हर्निया नाभि के पास पाया जाता है और शिशुओं में अधिक देखा जाता है, लेकिन यह वयस्कों को भी प्रभावित कर सकता है। हायेटल हर्निया तब होता है जब पेट का एक भाग छाती की गुहा में चला जाता है, जबकि इंसीजनल हर्निया पहले की सर्जरी के घाव वाली जगह पर विकसित होता है। फेमोरल हर्निया



अपेक्षाकृत दुर्लभ होता है और यह जांघ के ऊपरी हिस्से में पाया जाता है, विशेष रूप से महिलाओं में। हर्निया के लक्षणों में प्रभावित क्षेत्र में एक गांठ या उभार शामिल होता है, जो खड़े होने या जोर लगाने पर अधिक स्पष्ट हो जाता है। झुकने, खांसने या भारी वस्तुएं उठाने पर दर्द या असहजता महसूस हो सकती है, साथ ही पेट या कमर में भारीपन या दबाव महसूस होना आम है। इसके अलावा, गांठ के चारों ओर जलन या दर्द हो सकता है, और गंभीर मामलों में मतली, उल्टी या मल त्यागने में कठिनाई हो सकती है। कई बार, हर्निया बिना किसी स्पष्ट लक्षण के भी हो सकता है और केवल नियमित चिकित्सा जांच के दौरान ही इसका पता चलता है।

डॉक्टर हर्निया की पहचान शारीरिक जांच या इमेजिंग तकनीकों से करते हैं। छोटे हर्निया में तत्काल उपचार जरूरी नहीं, लेकिन वे स्वयं ठीक नहीं होते। जीवनशैली में बदलाव, वजन प्रबंधन और भारी वस्तुएं उठाने से बचना इसकी प्रगति धीमी कर सकते हैं, हालांकि पूर्ण उपचार के लिए सर्जरी आवश्यक हो सकती है।डॉ. दीवान ने आगे बताया कि यदि हर्निया असहजता पैदा कर रहा है, आकार में बढ़ रहा है, या जटिलताओं का खतरा बढ़ रहा है, तो सर्जिकल उपचार आवश्यक हो जाता है। हर्निया की सर्जरी दो प्रकार की होती हैकृओपन सर्जरी और लैप्रोस्कोपिक सर्जरी। ओपन सर्जरी में सर्जन प्रभावित क्षेत्र में चीरा लगाकर कमजोर हिस्से की मरम्मत टांकों, मेष या दोनों की सहायता से करते हैं। वहीं, लैप्रोस्कोपिक सर्जरी एक न्यूनतम इनवेसिव प्रक्रिया है, जिसमें छोटे चीरे, एक कैमरा और विशेष उपकरणों का उपयोग किया जाता है।

इस प्रक्रिया से रिकवरी तेज होती है और ऑपरेशन के बाद दर्द कम महसूस होता है। स्ट्रैंगुलेटेड हर्निया एक सर्जिकल आपातकाल है, जिसमें रक्त प्रवाह बाधित होने से ऊतक की मृत्यु और संक्रमण का खतरा बढ़ जाता है।

# आज भी जनसंचार का प्रभावी माध्यम है रेडियो

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**अलीगढ़**। मंगलायतन विश्वविद्यालय के पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग द्वारा विश्व रेडियो दिवस के अवसर पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी में रेडियो के विकास, प्रासंगिकता और आधुनिक संचार माध्यमों में रेडियो भूमिका पर चर्चा हुई। मुख्य वक्ता प्रो. प्रदीप कुमार ने ह्यह्यजीवन यात्रा और रेडियो विषय पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने बताया कि किस प्रकार रेडियो ने समय के साथ खुद को बदला और आज भी यह जनसंचार का प्रभावी माध्यम बना हुआ है। विषय विशेषज्ञ मनीषा उपाध्याय ने रेडियो की सहजता और प्रभावशीलता पर प्रकाश डालते हुए बताया कि रेडियो न केवल मनोरंजन का एक प्रमुख साधन है, बल्कि सूचना और शिक्षा के क्षेत्र में भी विशेष भूमिका निभाता है। याशिका गुप्ता ने रेडियो की व्यावहारिकता



मंगलायतन विश्वविद्यालय में रेडियो दिवस पर आयोजित गोष्ठी में उपस्थित जन।

और श्रोताओं के साथ इसके गहरे संबंध पर चर्चा की। ज्ञानेंद्र, दीपशिखा, क्षमा, पूजा, रामेंद्र, नरेंद्र, लवकुश, विकास, यश, शुभा आदि विद्यार्थियों ने भी विचार रखे। संचालन सोमी ने किया। आभार मयंक कुमार जैन ने किया। इस अवसर पर लव मित्तल, योगेश कौशिक, हरीश उपाध्याय, अर्जुन उपाध्याय, मुकेश ठेनुआ आदि थे।

# पहले देश दुनिया की ताजा खबरें जानने का इकलौता माध्यम था रेडियो

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**बिलारी (एम.के. भारती सैफी)** । बहोरनपुर नरौली स्थित प्रेम शांति इंटर कॉलेज में आज प्रधानाचार्य विजय पाल सिंह राघव ने विश्व रेडियो दिवस के विषय में बताया कि रेडिओ दिवस प्रत्येक वर्ष 13 फरवरी को मनाया जाने वाला एक अंतरराष्ट्रीय दिवस है। यूनेस्को द्वारा अपने 36वे सम्मेलन के दौरान 3 नवंबर 2011 को इस दिवस को मनाने का निर्णय लिया गया। यह दिन लोगों को रेडियो के उपयोग के बारे में जागरूक करने के लिए मनाया जाता था। रेडियो से संबंधित अनेकों प्रसंग बच्चों को बताएं।

गुरुवार को रेडियो दिवस के विषय में बताते हुए प्रधानाचार्य विजयपाल सिंह राघव ने कहा कि रेडियो की लोकप्रियता वैश्विक है। इंटरनेट के आने से पहले भौगोलिक दूरी को समाप्त करने वाला मध्यम रेडियो ही था। रेडियो ने सूचना, शिक्षा एवं मनोरंजन प्रदान करने की दिशा में एक अहम भूमिका निभाई । विश्व रेडियो दिवस 13 फरवरी को मनाया जाता है। सर्वप्रथम 2012 में दुनिया भर में पहली बार यह दिवस मनाया गया था। भारत में 1920 में रेडियो प्रसारण की शुरूआत हुई और 1923 में मुंबई में पहला कार्यक्रम रेडियो क्लब द्वारा प्रसारित किया गया। भारत सरकार ने 1930 में निजी रेडियो स्टेशनों को अपने अधीन कर इसका नामकरण भारतीय प्रसारण सेवा कर दिया। 1936 में नाम बदलकर ऑल इंडिया रेडियो कर दिया गया। अनंतता 1957 में आकाशवाणी के नाम से प्रसिद्ध हुआ। 92 वर्षीय विद्यालय प्रबंधक शिक्षाविद प्रेमपाल सिंह ने बताया कि पहले रेडियो का पोस्ट ऑफिस से हर वर्ष लाइसेंस जारी होता था । चार दशक पहले तक रेडियो दुनिया का हाल-चाल व खबरें जानने का



इकलौता माध्यम था। ग्रामीण क्षेत्रों में यह मनोरंजन का साधन भी हुआ करता था। ग्रामीण खेतों पर रेडियो को बजाकर रख दिया करते थे और गाना सुनते-सुनते मस्ती में अपना कृषि कार्य किया करते थे। आज के दौर में रेडियो सुनने वालों की संख्या तेजी से घटी है। लेकिन रेडियो प्रेमी आज भी है। इस अवसर पर मुख्य रूप से प्रधानाचार्य विजय पाल सिंह राघव, आदित्य राघव, अनिल कुमार ,मनोज कुमार, सुषमा राघव ,परीक्षा, माया कुमारी, क्रांति सहित छात्र छात्राएं मौजूद रहे।

# विधायक कोल ने मडराक में वृहद पशु आरोग्य शिविर का फीता काटकर किया शुभारंभ

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**अलीगढ़** । विधायक कोल अनिल पाराशर द्वारा गुरूवार को विकास खण्ड लोधा के पुरानी नगर पंचायत कार्यालय के सामने पथवारी प्रागंण मडराक में मण्डल स्तरीय पं0 दीनदयाल उपाध्याय वृहद पशु आरोग्य शिविर का फीता काटकर शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में ब्लॉक प्रमुख लोधा, चेयरमैन मडराक और भारतीय किसान यूनियन के अध्यक्ष



उपस्थित रहे। शिविर में विषय विशेषज्ञों द्वारा पशुओं की निशुल्क चिकित्सा, वॉझपन चिकित्सा सर्जरी, रोग निदान, कृत्रिम गभार्धान कार्य किये गये और पशुपालकों को गोष्ठी के माध्यम से विभिन्न विषयों जैसे- पशुओं में बॉझपन कारण एवं निदान, टीकाकरण, पशु प्रबन्धन, राष्ट्रीय पशुधन बीमा समेत अन्य योजनाओं के बारे विस्तार से बताया गया और नवीनतम जानकारी प्रदान की गई। शिविर में कुल 3260 पशु पंजीकृत हुए जिसमें से 647 की सामान्य चिकित्सा, 1656 कृमिनाशक दवापान, 14 माईनर सर्जरी, 311 गर्भ परीक्षण, 571 बॉझपन चिकित्सा, 24 कृत्रिम गभार्धान, 15 बधियाकरण एवं 22 पशुओं का टीकाकरण किया गया।शिविर में निदेशालय के प्रतिनिधि संयुक्त निदेशक, मुख्यालय लखनऊ, अपर निदेशक पशुपालन अलीगढ़ मण्डल के साथ-साथ मण्डल के समस्त मुख्य पशुचिकित्सा अधिकारी, उपमुख्य पशुचिकित्सा अधिकारियों के साथ-साथ जनपद के समस्त पशुचिकित्सा अधिकारी, उपमुख्य पशुचिकित्सा अधिकारियों के अतिरिक्त पशुधन प्रसार अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा प्रतिभाग किया गया।

# जनपद प्रभारी मंत्री लक्ष्मी नारायण चौधरी 15 फरवरी को अलीगढ़ में

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**अलीगढ़**। प्रदेश के मंत्री गन्ना विकास एवं चीनी मिलें एवं जनपद प्रभारी मंत्री लक्ष्मी नारायण चैधरी द्वारा 15 फरवरी को जनपद भ्रमण कर आंगनबाड़ी केंद्र, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण एवं स्मार्ट क्लास का उद्घाटन करने के साथ ही कलैक्ट्रेट सभागार में विकास कार्यों की समीक्षा की जाएगी।अपर जिला मजिस्ट्रेट नगर अमित कुमार भट्ट ने उक्त जानकारी देते हुए बताया है कि मंत्री 15 फरवरी को प्रातः 10 बजे ब्लॉक इगलास के आंगनबाड़ी केंद्र साथिनी एवं 10:35 बजे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र इगलास का स्थलीय निरीक्षण करेंगे। उन्होंने बताया कि मंत्री जी द्वारा 11:45 बजे नौरंगीलाल राजकीय इंटर कॉलेज में नवनिर्मित स्मार्ट क्लाय का उद्घाटन किया जाएगा। 12:30 बजे सर्किट हाउस में मा0 जनप्रतिनिधियों एवं पार्टी पदाधिकारियों के साथ बैठक एवं विचार-विमर्श करेंगे और अपरान्ह 01 बजे से कलैक्ट्रेट सभागार में विकास कार्यो, कानून व्यवस्था, उद्यमी मित्रों एवं स्थानीय बैंकर्स के साथ समीक्षा बैठक करेंगे। मा0 मंत्री जी अपरान्ळ 3:30 बजे भाजपा कार्यालय पर प्रबुद्ध नागरिकों के साथ संगोष्ठी करने के उपरांत प्रेस प्रतिनिधियों से वार्ता करेंगे ।

## संक्षिप्त समाचार

### सपा राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव से मौ मोहसिन मेवाती ने की मुलाकात

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**अलीगढ़**। दिल्ली आवास पर राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव से सपा



छात्रसभा के महानगर अध्यक्ष मौ मोहसिन मेवाती ने भेंट की मोहसिन मेवाती ने कहा कि 27 के चुनाव में बरौली विधानसभा से यूथ फ्रंटल से युवा को मौका मिलेगा तो समझ में एक नया संदेश जाएगा । और वही अखिलेश यादव ने कहा कि पीडीए जन पंचायत कार्यक्रम को जिले की हर विधानसभा में मजबूती से चलने के निर्देश दिया ।

### 17 फरवरी को होगी राष्ट्रीय लोक अदालत की सफलता के लिए समन्वय बैठक , 08 मार्च को आयोजित होगी राष्ट्रीय लोक अदालत

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**अलीगढ़** ।जिलाधिकारी संजीव रंजन की अध्यक्षता में 17 फरवरी को सांय 05:30 बजे कलैक्ट्रेट सभागार में 08 मार्च को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत की भव्य सफलता के लिए बैठक का आयोजन किया जाएगा।अपर जिलाधिकारी न्यायिक एवं नोडल अधिकारी लोक अदालत अखिलेश कुमार यादव ने उक्त जानकारी देते हुए बताया है कि बैठक में सभी एसडीएम, तहसीलदार, अधिशासी अधिकारी एवं जिला स्तरीय अधिकारियों द्वारा प्रतिभाग किया जाएगा।

### 22 फरवरी को विकास कार्यों, कानून व्यवस्था एवं राजस्व संग्रह मण्डलीय बैठक

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**अलीगढ़** । मण्डलायुक्त संगीता सिंह की अध्यक्षता में विकास कार्यों, कानून व्यवस्था एवं राजस्व संग्रहकी मण्डलीय बैठक 22 फरवरी को पूर्वान्ह 11 बजे से कमिश्नरी सभागार में आयोजित की जायेगी।अपर आयुक्त ने उक्त जानकारी देते हुए सभी मण्डलीय अधिकारियों को निर्देशित किया है कि वह अद्यतन प्रगति रिपोर्ट सहित निर्धारित समय व स्थान पर बैठक में स्वयं प्रतिभाग करना सुनिश्चित करें।

### पुलिस मुठभेड़ में 25,000 रुपये का इनामी शातिर हिस्ट्रीशीटर गिरफ्तार

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**अलीगढ**। थाना गांधीपार्क और क्रिमिनल इंटेलिजेंस विंग नगर की टीमों ने पुलिस मुठभेड़ के दौरान 25,000 रुपये के इनामी शातिर हिस्ट्रीशीटर देवेन्द्र उर्फ काली को गिरफ्तार किया। आरोपी देवेन्द्र सासनीगेट थाना क्षेत्र का निवासी है और कई थानों से वांछित था। उस पर जनपद के विभिन्न थानों में दो



दर्जन से अधिक अपराध दर्ज हैं। पुलिस टीम द्वारा की गई मुठभेड़ में हिस्ट्रीशीटर के पैर में गोली लग गई, जिससे वह घायल हो गया। घायल को तुरंत जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसका इलाज जारी है। पुलिस इस मामले में अग्रिम कार्रवाई में जुटी हुई है।

# ट्राईसाइकिल, क्रत्रिम अंग, सहायक उपकरण एवं करेक्टिव सर्जरी के लिये करें ऑनलाइन आवेदन

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**अलीगढ़**। जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी रोहित कुमार ने जिले के समस्त दिव्यांगजनों को सूचित किया है कि सहायक उपकरण जैसेकि ट्राईसाइकिल, व्हीलचेअर, बैशाखी, कान की मशीन, वॉकर, वॉकिंग स्टिक (छडी),दृष्टिबाधितों के लिए स्मार्ट केन (छडी), ब्रेल किट, मानसिक मन्दित बच्चों के लिएएम0आर0किट आदि एवं हाथ या पैर कटे होने की दशा में कृत्रिम हाथ व पैर लगाये के लिये विभागीय वेबसाइट divyangjanup.upsdc.gov.in पर आवेदन पत्र आमंत्रित किये गये हैं। उन्होंने आवेदन सम्बन्धी पात्रता की जानकारी देते हुए बताया कि आवेदक को पिछले तीन वर्षो में किसी उपकरण का लाभ नहीं मिला होना चाहिए, आवेदक की दिव्यांगता 40 प्रतिशत से कम न हो।

ग्रामीण क्षेत्र आवेदक के पास में46080 रुपए वार्षिक एवं शहरी क्षेत्र में 56460रुपए वार्षिक से कम आय प्रमाण पत्र होना चाहिये। आवेदनकर्ता का स्वयं का आधार कार्ड एवं दिव्यांगता प्रदर्शित करने वाली नवीनतम फोटो होनी चाहिए। उन्होंने बताया कि आवेदक अपना आवेदन ऑनलाइन करने के बाद सभी प्रमाण पत्र संलग्न कर उसकी हार्डकॉपी जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी के कार्यालय कक्षसं0-जी-08, विकास भवन, अलीगढ़ मे किसी भी कार्य दिवस में जमा कराना आवश्यक है।

# एडीएम वित्त ने मतदान एवं मतगणना कार्मिकों को किया प्रशिक्षित

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**अलीगढ़ (मनोज चौहान)**। राज्य निर्वाचन आयोग की अधिसूचना के क्रम में सम्पन्न कराये जा रहे त्रिस्तरीय पंचायतों के रिक्त पदों पर उप निर्वाचन के अन्तर्गत नामांकन की प्रक्रिया पूर्ण हो चुकी है। 11 फरवरी को नाम वापसी के उपरान्त विकास खण्ड बिजौली के

**19 फरवरी को मतदान एवं 21 फरवरी को होगी मतगणना**

02 एवं धनीपुर के एक प्रधान ग्राम पंचायत के पद के लिए 19 फरवरी को मतदान एवं 21 फरवरी को मतगणना कराई जाएगी।उप निर्वाचन को सकुशल सम्पन्न कराने के लिए गुरूवार को अपर जिलाधिकारी वित्त एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी पंचायत मीनू राणा



की अध्यक्षता में मतदान एवं मतगणना कार्मिकों को प्रशिक्षण प्रदान किया गया। एडीएम वित्त ने समस्त कार्मिकों को उप निर्वाचन के तहत मतदान को निष्पक्ष, निर्विघ्न एवं सकुशल सम्पन्न कराने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

**समस्या**

## हटौली माइनर में 5 किलोमीटर तक नहीं पहुंचा था पानी

# मानक के विपरीत नहरों की सफाई होने से किसानों के खेतों में नहीं पहुंच रहा पानी

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**लखनऊ (लेखराम मौर्य)**। उत्तर प्रदेश सरकार के सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग द्वारा किसानों को निशुल्क सिंचाई की सुविधा प्रदान की जाती है परंतु यदि नहरों की मानक के अनुसार सफाई ही न हो तो किसानों के खेत तक नहर का पानी कैसे पहुंचेगा यह सवाल किसानों के सामने मुंह बाए खड़ा है। हरिहरपुर के किसानों ने बताया कि उन्होंने गदोरा गांव के पास से नहर का पानी खुलवाकर लाए हैं तब उनके खेतों में इंजन रखकर अपनी पहुंच पा रहा है और अभी तक हरिहरपुर के आगे एक बूंद पानी नहीं पहुंचा है किसानों ने कहा कि नहर की सफाई इतनी घटिया किस्म की की गई है कि कहीं पर गहरी कर दी गई है तो मिट्टी की खुदाई बिल्कुल नहीं की गई है। उन्होंने कहा कि दिलावर नगर के आगे नहर में इतनी सिल्ट जमा है कि आगे तक पानी आसानी से नहीं पहुंच सकता। सिल्ट सफाई के बाद रवी सीजन में जब पहली बार पानी छोड़ा गया था तब हटौली माइनर में हटौली गांव तक ही पानी रह गया था उसके आगे जगह-जगह जेसीबी से



गड्ढे बंद कर दिए गए थे और मीठे नगर गांव के पास नहर से अवैध अतिक्रमण हटाया गया था लेकिन पानी आगे नहीं पहुंचा था और कई जगह सफाई भी नहीं हुई थी।



विभागीय अधिकारियों ने टेल तक पानी पहुंचाने का दवा तो किया था लेकिन हटौली माइनर में ही टेल तक पानी नहीं पहुंचा था। दूसरी ओर में सरसों सुरेंद्र इलेक्ट्रिकल्स द्वारा माइनरों और रजबहों की सफाई कराई गई है। यहां देखने वाली बात यह है कि जब बिजली का काम करने वाली फिर में नहर की सफाई करेगी तो मानक के अनुसार काम कैसे होगा। इससे साफ पता चलता है कि कमीशन खोरी के सामने मानक दरकिनार कर दिए जाते हैं किसान भले ही सिंचाई के लिए इधर-उधर भटकता रहे लेकिन अधिकारियों पर इसका कोई प्रभाव नहीं पड़ता है। कई किसानों ने बताया कि उनके गेहूं के खेत सूख रहे हैं क्योंकि नहर के आसपास सभी जगह किसानों के निजी सिंचाई के साधन भी नहीं है इसलिए किसान रात दिन परेशान हैं एक किसान ने यहां तक कहा कि वह 1076 पर मुख्यमंत्री से शिकायत करेगा कि उसके खेत तक पानी नहीं पहुंच रहा है। और अधिकारियों का भी कहीं नहर के आसपास अता-पता नहीं है। उसने कहा कि कई जगह नहर में दो फिर तक पानी भरा है और कहीं-कहीं एक बूंद भी पानी नहीं है इससे सब पता चलता है कि नहरों की सफाई में भ्रष्टाचार हुआ है।

# आपातकालीन परिस्थिति में रेडियो की विशेष उपयोगिता है : डॉ.टीएस पाल

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**चंदौसी।** गुरुवार को नगर के गणेश कॉलोनी स्थित कैंप कार्यालय पर श्री नारायण सेवा समिति (रजि), चंदौसी' के तत्वावधान में "विश्व रेडियो दिवस" के अवसर पर रेडियो संगोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमें वक्ताओं ने रेडियो की उपयोगिता महत्व और उपादेयता पर अपने अपने विचार प्रकट किए और रेडियो कार्यक्रम सुने । अध्यक्ष सुभाष वार्ष्णेय ने कहा कि एक समय था जब रेडियो ज्ञान, मनोरंजन और समाचारों का प्रमुख साधन होता था । संरक्षक के.जी. गुप्ता ने कहा कि दूर -दराज इलाकों में आज भी रेडियो संचार का प्रमुख साधन है । हरीश कठेरिया ने बताया कि 60 के दशक से प्रारंभ होकर रेडियो का कालखंड 90 के दशक तक खूब जोरों से चला




था । डॉ. टी. एस. पाल ने कहा कि रेडियो द्वारा एक साथ कई लोगों तक संदेश पहुंचाया जा सकता है । डॉ. जयशंकर दुबे ने कहा कि आम जनता समाचारों के माध्यमों में जागरूकता बढ़ाने तथा रेडियो के जरिए सूचनाएं उपलब्ध कराकर प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से रेडियो दिवस मनाया जाता है । अभिनव कठेरिया ने कहा कि स्थानीय व क्षेत्रीय मुद्दों को उठाने, संस्कृति के प्रोत्साहन एवम् विकास तथा आपातकालीन परिस्थिति में रेडियो की विशेष उपयोगिता है ।

अध्यक्षता सुभाष वार्ष्णेय ने की तथा संचालन हरीश कठेरिया ने किया ।

# क्रिकेट टूर्नामेंट के फाइनल में सफायर हाउस ने एमेरल्ड हाउस को हराकर मारी बाजी!

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**चंदौसी।** गुरुवार को नगर के सीता रोड स्थित आर आर के स्कूल इंटर हाउस क्रिकेट टूर्नामेंट के ग्रुप वन के फाइनल में सफायर हाउस ने एमेरल्ड हाउस को हराकर चैंपियनशिप पर किया कब्जा। एमेरल्ड हाउस ने टॉस जीतकर पहले बोलिंग का फैसला किया , इसके बाद सफायर हाउस की टीम ने बल्लेबाजी करते हुए 6 ओवर में 68 रन का स्कोर खड़ा किया जिसमें टीम कप्तान आदित्यांश उपाध्याय 48 रन का सहयोग रहा सफायर हाउस की टीम के पांच खिलाड़ी एमेरल्ड हाउस ने पवेलियन पहुंचा दिए इसके बाद एमराल्ड की टीम खेलने उतरी सफायर हाउस के बोलरों द्वारा एमराल्ड को बहुत ज्यादा मौका नहीं दिया गया पहले ही ओवर में विकेट लेकर एमराल्ड पर दबाव बना लिया गया जिससे 6 ओवर की समाप्ति तक एमराल्ड की टीम 67 रन पर ढेर हो गई उसके बाद प्रधानाचार्य डॉक्टर एस के पांडे एवं उप प्रधानाचार्य डॉ अर्चना शर्मा द्वारा विजेता एवं उपविजेता टीम को ट्राफी एवं मैडल प्रदान किए गए सफायर हाउस के आदित्यांश उपाध्याय को मैन ऑफ द मैच की ट्रॉफी दी गई उनके द्वारा 48 रन एवं एक विकेट का योगदान रहा विजेता टीम को ट्रॉफी प्रदान करने के पश्चात प्रधानाचार्य द्वारा सभी खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दी गई डॉ अर्चना शर्मा द्वारा सभी खिलाड़ियों को खेल में इसी प्रकार अपनी रुचि दिखाते हुए आगे भी अच्छा प्रदर्शन करने का आशीर्वाद दिया और साथ ही खेल के साथ अपने एकेडमिक पर भी मजबूती से ध्यान देने की सलाह दी गई मैच में अंपायर की भूमिका श्याम मोहन एवं उन्नति राघव की रही रेफरी उदय प्रताप एवं स्कोरर प्रियंका श्रीवास्तव रहे कार्यक्रम सफल बनाने में अरुण कुमार शर्मा ,अनुज उपाध्याय ,राजीव शर्मा आदि का विशेष सहयोग रहा।




# सपा पीडीए चर्चा कार्यक्रम के तहत पीडीए जन चौपाल का हुआ आयोजन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गजरौला ( बच्चन सिंह )।** सपा पीडीए चर्चा कार्यक्रम के तहत पीडीए जन चौपाल का आयोजन ग्राम ततारपुर शर्की में किया गया, जिसमे पिछड़ा वर्ग के प्रदेश उपाध्यक्ष भूपेन्द्र चौधरी ने कहा कि भाजपा सरकार में किसान और नौजवान दोनों परेशान है। आवारा पशुओं द्वारा किसानो की जान और फसलो को उजाड़ने का काम किया जा रहा है। नौजवान बेरा. जगार घूम रहे है, भ्रष्टाचार चरम पर है, गन्ने का सत्र समाप्ति की और है लेकिन अभी तक भी गन्ने का मूल्य घोषित नहीं किया गया है। भाजपा सरकार किसानो और नौजवानों के बारे में सोचने की बजाय लोगो को जाति धर्म में बांटने का कार्य कर रही है। जिला कोषाध्यक्ष विपिन कौशिक ने कहा कि सपा सरकार में ही किसानों, नौजवानों, व्यापारियो का हित है। भाजपा कि नीतियों से जनता परेशान है, आने वाला समय समाजवादी पार्टी का है। इस मौके पर अमन चौधरी,



आमिर रजा जैदी, सचिन यादव, नौशाद शेख, भगवंत सिंह पाल, डॉ. अनीस अहमद, निर्दोष सैनी, खलील सैफी, संतवीर सिंह, नेपाल सिंह, ओमकार प्रधान, अनूप सिंह, भुवनेश्वर गिरी, राजीव चौहान, जगदीश बन, समीर अली, कलुआ वाल्मीकि, मुखराम सिंह पाल, शौवीर सिंह, गजब सिंह, रामकुवर सिंह, नन्हे सिंह आदि मौजूद रहे।

# चोरों ने एक पान बीड़ी के खोखे के ताले तोड़कर हजारों रुपए का सामान किया चोरी

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गजरौला ( बच्चन सिंह )।** चोरों ने एक पान बीड़ी के खोखे के ताले तोड़कर हजारों रुपए का सामान चोरी कर लिया। खोखा स्वामी ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। नगर के मोहल्ला फाजलपुर निवासी त्रिलोकी की नगर के इंदिरा चौक के पास में पानी बीड़ी बेचने की दुकान है। बुधवार की रात को करीब दस बजे वह अपनी दुकान बंद करके घर चला गया। रात को किसी समय चोरों ने खोखे के ताले तोड़कर हजारों रुपए का सामान व नकदी चोरी कर ली। सुबह जब त्रिलोकी खोखे खोलने पहुंचे तो उन्हें चोरी की घटना का पता चला। त्रिलोकी ने घटना की तहरीर पुलिस को देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने खोखा स्वामी को जल्द ही चोरी का खुलासा करने का भरोसा दिया है।



# सरोजिनी नायडू की जयंती धूमधाम से मनाई

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**चंदौसी।** गुरुवार को नगर के खतियान मोहल्ला स्थित सरोजिनी नायडू जूनियर हाई स्कूल में आराध्या वूमेन एंड चाइल्ड वेलफेयर एसोसिएशन के संयुक्त तत्वाधान में भारत की प्रसिद्ध स्वतंत्रता सेनानी, कवयित्री एवं देश की प्रथम महिला राज्यपाल सरोजिनी नायडू की जयंती धूमधाम से मनाई गई। इस अवसर पर विद्यालय में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन कर किया। विद्यालय की प्रधानाचार्या डॉ दुर्गा टंडन ने सरोजिनी नायडू के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वह महिला सशक्तिकरण की सशक्त मिसाल हैं । वे न केवल स्वतंत्रता संग्राम में अग्रणी थीं, बल्कि उनकी कविताएँ भी देशभक्ति और सामाजिक चेतना को जागरूक करने वाली थीं ।



सरोजिनी नायडू को "भारत कोकिला" कहा जाता है, क्योंकि उनकी कविता और वक्तृत्व कला में मधुरता थी। लेकिन सिर्फ कवयित्री ही नहीं, वे एक सशक्त स्वतंत्रता सेनानी भी थीं। उन्होंने महात्मा गांधी के साथ स्वतंत्रता संग्राम में भाग लिया और नमक सत्याग्रह जैसे आंदोलनों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। 1947 में भारत की आजादी के बाद वे उत्तर प्रदेश की पहली महिला गवर्नर बनीं।

उनका जीवन हमें यह सिखाता है कि एक व्यक्ति कई भूमिकाओं को निभाते हुए भी समाज में बड़ा बदलाव ला सकता है। साथ ही कार्यक्रम में मौजूद पूनम अरोड़ा ने कहा कि विद्यालय में इस प्रकार के कार्यक्रम का आयोजन करके हम बच्चों को प्रेरित करने एवं सामाजिक चरित्र से जोड़ने का प्रयास करते हैं।

छात्रों ने भाषण, कविता पाठ, नाटक और चित्रकला प्रतियोगिता के माध्यम से उनके व्यक्तित्व और कृतित्व को प्रस्तुत किया। विशेष रूप से आराधना द्वारा प्रस्तुत कविता "नाइटिंगेल ऑफ इंडिया" ने सभी को मंत्रमुग्ध कर छात्रों को उनके आदर्शों से प्रेरणा लेने का संदेश दिया। अंत में, सभी को सरोजिनी नायडू के योगदान को याद रखने और उनके विचारों को अपने जीवन में अपनाने की शपथ दिलाई गई। इस दौरान प्रस्तुति देने वाले सभी बच्चों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान कार्यक्रम में उपस्थिति रही। पूनम अरोड़ा, दुर्गा टंडन,अभिषेक गुप्ता, रेखा रस्तोगी, मंजू गुप्ता, योगिता कोहली,बीनू शर्मा ,आयुषी गुप्ता, आदि के साथ विद्यालय का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

# पीएम श्री विद्यालय का हुआ युग्मन कार्यक्रम

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बहजोई।** बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा युग्मन से सीखें कार्यक्रम के अंतर्गत पी एम श्री कम्पोजिट विद्यालय पाठकपुर का युग्मन कार्यक्रम राजकीय कन्या इंटर कॉलेज खिजरपुर में किया गया , बस द्वारा विद्यालय के 50 छात्र छात्राओं को पाठकपुर से खिजरपुर ले जाया गया, राजकीय कन्या इंटर कॉलेज खिजरपुर पहुंचे विद्यार्थियों एवं अध्यापकों का खिजरपुर की छात्राओं द्वारा तिलक लगाकर स्वागत किया , कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने आपस मे मैत्री पूर्ण व्यवहार रखते हुए स्मार्ट क्लास , प्रयोशालाओं , पुस्तकालय का भ्रमण किया तथा बच्चों ने आपस में खेल खेले , समापन सत्र में प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता



का आयोजन किया गया सभी बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया । कार्यक्रम के दौरान प्रधानाध्यापक राजू सिंह यादव ने दोनों विद्यालयों के विद्यार्थियों को विज्ञान जागरूकता के प्रयोग एवं व्याख्यान द्वारा उत्प्रेरित किया । इस अवसर पर भानुप्रकाश , प्रियंका शर्मा , प्रधानाचार्य अंशुल चौधरी आदि मौजूद रहे ।

# भेष बदलकर रह रहा बाल यौन शोषण और पशु क्रूरता का वांछित आरोपी गिरफ्तार

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गजरौला ( बच्चन सिंह )।** थाना पुलिस ने 5 साल से फरार चल रहे एक वारंटी को गिरफ्तार किया है। आरोपी वर्ष 2021 में एक नाबालिक के साथ यौन शोषण का संगीन आरोपी है इतना नहीं वह पशु क्रूरता के मामले में भी वांछित चल रहा था।



दरअसल आपको बता दें कि गुरुवार को वृजघाट चौकी के इंचार्ज नितेंद्र कुमार वशिष्ठ के अनुसार आरोपी राम लखन उर्फ राजू पुलिस से बचने के लिए अपना भेज बादल रखा था लेकिन पुलिस की सतर्कता के चलते उसकी पहचान हो गई। और उसे गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए और उनकी न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है यह गिरफ्तारी क्षेत्र में अपराधियों के लिए एक कड़ा संदेश है कि कानून से बचकर कोई कहीं नहीं जा सकता पुलिस की? इस कार्यवाही से अपराधियों में खौफ का माहौल बन गया है।

# पुलिस ने वांछित अभियुक्त किए गिरफ्तार

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**चन्दौसी!** पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में जनपद सम्भल में कानून व्यवस्था, अपराध एवं अपराधियों पर प्रभावी नियंत्रण हेतु चलाये जा रहे अभियान के तहत थाना चंदौसी पुलिस द्वारा 5 नवंबर को वादिनी शोभा पत्नी स्व0 सर्वेश निवासी मौहल्ला सैमरटोला द्वारा तहरीर दी गई थी कि अभियुक्तों द्वारा वादिनी के पुत्र राहुल को 12 सितंबर को अपने साथ काम पर ले जाना व उसकी हत्या कर देना, जिसके बाद वादिनी के पुत्र का शव 13 सितंबर को भहतरी फाटक के पास पड़े मिलने के सम्बन्ध में मुकदमा पंजीकृत किया गया था।



जिसमे 13 फरवरी को पुलिस द्वारा वांछित अभियुक्त हिमांशु पुत्र फूल सिह निवासी सैमरटोला व सचिन गौतम उर्फ मुन्ना माईकल पुत्र राकेश कुमार निवासी सैमरटोला को बब्बल पटाका फैक्ट्री के पास बाग से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार करने वाली टीम में उप निरीक्षक गिरीश चंद्र गंगवार, कांस्टेबल केशव कुमार।

# एबीसी किड्स मोंटेसरी स्कूल में मनाया गया राष्ट्रीय महिला दिवस !

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**चंदौसी।** गुरुवार को नगर के स्टेशन रोड स्थित एबीसी किड्स मोंटेसरी स्कूल में राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया गया जिसमें सभी बच्चों को सरोजनी नायडू के बारे में बताया गया । संचालिका संगीता भार्गव ने बच्चो को बताया कि अपने भारत में हर वर्ष 13 फरवरी को राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया जाता है यह दिन 'भारत की कोकिला' सरोजिनी नायडू के जयंती के अवसर पर मनाया जाता है। इस दिन को महिला सशक्तिकरण और लैंगिक समानता को बढ़ावा देने के लिए भी मनाया जाता है। साथ ही बताया गया कि। सरोजिनी नायडू भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की पहली महिला अध्यक्ष बनीं और देश की पहली महिला राज्यपाल उत्तर प्रदेश भी रहीं। उनके योगदान और संघर्ष को सम्मान देने के लिए ही उनके जन्मदिन, 13 फरवरी को, भारत में राष्ट्रीय महिला दिवस के रूप में मनाया जाता है। उन्होंने बताया कि



महिला भारत में घर के अलावा समाज में भी अपने पारिवारिक और सामाजिक कर्तव्यों का निर्वहन करती हैं। महिलाएं शिक्षा स्वास्थ्य रोजगार और समाजिक बदलाव में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। उसके बाद बच्चों ने अपने विचार रखे । इसके अलावा महिला दिवस पर एबीसी स्कूल की अध्यापिकाओं ने केक काट कर महिला दिवस मनाया। इस दौरान कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित रही। नेहा, प्रिया, शिल्पा ,पारुल, स्वेता, सिल्की, सोनल, इशिता, सोनाली, स्वेता, दीक्षा, याशी, रूपाली, संतोष, सरिता, मीनू, काजल, लक्षिता आदि अध्यापिकाओं का सहयोग रहा।

**सम्मान** | मदरसे के संचालक अकबर अली सैफी ने हाफिज ए कुरान को अपनी नेक दुआओं से नवाजा

# किसी परिवार का एक हाफिज अपने अगले और पिछले परिवार की कई पीढ़ियों की बख्शिश का सबब बनता है: अकबर अली सैफी

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**चंदौसी।** मदरसा फैजान ए इस्लाम जोकि नर्सरी से दर्जा आलिया (माध्यमिक कक्षा.10) तक आज मदरसे के हाफिज ए कुरान की लिस्ट में एक और नया नाम जुड़ गया है। मदरसे के संस्थापक हाजी कमरूद्दीन खां ने नये हाफिज मुहम्मद जुनैद को मुबारकबाद के साथ गुलपोशी से नवाजा गया। साथ ही मदरसे के मुदर्रिस हाफिज जफर मुहम्मद को भी गुलपोशी से नवाजा। मदरसे के संचालक अकबर अली सैफी ने हाफिज ए कुरान को अपनी नेक



दुआओं से नवाजा और महफिल ए दस्तार में शामिल सभी हाजरीन को हाफिज व आलिम का एहतराम करने, अपने बच्चों को अच्छी तालीम दिलाने और दीन की नेकी की दावत देने पर जोर दिया।

श्री सैफी ने बताया कि किसी परिवार का एक हाफिज अपने अगले और पिछले परिवार की पीढ़ियों की बख्शिश का सबब बनता है। कार्यक्रम का समापन फातिहा के साथ मुल्क में अमन चैन कायम रखने सभी मुल्क के लोगों में एकता कायम रहने की दुआ के साथ हुआ।

# विजेता खिलाड़ियों को प्रमाण पत्र देकर किया सम्मानित !

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**चंदौसी।** गुरुवार को नगर आवास विकास कॉलोनी स्थित जिला आर्म रेसलिंग एसोसिएशन के कार्यालय पर उत्तर प्रदेश स्टेट आर्म रेसलिंग चैंपियनशिप के विजेता खिलाड़ियों का सम्मान किया गया। इस मौके पर जिला ओलंपिक व आर्म रेसलिंग सचिव आशु शर्मा ने बताया कि 8 फरवरी से 9 फरवरी तक मेरठ के सुभारती यूनिवर्सिटी में उत्तर प्रदेश स्टेट आर्म रेसलिंग चैंपियनशिप का आयोजन किया गया था यह आयोजन उत्तर प्रदेश आर्म रेसलिंग एसोसिएशन द्वारा किया गया। जिसमे जनपद संभल की ओर से प्रतिभाग करते हुए 45 किलोग्राम भार वर्ग में कंचन भारती ने लेफ्ट हैंड व राइट हैंड दोनो से खेलते हुए दो गोल्ड मेडल जीते। अमित कुमार ने 45 किलोग्राम भार वर्ग में लेफ्ट हैंड से सिल्वर मेडल जीता,माज कुरेशी ने 60 किलोग्राम भार वर्ग में लेफ्ट हैंड से सिल्वर मेडल जीता, दक्ष ने 50 किलोग्राम भार वर्ग में राइट हैंड से ब्रॉन्ज मेडल जीता ,किशन कुमार ने 75 किलोग्राम भार वर्ग में लेफ्ट और राइट हैंड दोनो से ब्रॉन्ज मेडल जीता । जिला आर्म रेसलिंग एसोसिएशन के कार्यालय पर सभी विजेता खिलाड़ियों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।इस दौरान मुख्य रूप से उपस्थित रहे। अभिषेक सिंह, प्रशांत कुमार, शिवम गौतम ,जुबैर मलिक,मफज कुरैशी,अमित कुमार , अनिकेत ,संदीप आदि खिलाड़ी ।



# अधिकारियों ने सलावा गांव में पहुंच कर निर्माण कार्यों जांच की

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**सरधना।** मुख्य विकास अधिकारी के निर्देश पर ब्लॉक के सलावा गांव में अपर जिला पंचायत अधिकारी वीरेंद्र कुमार के नेतृत्व में 4 अवर अभियंता ग्रामीण अभियंत्रण विभाग 4 कंसलटिंग इंजीनियर तकनीकी सहायक की टीम द्वारा वित्तीय वर्ष 2022-23 23 24 24 25 में ग्राम पंचायत द्वारा वित्त आयोग की शासकीय निधि से कराए गए कार्यों की अलग-अलग टीम बनाकर जांच की गई। इस दौरान खंड विकास अधिकारी बीपी सिंह,सहायक विकास अधिकारी सुनील कुमार, पंचायत सचिव अतुल कुमार ग्राम प्रधान अजय सोम आदि उपस्थित रहें। जांच टीम द्वारा जल्दी ही उच्चाधिकारियों को जांच रिपोर्ट भेजी जाएगी।



# उप गन्ना आयुक्त की अध्यक्षता में किया गया समीक्षा बैठक का आयोजन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मेरठ ( जावेद अब्बासी )।** गन्ना भवन के सभागार में मेरठ परिक्षेत्र के उप गन्ना आयुक्त राजेश मिश्र की अध्यक्षता में मासिक समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया।बैठक के दौरान उप गन्ना आयुक्त ने गन्ना तौल किये जाने की स्थिति की समीक्षा करते हुए समस्त चीनी मिलों के प्रतिनिधियों को निर्देशित किया कि प्रतिदिन इन्डेंन्ट के अनुसार तौल कार्य सम्पन्न किया जाये।अवकाश के दिनों में तौल बन्दी की सूचना क्रय केन्द्र पर चस्पा की जाये। सभी तौल लिपिकों के पास क्रय केन्द्र पर एकनालिजमैन्ट शीट, परिचय पत्र,वैध लाइसेन्स, ट्रान्सफर आर्डर/सूची आदि उपलब्ध होनी चाहिए। यदि कोई तौल लिपिक गन्ना तौल के समय क्रय केन्द्र से अनुपस्थित पाया गया तो चीनी मिल प्रबन्धन एवं तौल लिपिक के विरूद्ध कठोर कार्यवाही अमल में लायी जायेगी।उप गन्ना आयुक्त ने विभागीय अधिकारियों को भी निर्देशित किया कि घटतौली पर अकुंश लगाये जाने के दृष्टिगत एस.जी.के माध्यम से तौल लिपिकों का पाक्षिक स्थानान्तरण किया जाये तथा फील्ड ऑफीसर्स निरन्तर गन्ना क्रय केन्द्रों का औचक निरीक्षण करते रहें। कोई भी अनियमिता पाये जाने पर नियमानुसार कार्यवाही करें।समीक्षा के दौरान टैगिंग आदेश के अनुपालन की स्थिति,गन्ना मूल्य भुगतान, गन्ना विकास अंशदान, एग्री इनपुट की स्वीकृति,गन्ना किसानों से प्राप्त होने वाली शिकायतों, बसन्त कालीन गन्ना बुवाई, जिला योजना के अन्तर्गत भौतिक एवं वित्तीय लक्ष्यो की पूर्ति आदि बिन्दुओं पर चीनी मिलों एवं विभागीय अधिकारियों से जानकारी लेते हुए उप गन्ना आयुक्त ने आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिये। उप गन्ना आयुक्त द्वारा बसन्त कालीन गन्ना बुवाई 2024-25 की प्रगति की चीनी मिलवार/जनपदवार माईक्रो प्लान तथा राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन 2024-25 की भौतिक एवं वित्तीय समीक्षा सहित अन्य विकास कार्यो पर गहन समिक्षा करते हुए अधिकारियों को विकास कार्यो की लक्ष्य पूर्ति हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये।



इस अवसर पर जिला गन्ना अधिकारी मेरठ, सम्भागीय विख्यापन अधिकारी, मेरठ, अपर सॉख्यिकी अधिकारी मेरठ एवं परिक्षेत्र मेरठ के समस्त ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक, सचिव सहकारी गन्ना विकास समिति एवं मण्डल की समस्त चीनी मिलों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# वरिष्ठ साहित्यकार डॉ.रेखा अस्थाना को साहित्यकारों ने दी श्रद्धांजलि

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**नई दिल्ली।** वरिष्ठ साहित्यकार, शिक्षाविद एवं साहित्य मुग्धा दर्पण की संस्थापिका डॉ. रेखा अस्थाना के आकस्मिक निधन पर मुग्धा दर्पण और टू मीडिया के सयुक्त तत्वावधान में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया।

शालीमार गार्डन स्थित टू मीडिया स्टूडियो में आयोजित श्रद्धांजलि सभा में साहित्य जगत के वरिष्ठ साहित्यकार, साहित्यिक संस्थाओं के प्रमुख, और शिक्षाविदो ने भावभीनी श्रद्धांजलि दी।गीतांजलि काव्य प्रसार मंच की अध्यक्ष एवं वरिष्ठ साहित्यकार, डॉ.गीतांजलि नीरज अरोड़ा ने कहा डॉ. रेखा अस्थाना जी का सरल, सहज, मधुर व्यवहार और साहित्य व शिक्षा के क्षेत्र में उनके अप्रतिम योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता। डॉ अस्थाना जी प्रकृति प्रेमी थी,इसलिए उनकी स्मृति में एक पौधा लगाकर हम सभी उनको सही मायने में श्रद्धांजलि दे।टू मीडिया के संपादक ओम प्रकाश प्रजापति ने कहा डॉ.रेखा अस्थाना जी के निधन से साहित्य और शिक्षा जगत में अपूरणीय क्षति हुई है। सभा में साहित्य और शिक्षा के क्षेत्र से जुड़े कई प्रमुख व्यक्तियों ने भाग लिया और डॉ. रेखा अस्थाना के व्यक्तित्व और कृतित्व पर एवं उनके जीवन की महत्वपूर्ण घटनाओं और उनके द्वारा किए गए कार्यों को स्मरण किया गया। उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की गई।सभा में लम्हे जिंदगी के संस्था की संस्थापिका एवं अध्यक्षा डॉ० पूजा भारद्वाज, सरन शब्द गुंजन की संस्थापिका डाङ्ग लक्ष्मी अग्रवाल, साहित्य मुग्धा दर्पण की सुनंदा श्रीवास्तव, कविता भाटिया, देवेंद्र शर्मा 'देव', रूबी शोम, वर्षा रानी, आशा अस्थाना, डाङ्ग सरिता गर्ग,पुनीता सिंह, पूजा श्रीवास्तव, संगीता गुप्ता, महेश वाजपेयी, एस एम भाटिया और विनोद अस्थाना,अशोक कुमार, आदि उपस्थित रहे।




# एक्सपीरियो @ एक्सपीरियन कैपिटल कार्निवल अब मार्च 2025 में बड़े और बेहतरीन अनुभव के साथ!

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**लखनऊ।** एक्सपीरियन डेवलपर्स आगामी एक्सपीरियो @ एक्सपीरियन कैपिटल कार्निवल के बारे में एक महत्वपूर्ण अपडेट साझा करना चाहते हैं। लखनऊ की भावना का यह जीवंत उत्सव 14-16 फरवरी को निर्धारित किया गया था लेकिन अब यह मार्च 2025 में होगा। इससे लखनऊवासियों के लिए और भी अधिक यादगार अनुभव सुनिश्चित होगा। हम जल्द ही नई तारीखों की घोषणा करेंगे। एक्सपीरियन में हम कार्यक्रम की नई तारीखों को उत्सव को और अधिक बेहतर तरीके से मनाने के अवसर के रूप में देखते हैं। जब समुदाय एक साथ बढ़ते हैं तो शहर फलते-फूलते हैं और हम इस अतिरिक्त समय का उपयोग हर विवरण को और बेहतर करने के लिए कर रहे हैं पाक कला के विस्तार से लेकर नए सांस्कृतिक अनुभवों को तैयार करने तक।

हम लखनऊ वासियों के जबरदस्त उत्साह की सराहना करते हैं और ऐसे पल बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं जो हमारी साझा आकांक्षाओं को दशार्ते हैं। इस कार्निवल की धड़कन भोजन, कला और हंसी के माध्यम से विविध आवाजों को जोड़ने की इसकी शक्ति पहले से कहीं अधिक मजबूत है।




# तीन दिवसीय स्काउट गाइड कैंप का हुआ शुभारंभ

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बहसूमा।** दशमेश पब्लिक स्कूल रामराज में तीन दिवसीय स्काउट और गाइड कैंप का आयोजन 'हिन्दुस्तान स्काउट और गाइड" के तत्वावधान में किया गया। इस कैम्प का निर्देशन रोहित चौथरी ( अरडउ) और गाइड कमिश्नर संगीता ने संयुक्त रूप से किया। कैम्प में लगभग 200 बच्चों में प्रतिभाग किया तथा इसमें स्काउट गाइड के बारे में प्रशिक्षित किया गया 'बच्चो के इस कैंप में शिविर लगाना, प्राथमिक चिकित्सा रस्सी पर चलना, अग्नि परीक्षा आदि का परीक्षण दिया गया तथा पर्यावरण सरंक्षण का महत्व बताया गया' इस अवसर पर रोहित शर्मा ने बच्चों को स्काउट और गाइड के बारे में विस्तृत जानकारी दी तब कहा कि इस कैम्प का उद्देश्य सामाजिक जिम्मेदारी, टीम वर्क और अनुशासन को जीवन में विकसित करना तथा स्काउट गाइड के मूल्यों को अपनाना,और समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने के लिए प्रेरित करना है। कैम्प की समापन पर डायरेक्टर डा0 सिम्मी सहोता ने सभी बच्चों को उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए स्कूल में होने वाले सभी क्रिया -कलापो में भाग लेने के लिए प्रेरित किया।इस अवसर पर प्रधानाचार्य आमिर खांन कॉर्डिनेटर स्वाती अरोडा, मन्जोत कौर, दीप्ती शर्मा, अशोक कुमार,निखिल कुमार, कोमल राणा, मोनिका, हिना ग्रोवर आदि उपस्थित रहे।





# पूरे देश में संत शिरोमणि रविदास जी की जयंती धूमधाम से मनाई गयी

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**लखनऊ।** संत शिरोमणि रविदास जी की जयंती प्रदेश सहित पुरे देश में बड़ी ही धूमधाम से मनाई गयी संत शिरोमणि रविदास जी के करोडो अनुयायी सहित सपा बाबा साहब अम्बेडकर वाहिनी के कार्यकर्ता व पदाधिकरी ने रविदास जी की जयंती मानते हुए उनके विचारो को भी जन जन तक पहुंचाया। वही संत शिरोमणि रविदास जयंती सतनी सराय बलिया में रविदास मंदिर के प्रबंधक एवं समाजवादी अम्बेडकर वाहिनी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मिठाई लाल भारती के नेतृत्व में धूमधाम से मनाया गया !

बाबा साहब आंबेडकर राष्ट्रीय महासचिव राम बाबू सुदर्शन ने कहाकि संत रविदास जी को रैदास, गुरु रविदास व रोहिदास जैसे नामों से भी जाना जाता है. संत रविदास जी ने कहा था कि व्यक्ति पद या जन्म से बड़ा या छोटा नहीं होता है. वह गुणों या कर्मों से बड़ा या छोटा होता है. वे समाज में वर्ण व्यवस्था के विरोधी थे. उनका कहना था कि सभी प्रभु की संतान हैं. किसी की कोई जात नहीं है.

इस अवसर पर बलिया शहर शोभायात्रा झांकी निकाली गई। मंदिर परिसर में पूजा हवन, भजन कीर्तन तथा भंडारा कार्यक्रम देर रात तक चलता रहा !

कार्यक्रम की अध्यक्षता समाजवादी पार्टी के ज़िलाध्यक्ष व विधायक संग्राम सिंह यादव व संचालन ज़िला महासचिव बीरबल राम ने किया ! इस अवसर पर प्रमुख रूप से विधायक जय प्रकाश अंचल, प्रदेश सचिव राजन कनौजिया, प्रदेश सचिव डा. संतोष कुमार, पूर्व चेयरमैन संजय उपाध्याय, ज़िला उपाध्यक्ष साथी रामजी गुप्ता, पूर्व चेयरमैन लक्ष्मण गुप्ता, ज़िला उपाध्यक्ष कामेश्वर सिंह, पूर्व ज़िलाध्यक्ष डा. विश्राम यादव, पूर्व ज़िलाध्यक्ष यशपाल सिंह, ज़िला उपाध्यक्ष रामेश्वर पासवान, अम्बेडकर वाहिनी के राष्ट्रीय सचिव राम आशीष गौतम, आदित्य गौतम, भुवनेश्वर पासवान, मुन्ना राम, इन्द्रासन राम, रामजी राम, रामदेव तार बाबू , शिव कुमार रश्मि, शामू ठाकुर, सुरेश कुमार राम बैरिया, ज़िला उपाध्यक्ष विनायक मौर्या, लोहिया वाहिनी के ज़िलाध्यक्ष रोहित चौबे, अम्बेडकर वाहिनी के ज़िलाध्यक्ष बच्चन प्रसाद, युवजन सभा के ज़िलाध्यक्ष रजनीश यादव, ब्लाक प्रमुख बंशीधर यादव, ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि रितिक श्याम जी, ब्लाक प्रमुख आदित्य गर्ग, वरिष्ठ पत्रकार जय राम अनुरागी,रविदास मंदिर के अध्यक्ष कमलेश भारती, ज़िला उपाध्यक्ष रविन्द्र यादव, अभय सिंह रिंकू, महिला सभा की प्रदेश सचिव श्रीमती पुनीता सिंह सोनी, पंडित नागेश्वर, चन्द्रशेखर सिंह रसड़ा, पूर्व ज़िला पंचायत सदस्य विजय शंकर यादव, जमाल आलम, ज़िला पंचायत सदस्य पिंटू जावेद, सेराज खान, यूथ विग्रेड के ज़िलाध्यक्ष जलालुद्दीन जेडी, छात्र सभा के ज़िलाध्यक्ष प्रवीण सिंह, छात्र नेता धन जी यादव, कृष्णा यादव, गुड्डू यादव, कवीन्द्र भारती, सत्य नारायण भारती, रविन्द्र भारती, हरिहर राम प्रधान, भरत राम, सुरेश राम, रमाकान्त राम, सविता देवी, सुनीता देवी, माया भारती, ज़िला पंचायत सदस्य रेखा भारती, कृष्ण कुमार भारती, तीतील भारती, धन जी भारती, आदि भारी संख्या में लोग मौजूद रहे । कार्यक्रम में आएँ मंदिर के प्रबंधक व समाजवादी अम्बेडकर वाहिनी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मिठाई लाल भारती ने आभार व्यक्त किया ।



# खबर का असर: सरधना में बुलडोजर का एक्शन:अवैध कालोनियों पर गरजा एमडीए का बुलडोजर

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**सरधना (जावेद अब्बासी)।** खेती की जमीन का लैंडयूज परिवर्तित किए बिना कालोनाइजरों द्वारा अवैध कालोनियां बसाई जा रही हैं। उधर, पखवाड़े भर से एमडीए द्वारा अभियान चलाकर अवैध निर्माण को ढहाया जा रहा है। दैनिक बुलन्द संदेश ने बीते दिनों सरधना क्षेत्र में अवैध कॉलोनी को लेकर समाचार प्रकाशित किया तो मेरठ विकास प्राधिकरण हरकत में आया।अवैध कॉलोनी बनाकर मोटा मुनाफा कमाने वाले प्रॉपर्टी डीलरों के विरुद्ध मेरठ विकास प्राधिकरण की सख्ती दिन प्रतिदिन बढ़ती जा रही है।बुधवार को एमडीए की टीम ने सरधना के तहसील रोड़ स्थित तीन अवैध कॉलोनी पर बुलडोजर चलाया। यह कॉलोनी बिना मानचित्र पास कराए अवैध रूप से विकसित की गई थी। एमडीए के अधिकारियों ने जेसीबी की मदद से कॉलोनी की सड़कों व बाउंड्री वाल को ध्वस्त कर दिया। एमडीए की इस कार्यवाही से कॉलोनाइजरों में हड़कम मचा हुआ है।एमडीए के जेई पवन शर्मा के नेतृत्व में टीम बुधवार को सरधना पहुंची थी। टीम ने तहसील रोड़ स्थित कॉलोनी में पहुंचकर जेसीबी मशीन की मदद से अवैध रूप से विकसित की गई सड़कों में बाउंड्री वाल को ध्वस्त कर दिया। इस दौरान भारी सुरक्षा बल भी मौके पर मौजूद रहा। जई पवन शर्मा ने बताया कि सरधना क्षेत्र में विकसित की गई अवैध कॉलोनीयों पर कार्रवाई जारी रही है। जिन लोगों ने बिना मानचित्र के बिना अनुमति के कालोनिया कटी है, उनको बक्शा नहीं जाएगा। उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।उन्होंने बताया कि तहसील रोड़ स्थित कॉलोनी पर ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की गई है। यह कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।


मेरठ-अलीगढ़ आसपास

Email Id : Bulandsandesh@gmail.com
दैनिक बुलन्द संदेश

अवैध कॉलोनी: सरधना क्षेत्र में धड़ल्ले से काटी जा रही अवैध कॉलोनिया प्रशासन ने साधी चुप्पी

सुनहरे सपने दिखाकर काटी जा रही लोगों की जेब





# मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**शामली।** जिला बार एसोसिएशन रजिस्टर्ड शामली द्वारा माननीय मुख्यमंत्री जी के नाम एक ज्ञापन जो कि राज्य कर विभाग के प्रमुख सचिव एम देवराज जी द्वारा अधिनियम के विरुद्ध निर्देश जारी करते हुए अधिकारियों को वादों की कार्यवाही करने के लिए आदेशित किया जा रहा है के खिलाफ राज्य का विभाग में डिप्टी कमिश्नर महोदय प्रशासन (राज्य कर विभाग शामली) को दिया गया इस कार्य को करने के लिए बार एसोसिएशन के अध्यक्ष श्री विकास शर्मा एडवोकेट जी उपाध्यक्ष श्री देशपाल सिंह जी महामंत्री श्री अनुज कुमार जी कोषाध्यक्ष श्री मोहित वर्मा जी दिव्य मित्तल जी मोहित गुप्ता जी अनुराग गॉड जी सुनील सोनी जी मोहनलाल जी विक्रांत भार्गव जी सचिन सैनी जी आदि उपस्थित रहे।



# शस्त्र लाईसेंसी जिनके पास तीसरा शस्त्र है, 15 फरवरी तक जिलाधिकारी कार्यालय शस्त्र अनुभाग में शस्त्र लाईसेंस लेकर हो उपस्थितः नगर मजिस्ट्रेट

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मेरठ ( जावेद अब्बासी )।** प्रभारी अधिकारी (शस्त्र)/नगर मजिस्ट्रेट ने जनपद के समस्त शस्त्र लाईसेंस धारकों को सूचित करते हुए बताया कि आयुध अधिनियम 1959 एवं आयुध संशोधन अधिनियम-2019 में दी गयी व्यवस्था के अनुसार लाईसेंसधारक केवल दो शस्त्र रख सकते है यदि किसी लाईसेंसधारक के पास पूर्व से तीन शस्त्र लाईसेंस है, तो ऐसे लाईसेंसी किसी भी एक शस्त्र को आर्म्स डीलर या थाना मालखाना में निस्तारण कर शस्त्र लाईसेंस सरेण्डर कर देंगे। उक्त अधिनियम मे 13दिसंबर 2020 तक तीसरा शस्त्र का निस्तारण कर लाईसेंस सरेण्डर करने का समय दिया गया था।जिसके लिए प्रेस विज्ञप्ति दिनांक 24.06.2020, दिनांक 27.07.2020, दिनांक 27.07.2022, दिनांक 22.09.2022, दिनांक 19.01.2023 को शस्त्र अनुभाग द्वारा निर्गत करायी गयी थी। इस संबंध में समय-समय पर पुलिस अधिकारियों एवं क्षेत्रीय मजिस्ट्रेटों को अनुपालन सुनिश्चित कराये जाने के निर्देश निर्गत किये जाते रहे हैं, लेकिन अब भी यह तथ्य संज्ञान मे आ रहे है कि जनपद के शस्त्र लाईसेंसियों ने अपना तीसरा शस्त्र जमा कराकर शस्त्र लाईसेंस कार्यालय मे प्रस्तुत नही किये गये है।उन्होने जनपद के ऐसे समस्त शस्त्र लाईसेंसियों जिनके पास तीसरा शस्त्र है वह दिनांक 15 फरवरी 2025 तक जिलाधिकारी कार्यालय शस्त्र अनुभाग मे शस्त्र लाईसेंस लेकर उपस्थित हो और इससे पूर्व शस्त्र को थाना अथवा आर्म्स डीलर के यहाँ दाखिल कर दें अन्यथा आर्म्स एक्ट में दी गयी व्यवस्था के अनुसार वैधानिक कार्यवाही सुनिश्चित करायी जायेगी।

काव्य अधिवेशन

## पोएट्री विद मोहिनी का शानदार काव्य अधिवेशन

# नजारा वो हंसीं होगा, मेरे जब पास होगा तूः डॉ.सुमन मोहिनी

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**नई दिल्ली ।** राजधानी की प्रतिष्ठित साहित्यिक संस्था पोएट्री विद मोहिनी के द्वारा इंदिरापुरम में शानदार काव्य अधिवेशन का आयोजन किया गया। कला आकार स्टूडियो में आयोजित काव्य अधिवेशन की अध्यक्षता वाराणसी के सुप्रसिद्ध गजलकार गोपाल केशरी की ने की एवं मुख्य अतिथि के रूप में प्रसिद्ध कवयित्री एवं शिक्षाविद् डॉ रमा सिंह उपस्थित रहीं। मंच संचालन संस्थापिका एवं राष्ट्रीय ख्यातिनाम कवयित्री डॉ.सुमन मोहिनी ने किया।

कार्यक्रम के आरंभ में कवि सावन कुमार ने अपनी कविता में कहा कि अब चांद निकलने वाला है। वही सुप्रसिद्ध कवयित्री डॉ नीलाम अरोड़ा ने कहा कि सांसों का क्या भरोसा, ऐ वन्दे जान ले तू। ओज के कवि शिवम बर्मन ने अपनी देश भक्ति का इजहार कुछ इस तरह किया - तन समर्पित मातृभूमि पे, समर्पित कलम और वाणी की तरूणाई। अयोध्या से पधारी श्रृंगार की युवा कवयित्री अर्चना पाण्डेय ने कहा - तेरे आंचल की छाया में पलती रहूँ। धूल चरणों की माथे पे मलती रहूँ। राष्ट्रीय कवयित्री एवं मंच संचालिका डॉ सुमन मोहिनी ने अपनी सुमधुर वाणी में जब गजल सुनाई तो समूचा प्रांगण तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा । उन्होंने पढ़ा - नजारा वो हंसीं होगा मेरे जब पास होगा तू। खिलेगी चांदनी दिल में, सितारा खास होगा तू।। युवा एवं उत्साही कवि सैय्यद बदरूदुजा फैजाबादी ने कह- उसकी आँखों को इंतजार किसका है? उसके हाथों में गुलाब किसका है?।गीतकार, पत्रकार सुभाष श्रीवास्तव की बेटियां शान हमारी हैं, बेटियां मान हमारी है। युवा कवि ऋषि मौर्य ने कहा- इश्क जिनसे हुआ वह जुलुम कर गया। इनके अलावा गोल्डी गीतकार,रश्मि गंगवार रितु रस्तोगी, वीरेंद्र सिंह कौशल, डिंपल विकल खटाना, सत्यम सक्सेना प्रवीन रंजन ,श्याम किशोर, भारत मौर्य, दयाराम खारवाल ,संयम ,कुलदीप मिश्रा, अभिषेक मिश्रा ,अरुण राठौर, प्रियांशु नेगी, मदन सिंह, हरीश गंगवानी, सुमेर सिंह, अज्जू राजा, स्मिता सिंह चौहान, पवन मल्हार, ने भी अपनी बेहतरीन रचनाओं की प्रस्तुत देकर काव्य अधिवेशन में समा बांध दिया। काव्य अधिवेशन गरिमामयी तरीके से सुबह से सायं तक वरिष्ठ और युवा कवि कवयित्रियों ने एक से बढ़कर एक बेहतरीन रचनाओं की प्रस्तुति से काव्य की रसधार बहती रही। कार्यक्रम के अंत में पोएट्री विद मोहिनी संस्था की संस्थापिका राष्ट्रीय कवयित्री,गजलकारा डॉ.सुमन मोहिनी सलोनी ने सभी आगंतुकों और रचनाकारों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त किया।




# कानपुर में आर्मी कमांडिंग ऑफिसर समेत की मौत की वजह बनी तेज रफ्तार बंबा में कार गिरने से दो गंभीर

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कानपुर (सुनील बाजपेई)।** तेज रफ्तार यहां कार सवार दो युवकों की मौत का कारण बन गई। उनकी तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर बम्बे में गिर गई, जिसके फल स्वरुप दो युवकों की मौत हो गई और दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। यह घटना घाटमपुर थाना क्षेत्र में धरमंगदपुर गांव के पास स्थित बंबा पुल पर हुई।

मौके पर पहुंची घाटमपुर पुलिस से प्राप्त जानकारी के मुताबिक मृतकों में बैंगलोर में तैनात आर्मी कमांडिंग ऑफिसर राहुल सिंह (28) और इस्माइलपुर गांव निवासी राजमिस्त्री रामू कुशवाहा उर्फ वीरेंद्र (28) शामिल हैं। हादसे में गंभीर रूप से घायल शिवम (25) और रूपेश (28) को हैलट अस्पताल रेफर किया गया है।

पुलिस ने बताया कि सभी दोस्त अकबरपुर से पतारा कस्बे में आयोजित एक शादी समारोह में जा रहे थे। मृतक राहुल सिंह अपने दोस्त आशीष की शादी में शामिल होने के लिए दो दिन पहले ही छुट्टी लेकर आए थे।

इस हादसे के बाद राहगीरों की सूचना पर पहुंचे घाटमपुर इंस्पेक्टर धनंजय कुमार पाण्डेय व पतारा चौकी इंचार्ज अनुज राजपूत ने बंबा से कार सवार घायलों को बाहर निकालकर एंबुलेंस की मदद से पतारा सीएचसी पहुंचाया। जहां डॉक्टर ने सेना के जवान समेत दो को मृत घोषित कर दिया। वही दो गंभीर हालत में हैलट अस्पताल मैं भर्ती कराए गए हैं ,जहां उनकी हालत लगातार गंभीर बनी हुई है। पुलिस ने मृतकों की लाशों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस अगली कार्रवाई के लिए तहरीर का इंतजार कर रही है।

# बोर्ड परीक्षा: नकल विहीन परीक्षा को सेक्टर व जोनल मजिस्ट्रेटों की लगाई जा रही ड्यूटी

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** यूपी बोर्ड परीक्षा की तैयारी को अंतिम रूप दिया जा रहा है। 108 केंद्रों पर नकल विहीन परीक्षा कराने के लिए सेक्टर व जोन में बांटा गया है। जिसमें जोनल व सेक्टर मजिस्ट्रेट की ड्यूटी जिलाधिकारी के स्तर से लगाई जा रही है। इन पर परीक्षा की शुचिता व व्यवस्था बनवाने का दायित्व होगा। जिलाधिकारी ने परीक्षा की शुचिता हर हाल में बनाए रखने का निर्देश दिया है।

जिले में यूपी बोर्ड की परीक्षा के लिए 108 केंद्र बनाए गए हैं। नकल विहीन परीक्षा कराने के लिए केंद्रों को 18 सेक्टर व 4 जोन में बांटा गया है। हर सेक्टर व जोन में एक-एक मजिस्ट्रेट स्तर के अधिकारी की तैनाती की जा रही है। इसके अलावा केंद्रों पर केंद्राध्यक्ष के अलावा एक-एक स्टेटिक मजिस्ट्रेट भी रहेंगे। सीसीटीवी कैमरे की




निगरानी में परीक्षा नकल विहीन, सकुशल व शांतिपूर्ण तरीके से कराने के लिए सभी प्रबंध कराए जा रहे हैं। जिला विद्यालय निरीक्षक देवेंद्र कुमार पांडेय का कहना है कि 108 केंद्रों पर परीक्षा कराई जाएगी। सीसीटीवी कैमरे की निगरानी में परीक्षा होगी। उत्तर पुस्तिकाओं का वितरण जीआईसी से कराया जा रहा है।

# रिश्तेदारी से दाबत खाकर लौट रहे युवक को अज्ञात वाहन ने रौदा मौके पर ही मौत

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**क्योलडिया ।** हाफिजगंज थाना क्षेत्र के गांव पेमपुर के सुखलाल उम्र 45 वर्ष थाना क्षेत्र क्योलडिया के गांव जबेदा जबेदी में मृतक की

**परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल**

बेटी नेहा कि ससुराल में देवर की शादी मे आये हुए थे शाम को दावत खाकर मोटरसाइकिल से रात्रि करीब 10:00 बजे बह अपने गांव जाने को निकले सड़क किनारे मंदिर के पास किसी अज्ञात वाहन की चपेट में आ गए जिससे वह उन्हें रौंदते हुए चला गया जिससे



उनकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई सुबह को गांव के लोग तथा राहगीरो ने क्षतिग्रस्त मोटरसाइकिल खाई में पड़ी देखी दूसरी तरफ सड़क किनारे मृतक का शव पड़ा देख होश उड़ गए घटना कि सूचना आग की तरह गांव में फैल गई मृतक के बेटी ने पिता के रूप में पहचान की मौत से घर वालों को पता चल चला तो रोते बिलखते परिजन घटनास्थल पर पहुंचे सूचना मिलने पर प्रभारी निरीक्षक जितेंद्र कुमार सिंह पुलिस फोर्स के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और शवको कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया मृतक के पुत्र ने अज्ञात वाहन के खिलाफ पुलिस को तहरीर दी जिस पर पुलिस ने अभियोग पंजीकृत कर कार्यवाही शुरू कर दी तो बही परिवार वालों का रो रो कर बुरा हाल है।

## सीबीएसई परीक्षा 15 फरवरी से शुरू होगी: 16 परीक्षा केंद्रों पर परीक्षा देंगे साढ़े नौ हजार विद्यार्थी

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** सीबीएसई की दसवीं और 12वीं की परीक्षाओं की तैयारियां पूरी हो गई हैं। स्कूलों की ओर से विद्यार्थियों को प्रवेशपत्र उपलब्ध करवा दिए गए हैं। पदाधिकारियों का कहना है कि मुरादाबाद जनपद में 16 केंद्रों पर परीक्षा का आयोजन किया जाएगा। सीबीएसई परीक्षाएं 15 फरवरी से शुरू होनी जा रही हैं। दसवीं की परीक्षाएं 18 मार्च और 12वीं की चार अप्रैल तक चलेंगी। जनपद भर के विभिन्न स्कूलों के तकरीबन साढ़े नौ हजार विद्यार्थी परीक्षा में सम्मिलित होंगे। इसमें कुछ विद्यार्थी व्यक्तिगत माध्यम के भी हैं। इन विद्यार्थियों की परीक्षा के लिए जिले में कुल 16 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। सीबीएसई बोर्ड ने परीक्षा के लिए विद्यार्थियों को विभिन्न निर्देश जारी किए हैं। इसमें परीक्षा केंद्र में उन्हें स्कूल यूनिफॉर्म और परिचयपत्र पहनना अनिवार्य होगा। परीक्षार्थियों को परीक्षा केंद्र पर स्कूल यूनिफॉर्म और परिचयपत्र पहनकर समय से पहुंचने के निर्देश दिए गए हैं। इसके साथ ही उन्हें बोर्ड द्वारा निर्धारित निदेर्शों का पालन करने को कहा गया है, जिससे परीक्षा के समय उन्हें किसी असुविधा का सामना न करना पड़े।प्रवेशपत्र भी लाना होगा। केंद्र पर समय सीमा का पालन न करने वाले विद्यार्थियों को प्रवेश नहीं मिल सकेगा। मोबाइल, स्मार्ट वॉच, ईयरपॉड और ब्लूटूथ जैसे उपकरण प्रतिबंधित रहेंगे।

## खतौनी में खामियों को दूर करने के लिए हर शुक्रवार को तहसील में लगेगा विशेष कैंप

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ ( सुदेश बिश्नोई)।** खतौनियों में आई खामियों को दूर करने के लिए अब हर शुक्रवार को तहसील में विशेष कैंप का आयोजन किया जाएगा ' यह जानकारी गुरुवार को एसडीएम संत दास पवार ने पत्रकारों को दी। उन्होंने बताया कि कई माह से खतौनियों को ठीक करने का काम चल रहा है लेकिन अभी भी काफी तादाद में खतौनियों को ठीक किया जाना है जिसके लिए उन्होंने शुक्रवार का दिन तय किया है हर शुक्रवार को तहसील में लेखपालों की बैठक भी बुलाई जाती है और उस दिन सभी क्षेत्र के लेखपाल मौजूद रहते हैं। इसलिए एसडीएम ने शुक्रवार के दिन ही खतौनी दुरुस्त करने के लिए कैंप लगवाएं जाने के निर्देश तहसीलदार को दिए हैं' तहसीलदार रामवीर सिंह का कहना है कि किसानों को इस कैंप का लाभ उठाना चाहिए और हर शुक्रवार को किसानों को आकर अपनी शिकायत दर्ज करा कर उनका त्वरित समाधान कराना चाहिए। उन्होंने क्षेत्र के किसानों से इस अवसर का लाभ उठाए जाने का आह्वान किया है।

### तहसील बनने के 23 साल बाद भी मिट्टी का परीक्षण करने के लिए प्रयोगशाला नहीं : किसान यूनियन नेता के पत्र पर हुई कार्रवाई,अब उम्मीद जगी

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** तहसील क्षेत्र में मिट्टी परीक्षण प्रयोगशाला खोले जाने की मांग को लेकर भारतीय किसान यूनियन टिकैट सैकडो बार शासन प्रशासन को ज्ञापन दे चुकी है और यह मांग वर्षो पुरानी हो गई है लेकिन इसके बाद भी अभी तक कांठ तहसील में मिट्टी परीक्षण प्रयोगशाला तैयार नहीं हो पाई है। मिट्टी का परीक्षण करने के लिए हजारों किसानों को मुरादाबाद जाना पड़ता है'22 जनवरी को किसान नेता चौधरी ऋषिपाल सिंह ने जिला अधिकारी को ज्ञापन देकर तहसील क्षेत्र में मिट्टी परीक्षण प्रयोगशाला स्थापित कराए जाने की मांग उठाई थी जिस पर अब विभाग सक्रिय हो गया है सहायक निदेशक मृदा परीक्षण हर्षित चौहान ने संयुक्त कृषि निदेशक मृदा परीक्षण को पत्र लिखकर बताया कि जनपद स्तरीय प्रयोगशाला तो मुरादाबाद मुख्यालय में संचालित है लेकिन बिलारी और ठाकुरद्वारा तहसील में भी प्रयोगशालाए काम कर रही है ।

# क्षेत्राधिकारी ने शहर इमाम के दावेदारों के साथ की बैठक

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बिलारी (एम.के.भारती सैफी)।** पुलिस क्षेत्राधिकारी राजेश कुमार तिवारी ने शहर इमाम के दावेदारों को बुलाकर की विशेष बैठक, जिसमें पाया गया कि वर्तमान समय में कोई भी शहर इमाम नहीं है, पहले तीन उलेमा की सहमति पर शहर इमाम का इंतखाब कर लिया गया था, जिसमें मुफ्ती मुरादाबाद की तस्दीक कर ली गई जो बाद में उन्होंने विरोध होने पर खारिज कर दी थी। जिसका मामला तूल पकड़ता हुआ नजर आ रहा था, अब आने वाली 14 फरवरी को बाद नमाजे जमा खुली बैठक में उलेमा और अवाम के बीच शहर इमाम का इंतखाब होना था। इस खबर से प्रशासन में खलबली मच गई और उन्हें अंदेशा था कि कहीं विवाद ना हो जाए। इसी को लेकर के गुरुवार दोपहर शहर इमाम के दावेदारों को और शहर ईदगाह कमेटी के अध्यक्ष हाजी मोहम्मद रफी उर्फ राजू को बुलाया गया, जिनके साथ विशेष वार्ता की गई। जिसमें तय पाया गया



कि वर्तमान में कोई भी शहर इमाम नहीं है, अब सभी दावेदारों से यह कहा गया है कि वह अपने बरेली मरकज जाएं और वहां की गाइडलाइन लेकर आएं, उसके बाद ही शहर इमाम का इंतखाब होना तय पाया है। कोतवाली प्रभारी सत्येंद्र कुमार ने सभी से शांति व्यवस्था की अपील की। इस दौरान मुख्य रूप से ईदगाह कमेटी के अध्यक्ष हाजी मोहम्मद रफी उर्फ राजू, कारी हबीबुर रहमान, कारी मुजीबुर रहमान, शकील अहमद साबरी, हाफिज मकबूल, मौलाना मुख्तार आलम नईमी, मौलाना रफीक अहमद, कारी रईस अशरफ, हाफिज मुकीम अहमद, पूर्व ग्राम प्रधान सलीम सैफी आदि सहित अनेक लोग मौजूद रहे।

# गुरु जंभेश्वर विश्वविद्यालय का परीक्षा भवन कांठ में बनने की उम्मीद

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** गुरु जंभेश्वर विश्वविद्यालय के संचालन की तैयारी तेज हो गई हैं। कुलपति और कुलसचिव की नियुक्ति के बाद शासन ने सम सेमेस्टर की परीक्षाएं करवाने को कहा है। इसी को देखते हुए अधिकारियों ने अस्थायी परीक्षा भवन बनाने के लिए राजकीय महाविद्यालय मथाना का चयन किया है।राजकीय पॉलीटेक्निक में बन रहे कार्यालय में अभी मेंटीनेंस से संबंधित कुछ कार्य शेष हैं।




अधिकारियों का कहना है कि 95 फीसदी कार्य पूरा हो चुका है। शेष कार्य भी तीन-चार दिन में पूरे हो जाएगा। ऐसे में इस सप्ताह के अंत तक या अगले सप्ताह में कार्यालय का संचालन शुरू हो जाएगा। विश्वविद्यालय का निर्माण कार्य जारी है। भवन निर्माण तक अधिकारियों को अस्थायी कार्यालय और परीक्षा भवन तैयार करने के लिए कहा गया है। इसी के तहत कुलपति और कुलसचिव ने राजकीय महाविद्यालय मथाना कांठ का निरीक्षण किया था।अधिकारियों का कहना है कि प्रमुख सचिव निर्माण कार्य की समीक्षा कर रहे हैं। राजकीय महाविद्यालय मथाना का भवन अभी नया बना है। परिसर की भूमि को समतल करने का कार्य शेष है। इसके लिए भी शासन स्तर से जनवरी माह में धनराशि भेज दी गई है। आगामी एक सप्ताह में भूमि समतल करने का कार्य भी पूरा होने की संभावना है अधिकारियों का कहना है कि राजकीय पॉलीटेक्निक में अभी अस्थायी कुलपति कार्यालय संचालित होगा। यहां पर कुलपति के अलावा कुलसचिव और कुछ स्टॉफ रहेगा। ऐसे में यदि शासन से परीक्षा करवाने के निर्देश मिलते हैं तो राजकीय पॉलीटेक्निक के भवन में यह कार्य संभव नहीं है। इसलिए विकल्प के तौर पर राजकीय महाविद्यालय मथाना को देखा गया है।

# बैडमिंटन में मुरादाबाद स्टेट चैंपियन: चारों वर्गों में मुरादाबाद विजेता, वूमेंस सिंगल्स में आजमगढ़ उपविजेता

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई )।** ओपन स्टेट बैडमिंटन चैंपियनशिप का समापन सोनकपुर स्टेडियम में हुआ। मेंस सिंगल्स, वूमेंस सिंगल्स, मॅस डबल्स व वूमेंस डबल्स वर्ग में रोमांचक मुकाबले खेले गए। चारों वर्गों में जीतकर मुरादाबाद के खिलाड़ी स्टेट चैंपियन बने। इसके साथ ही तीन वर्गों में उपविजेता का खिताब भी मुरादाबाद के खिलाड़ियों के ही नाम रहा। सिर्फ वूमेंस सिंगल्स में आजमगढ़ की खिलाड़ी उपविजेता बनीं।यह प्रतियोगिता खेल निदेशालय व उत्तर प्रदेश बैडमिंटन संघ के समन्वय से आयोजित हुई। समापन के मौके पर बेटी बचाओ बेची पढ़ाओ की संयोजिका अल्पना रितेश गुप्ता मुख्य अतिथि रहीं। विशिष्ट अतिथि के रूप में राजेश रस्तोगी रहे। दानों ने विजेता व उपविजेता खिलाड़ियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया 'बैडमिंटन चैंपियनशिप का परिणामः वूमेंस सिंगल्स : विजेता- सिमरन चौधरी (मुरादाबाद), उपविजेता माया कुमारी (आजमगढ़)।



मेंस सिंगल्स विजेता अंश गौड़ (मुरादाबाद),उपविजेता दिव्यांश प्रताप सिंह (मुरादाबाद)
वूमेंस डबल्स विजेता माही गुंबर व राधिका रस्तोगी'(मुरादाबाद), उपविजेता सिमरन चौधरी और अमरीन बानो (मुरादाबाद)
मेंस डबल्स : विजेता अक्षित गुप्ता व अंश गौड़ (मुरादाबाद), उपविजेता- देवेश अग्रवाल व विशालसिंह (मुरादाबाद)' इस मौके पर संयुक्त सचिव डॉ. अजय पाठक, बदायूं के क्रीड़ाधिकारी अमित रिछारिया, बैडमिंटन कोच आसिफ सिद्दीकी, वॉलीबॉल कोच निशा, कुश्ती कोच गोविंद यादव आदि ने खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाया।

# असीम श्रद्धा और श्रद्धा का केंद्र का शिव मंदिर ढाकी

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ ( सुदेश बिश्नोई ) ।** लाखों लोगों के लिए असीम आस्था और श्रद्धा का केंद्र शिव मंदिर ढाकी पर महाशिवरात्रि को हजारों लोग जलाभिषेक कर मनोतिया मांगेंगे 'करीब 120 वर्ष पुराने इस शिव मंदिर पर जो सच्चे मन से जलाभिषेक करता है

**26 फरवरी को लगेगा विशाल मेला, शिव भक्त करेंगे जलाभिषेक**

उसकी मुराद पूरी होती है । कांठ तहसील का सबसे प्राचीन शिव महादेव मंदिर से स्थानीय ही नहीं न बल्कि दूर दराज के श्रद्धालुओं की भी आस्था जुड़ी है । महाशिवरात्रि के अवसर पर हर साल यहां विशाल मेला लगता है । हजारों की संख्या में शिव भक्त कांवड़िये यहां गंगा जल से भगवान शंकर का जलाभिषेक करते हैं । महाशिवरात्रि पर यहां विशाल मेला लगता है मेले की लिए सभी व्यवस्थाएं पूरी कर ली गई हैं। यहां पर करीब 120 वर्ष पहले शिवलिंग



जोड़े के रूप में प्रकट हुआ था । ग्रामीण पहले तो इनसे अनजान रहे लेकिन जब यह धीरे धीरे बढ़ने लगे तो जानकारों को दिखाया गया । शिवलिंग बताए जाने पर यहां पूजा अर्चना की जाने लगी । ग्रामीणों के अनुसार उस वक्त यह गांव अमरोहा के जमींदार फकरू हसन की जमींदारी में आता था । उसका जयंती प्रसाद नाम का कारिंदा मंदिर के सामने एक मकान में रहता था । उसने ढोंग बताते हुए शिवलिंगों को तुड़वा दिया । लेकिन रात को शिवलिंग पहले से ज्यादा बढ़ गए । कांठ तहसील में छजलैट से बिजनौर मार्ग पर चार किलोमीटर चलने के बाद गांव ढाकी के लिए प्राचीन महादेव मंदिर स्थित है । यहां पर महादेव भगवान शिव का प्राचीन मंदिर है । कभी इस मंदिर का निर्माण क्षेत्र के गांव सदूपुरा के रिसाल सिंह की पत्नी उमा कौर ने करीब 80 साल पहले एक मनौती पूरी होने पर कराया था । 26 फरवरी को शिव मंदिर पर दूरदराज से आए हजारों शिवभक्त यहां जलाभिषेक करेंगे ।

# अंतर्राष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस-फॉरेंसिक अगोरा में टीएमयू के ईशान जैन का पोस्टर पुरस्कृत

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मुरादाबाद।** बियोंड द एविडेंसः रिफ्लेक्टिंग ऑन फॉरेंसिक इन्नोवेशन्स टू शेप द फ्यूचर ऑफ क्रिमिनल जस्टिस पर गलगोटियास यूनिवर्सिटी, नोएडा में आयोजित दो दिनी 3वीं अंतर्राष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस- फॉरेंसिक अगोरा में

**तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी में 27 फरवरी से होगी दो दिनी इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस- हेल्थफोर्स- 2025**

तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद के एमएससी फॉरेंसिक साइंस के स्टुडेंट ईशान जैन ने पोस्टर प्रेजेंटेशन प्रतियोगिता में तीसरा स्थान प्राप्त किया। गलगोटियास यूनिवर्सिटी और तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद के संयुक्त रुप से हुई अंतर्राष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस में फॉरेंसिक साइंस के क्षेत्र में नवाचारों और उनकी न्याय प्रणाली में भूमिका के बारे में विस्तार से मंथन हुआ। अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन फॉरेंसिक अगोरा में देश-विदेश के प्रतिष्ठित विशेषज्ञों, शोधकर्ताओं, प्रोफेसर्स और छात्रों ने प्रतिभाग किया। साथ ही आधुनिक फॉरेंसिक तकनीकों, डिजिटल फॉरेंसिक्स, डीएनए विश्लेषण, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के उपयोग और न्याय प्रणाली में फॉरेंसिक विज्ञान की भूमिका पर अपने-अपने रिसर्च पेपर्स प्रस्तुति के संग-संग अनुभव भी साझा किए। नोएडा से वापसी पर टीएमयू के स्टुडेंट ईशान जैन ने कॉलेज ऑफ पैरामेडिकल साइंस के प्राचार्य प्रो. नवनीत कुमार से शिष्टाचार मुलाकात की। प्राचार्य ने अपने छात्र ईशान जैन को हार्दिक बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की है। कॉन्फ्रेंस में फॉरेंसिक साइंस के क्षेत्र में हो रहे अत्याधुनिक नवाचारों को बढ़ावा देना, कानून प्रवर्तन और न्याय प्रक्रिया को अधिक प्रभावी बनाने पर जोर दिया गया। फॉरेंसिक विशेषज्ञों और छात्रों ने अपराध जांच में फॉरेंसिक साइंस के उन्नत तरीकों, साइबर फॉरेंसिक्स, बायोमेट्रिक्स, और फॉरेंसिक टॉक्सिकोलॉजी जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर गहनता से विचार-विमर्श भी किया। टीएमयू के 59 प्रतिभागियों ने कॉन्फ्रेंस की विभिन्न गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। सम्मेलन में टीएमयू के मेडिकल लैब तकनीक की एचओडी डॉ. रुचि कान्त, फॉरेंसिक के एचओडी श्री रविकुमार फैकल्टीज- श्री योगेश कुमार, मिस सौम्या त्रिपाठी, मिस अपूर्वा सिंह के संग-संग फॉरेंसिक के छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। साथ ही टीएमयू में 27-28 फरवरी, 2025 से होने वाली इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस- हेल्थफोर्स 2025 के लिए डॉ. रुचि कान्त और श्री रवि कुमार ने गलगोटियास यूनिवर्सिटी के रजिस्ट्रार डॉ. नितिन कुमार गौड़ से भेंट कर उन्हें आमंत्रण दिया।



# प्राथमिक शिक्षक संघ ने न्याय पंचायत स्तर पर आधार कार्ड कैंप लगाने के लिए खंड शिक्षा अधिकारी को दिया ज्ञापन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ छजलैट के अध्यक्ष डॉ कपिल सिरोही के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल आज प्रभारी खंड शिक्षा अधिकारी भूपेश दिनकर से मिला' प्रतिनिधिमंडल ने विद्यालय में अध्यनरत छात्र-छात्राओं की अपार आईडी (ऑटोमेटेड परमानेंट एकेडमिक अकाउंट रजिस्ट्री) के लिए प्रत्येक न्याय पंचायत स्तर पर आधार विहीन छात्र छात्राओं के आधार कार्ड हेतु आधार कार्ड कैंप लगाने के सबंध में ज्ञापन दिया।ज्ञापन में बताया गया कि कार्यालय महानिदेशक स्कूल शिक्षा एवं राज्य परियोजना निदेशक समग्र शिक्षा, लखनऊ के अनुसार विद्यालयों में अध्ययनरत छात्र छात्राओं की शैक्षिक प्रगति व उपलब्धि को ट्रैक किये जाने हेतु अपार आईडी (ऑटोमेटेड परमानेंट एकेडमिक अकाउंट रजिस्ट्री) के दिशा निर्देश प्राप्त हुए हैं, जिसके अनुपालन में शिक्षकों द्वारा अध्यनरत छात्र-छात्राओं की अपार आईडी बनाने का कार्य किया जा रहा है, लेकिन कुछ छात्र-छात्राओं के आधार कार्ड न बने होने के कारण व छात्र छात्राओं के विद्यालय अभिलेख व आधार में भिन्नता होने के कारण अपार



आईडी का कार्य शत प्रतिशत पूर्ण नहीं हो पा रहा है, जिसके लिए न्याय पंचायत स्तर पर आधार कार्ड कैंप लगाने की मांग की गयी है। जिससे आधार कार्ड विहीन बच्चों के आधार बन सके उनके आधार कार्ड अपडेट हो सके। प्रतिनिधि मंडल में दुष्यंत यादव,हेतराम सिंह,रिजवान अहमद, जुबैर अहमद, हरवीर सिंह,दिनेश सैनी,मेघराज सिंह,लोकिंदर सिंह, भूपेंद्र यादव, कृष्ण गोपाल सिंह,दमन चौहान,सतवीर सिंह, सुखवीर सिंह, डॉ सुनील मान, विवेक कुमार,आदि शामिल थे।

**स्वागत** बुद्ध से जुड़े पर्यटन स्थलों को तेजी से विकसित किया जा रहा-जयवीर सिंह

# पर्यटन मंत्री ने जापानी प्रतिनिधि मंडल का किया हार्दिक स्वागत एवं अभिनन्दन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**लखनऊ (लेखराम मौर्य)।** जापान के यामानासी प्रांत के उप राज्यपाल ओसादा के नेतृत्व में राजधानी पधारे जापानी प्रतिनिधि मंडल का हार्दिक अभिनन्दन एवं स्वागत करते हुए प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने कहा कि उ0प्र0 भगवान बुद्ध की कर्म भूमि रही है। भगवान बुद्ध से जुड़े अधिकांश धर्मस्थल उ0प्र0 में ही स्थित हैं। जहां पर लाखों की संख्या में बौद्ध श्रद्धालु आते रहते हैं। राज्य सरकार इन धर्मस्थलों की महत्ता को देखते हुए पर्यटन विकास संबंधी योजनाओं पर तेजी से काम किया जा रहा है।

श्री सिंह आज यहां गोमती नगर के एक स्थानीय होटल में जापानी प्रतिनिधि मंडल का स्वागत कर रहे थे। उन्होंने जापानी प्रतिनिधि मंडल से बौद्ध पर्यटन स्थलों के विकास एवं पूंजी निवेश सहित कई बिन्दुओं पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा कि बौद्ध धर्म की उत्पत्ति उ0प्र0 की धरती पर हुई। भगवान बुद्ध से जुड़े श्रद्धालुओं के लिए उ0प्र0 एक प्रमुख गन्तव्य स्थल है। साथ ही पर्यटन को बढ़ावा देने का भी एक अवसर है। बौद्ध पर्यटकों के वर्ष पर्यन्त उ0प्र0 आने से रोजगार के साथ स्थानीय लोगों को भी लाभ मिल रहा है। उन्होंने कहा कि बौद्ध धर्म से जुड़े पवित्र स्थलों को सम्मिलित करके पर्यटन विकास की कई योजनायें संचालित की जा रही हैं। 12 टूरिज्म सेक्टरों में से 01 योजना बुद्धिष्ट सर्किट भी शामिल है। इसका विकास केन्द्र और राज्य सरकार की प्राथमिकताओं में है। रेल, जल, हवाई और सड़क की बेहतर कनेक्टिविटी पर तेजी से काम किया जा रहा है। उ0प्र0 में सुरक्षा की गारण्टी होने के कारण विदेश से आने वाला हर पर्यटक उ0प्र0 में स्थित अपने पसंदीदा पर्यटन स्थलों को देख सकता है। पर्यटन मंत्री ने कहा कि भगवान बुद्ध के अनुयायी जापान के साथ-साथ भारत में भी हैं। जो दोनों देशों को







भावनात्मक रूप से जोड़ते हैं। वैचारिक और दार्शनिक अध्यात्मिकता के साथ विकास के क्षेत्र में भी खासतौर से उ0प्र0 और जापान आर्थिक रूप से जुड़े हुए हैं। भारत का जापान से सांस्कृतिक एवं अध्यात्मिक संबंध है। यह प्रतिनिधि मंडल दोनों देशों के रिश्तों को और मजबूत करने तथा भगवान बुद्ध से जुड़ने का एक खास मौका देता है। उ0प्र0 में बौद्ध धर्म को और ऊंचाई पर ले जाने के लिए सभी परिस्थितियॉ अनुकूल हैं। उन्होंने कहा कि जापान से रिश्ते भविष्य में और मजबूत होंगे। यामानासी प्रांत के सलाहकार नीरेन्द्र उपाध्याय हैं, जो उ0प्र0 के रहने वाले हैं। उनकी इस दिशा में बड़ी भूमिका है।

जापान के यामानाशी प्रांत के उपराज्यपाल को ओसादा ने कहा कि उत्तर प्रदेश के पावन स्थलों और यहां संभावनाओं को जानकार काफी प्रभावित हूं। जापान में टूरिज्म का मतलब ज्ञान का प्रकाश फैलाना होता है जो जगह के महत्व को बताता है। हम लोग पर्यटन के विकास के लिए उत्तर प्रदेश के साथ काम करेंगे। निवेश अवसर की तलाश में जापान से एक बड़ा डेलिगेशन उत्तर प्रदेश आएगा।

# शब-ए-बरात: मुस्लिम समाज ने कब्रिस्तान में जाकर अजीजों के लिए दुआ की, पूरी रात चला इबादत का सिलसिला

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** इस्लाम में शब-ए-बरात की रात का मर्तबा बहुत अफजल बताया गया है। उलमा के मुताबिक इस रात जो भी बंदा सच्चे दिल से दुआ मांगता है, अल्लाह उसकी दुआओं को कबूल फरमाता है। इसके लिए आज पूरी रात इबादत का सिलसिला चलता रहा।कब्रिस्तान जाना पैगंबर इस्लाम सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम की सुन्नत बताया गया है। लिहाजा शब-ए-बारात की रात मुस्लिम समाज के लोग कब्रिस्तानों में जाकर दुनिया से रुखसत हो चुके अपने अजीजों के लिए दुआ करते हैं' शब-ए-बरात को लेकर नगर एवं क्षेत्र के सभी कब्रिस्तानों में साफ सफाई का काम मुकम्मल किया गया था। प्रमुख कब्रिस्तानों में रोशनी कर झालरों से सजाया गया है। मुस्लिम समाज के लोग इस मौके पर घरों में तरह-तरह का हलवा बनाते हैं। नजरो नियाज कर लोगों को हलुआ आदि बांटते हैं। यह सिलसिला रात से भोर तक चलता रहता है।





# दुलहनिया बीड़ीवाली शो में नजर आएंगी पौलमी दास

'बिग बॉस ओटीटी 3इ की पूर्व प्रतियोगी पौलमी दास 'दुलहनिया बीड़ीवालीइ शो में मुख्य भूमिका में नजर आएंगी। शो में अभिनेत्री के किरदार का नाम चंपा है।

'दुलहनिया बीड़ीवाली की कहानी निशा नामक एक नवविवाहिता की है, जो अपने पति रोहन के साथ अपने पैतृक गांव जाती है, जहां उसे चंपा (पौलमी) की किंवदंती से जुड़े एक अभिशाप का पता चलता है। गांव में रिवाज रहता है कि इस भय से बचने के लिए हर आदमी को दुल्हन की पोशाक पहननी पड़ेगी। हालांकि, रोहन ऐसा करने से इंकार कर देता है। इसके बाद कहानी में से कई रहस्य सामने आने लगते हैं, जिसे लेकर गांव में भय व्याप्त हो जाता है। निशा का अतीत उसके सामने आकर खड़ा हो जाता है। इसके बाद वह रोहन की रक्षा करने और अभिशाप को तोड़ने के लिए लड़ाई लड़ती है।

'दुलहनिया बीड़ीवालीइ में ड्रामा रहस्य, परंपरा और अलौकिक तत्वों का मिश्रण है। अभिनेत्री पिछली बार एएलटीटी के शो 'नागवधू- एक जहरीली कहानीइ में नजर आई थीं। अभिनेत्री इंडियाज नेक्स्ट टॉप मॉडल में एक प्रतियोगी के तौर पर भाग ले चुकी हैं। साल 2016 में वह 'सुहानी सी एक लड़कीइ में भी काम कर चुकी हैं, जिसमें उनके किरदार का नाम 'बेबीइ रहता है।

अभिनेत्री को 'दिल ही तो है में 'अनन्या पुरी नामक किरदार के रूप में लिया गया था। साल 2020 में उन्हें 'कार्तिक पूर्णिमाइ में 'पूर्णिमाइ की मुख्य भूमिका में लिया गया। पौलमी 'पौरषपुर और 'नागिन 6 टाइटल के वेब सीरीज में भी काम कर चुकी हैं। पौलमी 'बिग बॉस ओटीटी के तीसरे सीजन में भी भाग ली थीं, जिसे बॉलीवुड स्टार अनिल कपूर ने होस्ट किया था। शो का ग्रैंड फिनाले अगस्त 2024 में हुआ, जिसमें सना मकबूल विजेता और नैजी शेख उपविजेता बनीं। तीसरे सीजन में पौलमी शो के 12वें दिन बाहर हो गई थीं।

# बॉक्स ऑफिस पर बैडएस रविकुमार को नहीं मिल रहे दर्शक, चौथे दिन कमाए केवल इतने लाख रुपये

सिनेमाघरों में इन दिनों कई फिल्में प्रदर्शित हो रही हैं। इन्हीं में एक हिमेश रेशमिया की बैडएस रविकुमार भी है।

यह फिल्म 7 फरवरी को सिनेमाघरों में रिलीज हुई और समीक्षकों से इसे मिली-जुली प्रतिक्रिया भी मिली, लेकिन दर्शकों ने इस फिल्म को नकार दिया है।

बॉक्स ऑफिस पर यह उम्मीद के मुताबिक प्रदर्शन नहीं कर पाई। फिल्म का कारोबार लाखों में सिमट गया है।

अब बैडएस रवि कुमार की कमाई के चौथे दिन के आंकड़े सामने आ गए हैं।

बॉक्स ऑफिस ट्रैकर सैकनिल्क के मुताबिक, बैडएस रवि कुमार ने अपनी रिलीज के



चौथे दिन यानी पहले सोमवार को 60 लाख रुपये का कारोबार किया, जिसके बाद इसका कुल बॉक्स ऑफिस कलेक्शन 6.75 करोड़ रुपये हो गया है।

इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर 2.75 करोड़ रुपये के साथ धीमी शुरूआत की थी, वहीं दूसरे दिन इसने 2 करोड़ रुपये का कारोबार किया। तीसरे दिन यह फिल्म 1.4 करोड़ रुपये का कारोबार करने में सफल रही। हिमेश के अलावा बैडएस रवि कुमार में कोरियोग्राफर और अभिनेता प्रभु देवा भी मुख्य भूमिका में हैं।

इस हाई-ऑक्टेन एक्शन म्यूजिकल फिल्म का निर्देशन कीथ गोम्स ने किया है। कीर्ति कुल्हारी, संजय मिश्रा, जॉनी लीवर जैसे कलाकार भी इस फिल्म का हिस्सा हैं।

बैडएस रवि कुमार की कहानी एक पुलिसवाले की है, जो कानून के दायरे से अलग होकर काम करता है। देश से जुड़े रहस्यों की रक्षा करने के लिए वो एक मिशन पर है।

# बॉक्स ऑफिस पर जुनैद खान और खुशी कपूर की फिल्म लवयापा का हाल-बेहाल, लाखों में सिमटी कमाई

जुनैद खान और खुशी कपूर काफी समय से फिल्म लवयापा को लेकर चर्चा में हैं। उनकी यह फिल्म बीते 7 फरवरी को सिनेमाघरों में रिलीज हो गई है। यह फिल्म इसलिए खास है, क्योंकि यह बड़े पर्दे पर दोनों की पहली फिल्म है।

इस फिल्म से निमार्ताओं को काफी उम्मीदें थीं, लेकिन पहले दिन से ही बॉक्स ऑफिस पर इसका हाल-बेहाल है।

आलम यह है कि केवल 4 दिन में फिल्म का कारोबार लाखों में सिमट गया है। बॉक्स ऑफिस ट्रैकर सैकनिल्क के मुताबिक, लवयापा ने अपनी रिलीज के चौथे दिन यानी सोमवार को 60 लाख रुपये का कारोबार किया, जिसके बाद इसका कुल बॉक्स ऑफिस कलेक्शन 5.15 करोड़ रुपये हो गया है। लवयापा ने 1.15 करोड़ रुपये के साथ बॉक्स ऑफिस पर धीमी शुरूआत की, वहीं दूसरे दिन यह फिल्म 1.65 करोड़ रुपये कमाने में सफल रही।तीसरे दिन इस फिल्म ने 1.75 करोड़ रुपये कमाए। फिल्म का अनुमानित बटज 50 करोड़ रुपये बताया जा रहा है। लवयापा का निर्देशन अद्वैत चंदन ने किया है।



खुशी और जुनैद के अलावा इस फिल्म में ग्रुशा कपूर, आशुतोष राणा और किकू शारदा जैसे कलाकारों ने भी अभिनय किया है।यह तमिल रोमांटिक कॉमेडी लव टुडे (2022) का रीमेक

**आलम यह है कि केवल 4 दिन में फिल्म का कारोबार लाखों में सिमट गया है। बॉक्स ऑफिस ट्रैकर सैकनिल्क के मुताबिक, लवयापा ने अपनी रिलीज के चौथे दिन यानी सोमवार को 60 लाख रुपये का कारोबार किया, जिसके बाद इसका कुल बॉक्स ऑफिस कलेक्शन 5.15 करोड़ रुपये हो गया है, लवयापा ने 1.15 करोड़ रुपये के साथ बॉक्स ऑफिस पर धीमी शुरूआत की, वहीं दूसरे दिन यह फिल्म 1.65 करोड़ रुपये कमाने में सफल रही, तीसरे दिन इस फिल्म ने 1.75 करोड़ रुपये कमाए**

है, जिसने बॉक्स ऑफिस पर 100 करोड़ रुपये का आंकड़ा पार किया था।

इस फिल्म की कहानी में दिखाया गया है कि खुशी और जुनैद की शादी से पहले 24 घंटे के लिए उनके फोन आपस में बदले जाते हैं।

# अनुष्का सेन ने कातिल अदाओं से इंटरनेट पर बरपाया कहर, एक्ट्रेस की हॉटनेस देख दीवाने हुए फैंस

एक्ट्रेस अनुष्का सेन आए दिन अपनी लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट कर अक्सर फैंस को अपने हुस्न का कायल कर देती हैं। उनका कातिलाना अवतार इंटरनेट पर आते ही तेजी से वायरल होने लगता है। अब हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें फैंस के बीच साझा की हैं। इन फोटोज में उनका क्यूटनेस भरा अंदाज देखकर फैंस के होश उड़ गए हैं।

अनुष्का सेन ने बेहद ही कम उम्र से अपने करियर की शरुआत की थी। एक्ट्रेस ने टीवी शोज में अपनी दमदार एक्टिंग से करोड़ों दर्शकों के दिल में अपनी जगह बनाई है। अब हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें फैंस के



बीच साझा की हैं, जिसमें उनका क्यूट लुक देखकर फैंस दीवाने हो गए हैं।

अनुष्का सेन की लेटेस्ट तस्वीरों में आप देख सकते हैं उन्होंने पिंक कलर का बेहद ही स्टाइलिश वनपीस ड्रेस पहना हुआ था, जिसमें वो एक से बढ़कर एक स्टनिंग पोज देते हुए हॉट फोटोज क्लिक करवा रही हैं। बालों को स्टाइलिश लुक में बांधकर और लाइट मेकअप कर के एक्ट्रेस अनुष्का सेन ने अपने आउटलुक को बेहद ही शानदार तरीके से निखारा है। उनका ये कातिलाना अवतार इंटरनेट पर आते ही तबाही मचा रहा है। बता दें कि एक्ट्रेस जब भी अपनी फोटोज इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती हैं तो फैंस उनकी हर एक तस्वीरों पर लाइक्स और कॉमेंट्स करते नहीं थकते हैं। हालांकि इन फोटोज में भी कुछ ऐसा ही देखने को मिल रहा है।

एक्ट्रेस सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। इंस्टाग्राम पर उनकी फैन फॉलोइंग लिस्ट भी काफी जबरदस्त है। वो जब भी इंस्टाग्राम पर अपनी स्टाइलिश लुक में फोटोज शेयर करती हैं तो फैंस उनके हर एक लुक को फॉलो करते हैं।

# खाने में ज्यादा तेल का इस्तेमाल करते हैं? जानें इससे जुड़े स्वास्थ्य जोखिम

तेल हमारे खान-पान का एक अहम हिस्सा है, लेकिन इसका अधिक सेवन सेहत के लिए हानिकारक हो सकता है।

कई लोग यह नहीं जानते कि ज्यादा तेल खाने से शरीर पर क्या असर पड़ता है। अत्यधिक तेल का सेवन करने से वजन बढ़ने, दिल की बीमारियों का खतरा, पाचन तंत्र पर असर, त्वचा संबंधी समस्याएं और लिवर पर दबाव जैसी समस्याएं हो सकती हैं।



इस लेख में हम इन पांच स्वास्थ्य जोखिमों के बारे में बात करेंगे।

**वजन बढ़ने की समस्या**

ज्यादा तेल का सेवन करने से शरीर में चर्बी जमा होती है, जिससे वजन बढ़ने की समस्या उत्पन्न होती है। जब हम अपने भोजन में जरूरत से ज्यादा तेल का उपयोग करते हैं तो यह अतिरिक्त कैलोरी के रूप में शरीर में जमा हो जाता है। इससे न केवल वजन बढ़ता है बल्कि मोटापे जैसी समस्याएं भी पैदा होती हैं। मोटापा कई अन्य बीमारियों जैसे मधुमेह और हृदय रोगों का कारण बन सकता है।

**दिल की बीमारियों का खतरा**

अत्यधिक तेल के सेवन से दिल की बीमारियों का खतरा भी बढ़ जाता है, खासकर अगर आप ट्रांस फैट या सैचुरेटेड फैट वाले तेलों का अधिक उपयोग करते हैं तो यह आपके कोलेस्ट्रॉल स्तर को बढ़ा सकता है और धमनियों को ब्लॉक कर सकता है।

इससे हार्ट अटैक और स्ट्रोक जैसी गंभीर समस्याएं हो सकती हैं। इसलिए हमेशा स्वस्थ विकल्प चुनें जैसे कि जैतून या सरसों के तेल जिनमें अच्छे फैटी एसिड होते हैं।

**पाचन तंत्र पर असर**

ज्यादा तैलीय खाना पाचन तंत्र पर भी बुरा असर डालता है। यह पेट फूलना, अपच और एसिडिटी जैसी समस्याओं को जन्म दे सकता है क्योंकि भारी मात्रा में चर्बी पचाने में मुश्किल होती है।

इसके अलावा अत्यधिक तैलीय भोजन आंतों की गति को धीमा कर देता है, जिससे कब्ज जैसी समस्याएं उत्पन्न हो सकती हैं।

इसलिए हल्का और कम तैलीय खाना खाने की आदत डालनी चाहिए ताकि पाचन सही तरीके से काम करे और पेट संबंधी परेशानियां न हों।

**त्वचा संबंधी समस्याएं**

अत्यधिक तेलयुक्त भोजन त्वचा पर भी नकारात्मक प्रभाव डाल सकता है जैसे मुंहासे और ऑयली स्किन की समस्या होना आम बात बन जाती हैं।

जब हम बहुत ज्यादा चर्बी युक्त खाना खाते हैं तो हमारी त्वचा पर सीबम का उत्पादन बढ़ जाता है, जिससे रोमछिद्र बंद होने लगते हैं, जिसके परिणामस्वरूप मुंहासे निकल आते हैं।

साफ-सुथरी और चमकदार त्वचा पाने के लिए संतुलित आहार लेना बेहद जरूरी होता है।

**लिवर पर दबाव**

लिवर हमारे शरीर में मौजूद विषैले तत्वों को बाहर निकालने में मदद करता है।

जब हम अत्यधिक चिकनाई युक्त भोजन का सेवन करते हैं तो लिवर पर अनावश्यक दबाव पड़ता है। इससे लिवर संबंधी विकार उत्पन्न होने की संभावना बढ़ जाती है।

अगर समय रहते खानपान में सुधार नहीं किया गया तो भविष्य में गंभीर स्वास्थ्य समस्याएं हो सकती हैं। इसलिए संयमित जीवनशैली अपनाना और संतुलित आहार लेना बहुत जरूरी होता है।

# तेज आवाज में संगीत सुनने की आदत? जानें कैसे ये कानों को पहुंचा सकता है नुकसान

संगीत सुनना एक आम शौक है, लेकिन जब हम इसे बहुत तेज आवाज में सुनते हैं तो यह हमारे कानों के लिए हानिकारक हो सकता है।

आजकल युवाओं में हेडफोन और ईयरबड्स का उपयोग बढ़ गया है, जिससे कानों पर दबाव बढ़ता है। इस लेख में हम जानेंगे कि तेज आवाज में संगीत सुनने से हमारे कानों को क्या-क्या नुकसान हो सकते हैं और इससे बचने के उपाय।

**सुनने की क्षमता पर असर**

तेज आवाज में संगीत सुनना हमारी सुनने क्षमता को प्रभावित कर सकता है।


जब हम लंबे समय तक ऊंची ध्वनि स्तर पर संगीत सुनते हैं तो हमारे कान के अंदर की नाजुक कोशिकाएं क्षतिग्रस्त हो सकती हैं। इससे धीरे-धीरे हमारी सुनने की क्षमता कम होने लगती है।

कई बार लोग इसे नजरअंदाज कर देते हैं, लेकिन यह समस्या गंभीर रूप ले सकती है। इसलिए जरूरी है कि हम अपने हेडफोन या ईयरबड्स का उपयोग संतुलित ध्वनि स्तर पर करें।

**टिनिटस का खतरा**

टिनिटस एक ऐसी स्थिति होती है, जिसमें व्यक्ति को लगातार कानों में घंटी बजने जैसी आवाज महसूस होती रहती है।

यह समस्या अक्सर उन लोगों में देखी जाती है, जो लंबे



समय तक तेज आवाज में संगीत सुनते हैं।

टिनिटस से पीड़ित व्यक्ति को नींद आने में दिक्कत होती है और ध्यान केंद्रित करने में परेशानी होती है।

इस समस्या से बचने के लिए हमें अपने हेडफोन या ईयरबड्स का उपयोग सीमित समय तक करना चाहिए।

**मानसिक स्वास्थ्य पर प्रभाव**

तेज आवाज का सीधा असर हमारे मानसिक स्वास्थ्य पर भी पड़ता है। लगातार ऊंची ध्वनि स्तर पर संगीत सुनना तनाव और चिंता जैसी समस्याओं को जन्म दे सकता है।

इसके अलावा इससे नींद की गुणवत्ता भी प्रभावित होती है, जिससे दिनभर थकान महसूस होती रहती है।

मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाए रखने के लिए हमें अपनी आदतों पर ध्यान देना होगा और जरूरत पड़ने पर विशेषज्ञ से सलाह लेनी होगी।

**सामाजिक जीवन पर प्रभाव**


जब हम हमेशा हेडफोन या ईयरबड्स लगाए रहते हैं तो हमारा सामाजिक जीवन भी प्रभावित होता है।दोस्तों और परिवार के साथ बातचीत करने की बजाय हम खुद को अलग-थलग कर लेते हैं, जिससे रिश्ते कमजोर होते जाते हैं।

इसके अलावा सार्वजनिक स्थानों पर तेज आवाज में संगीत सुनना दूसरों के लिए असुविधाजनक हो सकता है, जिससे सामाजिक संबंध बिगड़ सकते हैं।

इसलिए जरूरी यह समझें कि संतुलन बनाकर ही किसी चीज का आनंद लिया जा सकता है।

# बॉक्स ऑफिस पर अक्षय कुमार की स्काई फोर्स का खेल खत्म, शाहिद कपूर की देवा की हालत पस्त

अक्षय कुमार की फिल्म स्काई फोर्स को सिनेमाघरों में रिलीज हुए 18 दिन पूरे हो गए हैं और यह पहले दिन से ही बॉक्स ऑफिस पर अच्छा प्रदर्शन कर रही है। देशभक्ति से भरपूर इस फिल्म की कहानी दर्शकों को लुभा रही है। लोग इसकी भावुक कहानी से प्रेरित होकर सिनेमाघरों का रुख कर रहे हैं। हालांकि, अब स्काई फोर्स का कारोबार लाखों में सिमट गया है। आइए बताते हैं फिल्म ने 18वें दिन कितने लाख रुपये कमाए।बॉक्स ऑफिस ट्रैकर सैकनिल्क के मुताबिक, स्काई फोर्स ने अपनी रिलीज के 18वें दिन यानी तीसरे सोमवार को 45 लाख रुपये का कारोबार किया, जिसके बाद इसका कुल बॉक्स ऑफिस कलेक्शन 110.25 करोड़ रुपये हो गया है। फिल्म का निर्देशन अभिषेक अनिल कपूर और संदीप केवलानी ने किया है, वहीं दिनेश विजान इस फिल्म के निमार्ता हैं। वीर पहाड़िया ने इस फिल्म के जरिए अभिनय की दुनिया में कदम रखा है। सारा अली खान भी फिल्म का अहम हिस्सा हैं। बॉक्स ऑफिस पर स्काई फोर्स का सामना शाहिद कपूर और पूजा हेगड़े की फिल्म देवा से हो रहा है। इस फिल्म का बॉक्स ऑफिस पर हाल-बेहाल है। जाह्नवी कपूर की बहन खुशी कपूर और आमिर खान के बेटे जुनैद खान की फिल्म लवयापा भी इन दिनों सिनेमाघरों में लगी हुई है। इसके अलावा हिमेश रेशमिया और प्रभु देवा की फिल्म बैडएस रविकुमार भी पहले दिन से ही टिकट खिड़की पर दर्शकों के लिए तरस रही है। वहीं रोशन एंड्रयूज के निर्देशन



में बनी फिल्म देवा को बीते 31 जनवरी को सिनेमाघरों में रिलीज किया गया था। इसमें शाहिद कपूर और पूजा हेगड़े मुख्य भूमिका में हैं। फिल्म में दोनों की अदाकारी की तारीफ हो रही है, लेकिन बॉक्स ऑफिस पर इसका हाल बेहाल है।

यह दर्शकों को सिनेमाघरों तक खींचने में नाकाम साबित हुई। अब इस फिल्म का कारोबार लाखों में सिमट गया है। बॉक्स ऑफिस ट्रैकर सैकनिल्क के मुताबिक, देवा ने अपनी रिलीज के 11वें दिन यानी दूसरे सोमवार को 50 लाख रुपये का कारोबार किया, जिसके बाद इसका कुल बॉक्स ऑफिस कलेक्शन 32.25 करोड़ रुपये हो गया है।

# नन्दी इकावो एग्रो ने चलाया संगम क्षेत्र में स्वच्छता अभियान

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**लखनऊ (लेखराम मौर्य)।** संगमनगरी प्रयागराज में विश्व के सबसे बड़े सांस्कृतिक एवं आध्यात्मिक आयोजन महाकुंभ-2025 में भाग लेने के लिए देश-दुनिया से करोड़ों श्रद्धालुओं के पहुंचने का क्रम जारी है। सभी गंगा-यमुना-सरस्वती की पावन त्रिवेणी में आस्था की डुबकी लगा कर पुण्य अर्जित कर रहे हैं।

**स्वच्छता अभियान में शामिल होने के लिए कर्मचारियों के लिए घोषित किया 2 दिन का विशेष अवकाश**

इस बीच संगम क्षेत्र में स्थित घाटों को स्वच्छ-सुन्दर बनाए रखने के लिए नन्दी एग्रो डेली प्राइवेट लिमिटेड के सीईओ अभिषेक गुप्ता ने क्लीनलीनेस ड्राइव की पहल की है।



उन्होंने बताया कि संगम क्षेत्र में विभिन्न घाटों पर प्रतिदिन करोड़ों श्रद्धालु देश के कोने-कोने से स्नान के लिए आ रहे हैं। केन्द्र और प्रदेश सरकार ने स्वच्छ ह्यकुंभ-सुरक्षित कुंभ का आवाहन किया है! लाखों स्वच्छता कर्मी इस संकल्प को पूरा करने में दिन-रात जुटे हुए है।

ऐसे में हमने भी एक जिम्मेदार उद्योग समूह के रूप में अपने सामाजिक दायित्व के निर्वहन का प्रयास किया है। हमने अपने सभी कर्मचारियों के लिए दो दिन का विशेष अवकाश भी घोषित किया है और उन्हें इस अभियान का हिस्सा बनने को कहा है।

स्वच्छता अभियान में मुख्य अतिथि के रूप में उत्तर प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री नन्द गोपाल गुप्ता नन्दी सम्मिलित हुए। उन्होंने इकावो के कर्मचारियों एवं वॉलेंटियर्स के साथ संगम घाटों की सफाई में हाथ बंटाया है।

उन्होंने कहा कि इकावो एग्रो का यह प्रयास बेहद सराहनीय है। प्रत्येक संस्था और व्यक्ति को अपने सामाजिक दायित्व के प्रति सजग होना चाहिए! इकावो की यह पहल इस दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

# ऑपरेशन कनविक्शन के तहत मेरठ रेंज के जनपदों की समीक्षा

बुलन्द संदेश ब्यूरो




**बुलंदशहर।** मुख्यालय द्वारा चलाए जा रहे ऑपरेशन कनविक्शन अभियान की पुलिस महानिदेशक उत्तर प्रदेश द्वारा समीक्षा की गयी जिसमें रेंज के जनपद मेरठ में माह दिसम्बर 2024 में 43 प्रकरणों 56 अपराधियों को एवं माह जनवरी 2025 में 95 प्रकरणों में 127 अपराधियों को सजा कराई गयी है, इसी प्रकार जनपद बुलन्दशहर में माह दिसम्बर 2024 में 101 प्रकरणों 132 अपराधियों को एवं माह जनवरी 2025 में 63 प्रकरणों में 89 अपराधियों को सजा कराई गयी है, जनपद हापुड़ में माह दिसम्बर 2024 में 72 प्रकरणों 86 अपराधियों को एवं माह जनवरी 2025 में 59 प्रकरणों में 71 अपराधियों को सजा कराई गयी है व जनपद बागपत में माह दिसम्बर 2024 में 29 प्रकरणों 32 अपराधियों को एवं माह जनवरी 2025 में 26 प्रकरणों में 42 अपराधियों को सजा कराई गयी है कनविक्शन पोर्टल के अनुसार जनपद मेरठ द्वारा अब तक कुल 1638 प्रकरणों मे से 1144, जनपद बुलन्दशहर द्वारा कुल 1380 प्रकरणों मे से 1306, जनपद बागपत द्वारा कुल 789 प्रकरणों मे से 572 एवं जनपद हापुड़ द्वारा कुल 1285 प्रकरणों मे से 855 प्रकरणों में अपराधियों को माननीय न्यायालय में प्रभावी पैरवी कर सजा करायी गयी है डीआईजी मेरठ रेंज द्वारा जनपदो की मॉनिटरिंग सैल को और अधिक सक्रिय करने व चिन्हित वादो में जल्द से जल्द गवाही पूर्ण कराते हुए प्रभावी पैरवी कराकर सजा कराने हेतु निर्देशित किया गया है। रेंज के जनपदो मे ऑपरेशन कनविक्शन के तहत प्रभावी पैरवी करने वाले कोर्ट पैरोकारो को डीआईजी महोदय द्वारा पूर्व मे पुरस्कृत भी किया गया है।

# हम लोगों के रहते भाजपा की बिहार में नहीं बनेगी सरकार : लालू यादव

**पटना (आरएनएस)।** दिल्ली विधानसभा चुनाव में भाजपा की बड़ी जीत के बाद भाजपा और एनडीए के नेता उत्साहित हैं। इसे लेकर एनडीए के नेताओं का कहना है कि दिल्ली तो झांकी है, बिहार अभी बाकी है। इस बीच, राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव ने गुरुवार को यहां कहा कि हम लोग के रहते बिहार में भाजपा सरकार नहीं बना सकेगी। दरअसल, राजद अध्यक्ष पटना में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। इस क्रम में जब उनसे एनडीए के नेताओं के 'दिल्ली के बाद बिहार की बारी है और 225 पार होगा परिणामइ से संबंधित बयान को लेकर सवाल किया गया, तब लालू यादव ने कहा कि दिल्ली चुनाव परिणाम का यहां कोई



असर नहीं पड़ेगा। भाजपा बिहार में सत्ता से जाएगी।

उन्होंने सवालिया लहजे में कहा, भाजपा कैसे बना लेगी सरकार? हम लोग के रहते भाजपा सरकार बना लेगी? भाजपा को लोग जान गए हैं। अब वह कभी सत्ता में नहीं आएगी। उल्लेखनीय है कि दिल्ली विधानसभा में प्रचंड जीत के बाद भाजपा और एनडीए के नेताओं की नजर इस साल होने वाले बिहार विधानसभा पर है। भाजपा और एनडीए के नेताओं ने बिहार विधानसभा चुनाव में 225 सीटों पर विजय पाने के लक्ष्य को लेकर तैयारी शुरू कर दी है। भाजपा की विधायक और ओलंपिक खिलाड़ी श्रेयसी सिंह ने बुधवार को कहा था कि जिस तरह दिल्ली में कांग्रेस का खाता नहीं खुला है, उसी तरह बिहार में तेजस्वी यादव का भी खाता नहीं खुलने वाला है। विपक्ष के महागठबंधन की सरकार बनने के दावे से जुड़े प्रश्न पर उन्होंने कहा था कि यह तो वक्त ही बताएगा कि किसकी सरकार बनती है। बिहार में निश्चित रूप से अगली सरकार मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में एनडीए की बनेगी।

# सकारात्मक सोच ही सफलता का राज है : डॉ टीएस पाल

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**चंदौसी (मयंक सक्सेना)!** नगर के गणेश कॉलोनी के रहने वाले शैक्षिक सलाहकार डॉ टीएस पाल ने कहा कि सीबीएसई, आईसीएसई,यूपी बोर्ड की हाई स्कूल एवम इंटरमीडिएट की परीक्षाएं शुरू होने वाली है।

**पर्याप्त नींद लें,मोबाइल पर सोशल मीडिया से बचें,लगातार अध्ययन करें ,नोट्स ज्यादा पढें,कमजोर विषय पर ज्यादा ध्यान दें,रोजाना का टारगेट बनाकर पढ़ाई करें,तनाव मुक्त होकर परीक्षा दें।पिछले वर्षों के प्रश्न पत्र हल करें.पर्याप्त आहार लें एवम पानी पिये,खाली पेट परीक्षा में न बैठें।सभी परीक्षार्थियों को उज्जवल भविष्य की मंगल कामनाएं**

जिसके लिए बच्चों को चिंतित होना स्वाभविक है।उनके अंदर उठने वाली जिज्ञासाएं आम बात है,जैसे प्रश्न पत्र कैसा आएगा ? मैं अच्छे से पेपर सॉल्व कर पाऊंगा या नही? परीक्षा केंद्र का माहौल केसा होगा ? क्योंकि उनके कैरियर की दिशा एवम दशा यही से मिलेगी। उसको मेडिकल ,इंजीनिरिंग,प्रशासनिक या बैंकिंग आदि किस क्षेत्र में जाना है यही से तय होता है। साथ ही अपने माता-पिता की जो अपेक्षाएं उनसे होती है,उनका भी ख्याल रखना पड़ता है।आखिर परीक्षा में अच्छे अंक कैसे प्राप्त करें इसके लिए शैक्षिक सलाहकार डॉ टीएस पाल ने बताया किसी भी लक्ष्य की प्राप्ति के लिए सकारात्मक सोच होना बहुत जरूरी है।परीक्षा की तैयारी के लिए खास बातों को ध्यान में रखें।परीक्षा के लिए उपयोगी सामग्री जैसे प्रवेश पत्र,पेन,पेंसिल,हैडिंग,रबर,पानी की



बोतल साथ ले जाएं.परीक्षा हॉल में आधा घंटा पहले पहुंचे.प्रश्न पत्र में दिए निर्देशों और प्रश्नों को गहनता से जरूर पड़े.अगर कोई प्रश्न समझ में न आए,परीक्षा में किसी प्रश्न पर अटक जाने पर घबराएं नहीं, बल्कि उसको छोड़ बाकी पर ध्यान दें और अंत में उस पर वापस आने के लिए समय छोड़ें.पेपर खत्म होने के बाद उसके चिंतन,मंथन पर ज्यादा समय न दें.बल्कि अगले पेपर पर ध्यान दें.टाइम टेबल बनाएं और उसका पालन करें।अपने वीक पॉइंट्स पर ज्यादा ध्यान दें,पढ़ाई के लिए शांत जगह चुनें,बीच-बीच में ब्रेक लें,एवम योगा या कसरत जरुर करें,पर्याप्त नींद लें,मोबाइल पर सोशल मीडिया से बचें,लगातार अध्ययन करें ,नोट्स ज्यादा पढें,कमजोर विषय पर ज्यादा ध्यान दें,रोजाना का टारगेट बनाकर पढ़ाई करें,तनाव मुक्त होकर परीक्षा दें।पिछले वर्षों के प्रश्न पत्र हल करें.पर्याप्त आहार लें एवम पानी पिये,खाली पेट परीक्षा में न बैठें।सभी परीक्षार्थियों को उज्जवल भविष्य की मंगल कामनाएं।

# सरकार की बहु प्रचारित" हर घर नल योजना" में कार्यदायी संस्था एन सी सी द्वारा किया जा रहा जमकर भ्रष्टाचार

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**माल, लखनऊ।** केंद्र सरकार की नमामि गंगे और ग्रामीण जलापूर्ति विभाग उत्तर प्रदेश सरकार की मिली जुली योजना हर घर नल में कार्यदायी संस्थाओं द्वारा जमकर भ्रष्टाचार किया जा रहा है । वैसे तो सरकार की इस बहु प्रचारित योजना का उद्देश्य प्रत्येक पंचायत में करोड़ों रुपए खर्च कर ग्रामीण क्षेत्रों में हर घर नल योजना से शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराना था । मगर सरकार की इस योजना को कार्यदायी संस्थाओं ने भ्रष्टाचार का ग्रहण लगा दिया है। जिस उत्तर प्रदेश सरकार के जीरो टॉलरेंस का डंका पूरे भारत सहित विदेशों में बज रहा है । जब उसी उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में सरकार की सबसे महत्वपूर्ण योजना हर घर नल योजना में सूबे का सबसे बड़ा भ्रष्टाचार सरकार के नुमाइंदों की सरपरस्ती में कार्यदायी संस्थाओं द्वारा जमकर किया जा रहा हो तब समझना मुश्किल हो जाता है कि जीरो टॉलरेंस कागजी घोड़ों पर दौड़ाया जा रहा है या जमीन पर जीरो टॉलरेंस को दफनाया जा रहा है।

मामला तब और भी गंभीर हो जाता है जब मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की कुर्सी के नीचे राजधानी लखनऊ के ग्रामीण क्षेत्रों में नमामि गंगे की हर घर नल योजना की सैकड़ों लाख की परियोजना में जमकर लूट की जा रही हो।

राजधानी लखनऊ से महज 21 किलो मीटर दूर विकास खंड माल की 50 पंचायतों में नमामि गंगे योजना के द्वारा हर घर नल योजना पहुंचाने की जिम्मेदारी कार्यदायी संस्था एन सी सी को दी गई। एन सी सी द्वारा नियुक्त डी पी एम सतवीर यादव ने बताया माल की लगभग सभी पंचायतों में लोगों को हर घर नल योजना से जलापूर्ति




की जा रही वहीं कुछ पंचायतों में अभी टंकी निर्माण प्रगति पर है मगर वहां भी सीधे पंप से पानी लोगों को उपलब्ध कराया जा रहा है। मगर जब हमारी टीम हर घर नल योजना की जमीनी तहकीकात के लिए निकली तो पता चला कहीं टंकी निर्माण, कहीं लोगों के कनेक्शन, कहीं पाईप लाईन डालने के मानकों में जमकर भ्रष्टाचार किया गया है।

इसी तरह विकास खंड माल की 5269 लोगों की जनसंख्या वाली ग्राम पंचायत पारा भदराही में हर घर जल पहुंचाने के लिये सरकार ने 17.66 किलो मीटर भूमिगत पाइप डालकर 439.77 लाख रुपयों की लागत से टंकी का निर्माण कराया , टंकी निर्माण एक तरफ जहां पम्प हाउस बनाने में घटिया सामग्री का इस्तेमाल किया गया वहीं पाईप लाइन डालने में प्रति किलो मीटर लगभग 1957245 रुपए खर्च करने बावजूद पाईप लाईन डालने के एक मीटर गहराई के मानकों को दर किनार करके 1-2 फिट गहराई में ही पाईप डालकर मिट्टी से बंद कर दिया गया ।

समझना मुश्किल हो जाता जब पता चलता है हर घर नल योजना में सरकार को एक घर में कनेक्शन देकर पानी पहुंचाने में 54275.37 रुपए की भारी भरकम धनराशि खर्च करनी पड़ी मगर नतीजा वही ढाक के तीन पात। इतने बड़े बजट खर्च के बावजूद लोगों तक पानी न पहुंचें तो गुनहगार किसे बनाया जाए, कार्यदायी संस्था एन सी सी के उन कर्मचारियों को या जो ठेकेदारों से मोटी रकम लेकर इतनी बड़ी योजना को भ्रष्टाचार कर लूट रहे है या कटघरे में सरकारी संस्थान जल निगम को खड़ा किया जाए जिसके अधिकारी योजना को लूटने की पूरी छूट दे रहे है । सूत्रों की माने कार्यदायी संस्था एन सी सी द्वारा नियुक्त डी पी एम सतवीर यादव ने ठेकेदारों से मोटी रकम लेकर मनमाने तरीकों से काम करने की लूट की छूट दे रखी वही संस्था द्वारा नियुक्त जेई भी ठेकेदारों से लाखों रुपए लेकर पाईप लाईन , कनेक्शन और रेस्टोरेंट के मानकों को दरकिनार करके बिलों का सत्यापन करके ठेकेदारों के खातों में पैसा लगा दिया।

# 15, 16 एवं 17 फरवरी को श्रद्धालुओं के सुगम यात्रा के लिए परिवहन निगम चलायेगा 2250 अतिरिक्त बसें

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के परिवहन राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दयाशंकर सिंह ने बताया कि महाकुंभ-2025 मेला के अंतिम चरण के अंतर्गत 15, 16 व 17 फरवरी (क्रमशः शनिवार, रविवार, सोमवार) के दौरान श्रद्धालुओं की भारी संख्या के दृष्टिगत 2250 अतिरिक्त बसों का संचालन किया जायेगा। उन्होंने बताया कि अमृत स्नान के अतिरिक्त शनिवार एवं रविवार के दिन भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु प्रयागराज महाकुम्भ स्नान के लिए पहुंच रहे हैं। ऐसे में श्रद्धालुओं को बेहतर परिवहन सुविधायें मुहैया कराने के लिए अतिरिक्त बसों की व्यवस्था परिवहन निगम द्वारा की जा रही है।

परिवहन मंत्री ने निर्देश दिये हैं कि प्रयागराज के विभिन्न अस्थाई बस स्टेशनों पर अधिकारियों की ड्यूटी निर्धारण किया जाए, जिससे कि बसों का संचालन सुचारू रूप से हो सके। उन्होंने निर्देश दिये कि अवकाश के दिनों में बसों के सफल संचालन की कार्ययोजना बनाये एवं संचालन कराये। नोडल अधिकारियों को निर्देशित किये हैं कि महाकुम्भ जाने वाले श्रद्धालुओं को सुरक्षित एवं सुगम यात्रा के लिए आवश्यक सभी प्रबंध सुनिश्चित करें। किसी भी प्रकार की शिकायत आने पर नोडल अधिकारियों की जवाबदेही तय की जायेगी।

# 13 फरवरी तक 34402 करदाताओं ने जमा किये 554.14 करोड़ रुपए -प्रमुख सचिव राज्य कर

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**लखनऊ (लेखराम मौर्य)।** मुख्यमंत्री के निदेशों के क्रम में राज्य कर विभाग द्वारा करदाताओं के व्यापक हित में संचालित अर्थदंड एवं व्याज माफी योजना के अंतर्गत 13 फरवरी तक कुल 34402 करदाताओं ने इसका लाभ लिया है।

13 फरवरी तक 554.14 करोड़ रुपए की धनराशि सरकारी खजाने में जमा करायी जा चुकी है।

यह जानकारी आज प्रमुख सचिव राज्य कर एम0 देवराज ने दी। उन्होंने बताया कि अर्थदंड और ब्याज माफी योजना के तहत वर्ष 2017-18, 2018-19 एवं 2019-20 के लिए माल एवं सेवाकर अधिनियम की धारा-73 के समस्त

**राज्य कर विभाग चला रहा अर्थदंड एवं ब्याज माफी योजना**

प्रकरणों में करदाता द्वारा मात्र कर जमा कर दिये जाने पर उनके अर्थदंड एवं ब्याज में 100 फीसदी माफी दी जायेगी। उन्होंने बताया कि प्रदेश में उक्त स्कीम के तहत कुल 1.92 लाख करदाता लाभ लेने हेतु पात्र हैं।

प्रमुख सचिव ने बताया कि पिछले सप्ताह कुल 33680 करदाताओं ने इस योजना का लाभ लेते हुए लगभग 550 करोड़ रुपए सरकारी खजाने में राजस्व जमा कराया था। इस सप्ताह लगभग 722 करदाताओं ने 4.14 करोड़ रुपए राजस्व जमा किया। उन्होंने अन्य पात्र करदाताओं से अपील की है कि इस योजना का लाभ तत्काल लें। किसी भी प्रकार की जानकारी के लिए करदाता राज्यकर विभाग के स्थानीय कार्यालय से सम्पर्क स्थापित कर सकते हैं। उन्होंने विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिये कि प्रत्येक पात्र करदाता से व्यक्तिगत रूप से सम्पर्क करते हुए उन्हें योजना का लाभ लेने के लिए सूचित करें।

# विधायक व पूर्व चेयरमैन ने किया मारुति सुजुकी सेल्स एवं सर्विस आउटलेट शोरुम का उद्घाटन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**ककोड़।** जेवर-बुलन्दशहर रोड ककोड में मारुति सुजुकी सेल्स एवं सर्विस आउटलेट शोरुम का भव्य उद्घाटन सिकंदराबाद विधानसभा क्षेत्र के भाजपा विधायक लक्ष्मीराज सिंह व नगर पंचायत ककोड के पूर्व चेयरमैन कुंवर रिज़वान ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया।

इस मौके पर नगर पंचायत ककोड के पूर्व चेयरमैन कुंवर रिज़वान ने कहा कि नगर में मारुति सुजुकी सेल्स एवं सर्विस आउटलेट शोरुम खुलने से नगर के लोगो को काफी राहत मिलेगी।

मारुति सुजुकी सेल्स एवं सर्विस आउटलेट के एमडी विनीत चड्ढा ने उपस्थित गणमान्य लोगों को जानकारी



देते हुए बताया कि हमारे यहां पर ग्राहकों के लिए न्यूनतम ब्याज दरों पर फाईनेन्स की सुविधा भी उपलब्ध रहेगी। इस अवसर पर ग्राहक मारूती की कोई भी कार बुकिंग कराने पर आकर्षक डिस्काउंट ऑफर भी प्राप्त कर सकते हैं। सृकुनिवर्स ऑटोमोबाइल प्राइवेट लिमिटेड के बैनर तले आयोजित इस कार्यक्रम में मुख्य रुप से जीएम अभिषेक वर्मा, ककोड शोरुम ब्रांच के हैड गुरप्रीत सिंह सहित हजारों गणमान्य लोगों की गरिमामय उपस्थिति देखने को मिली। इस अवसर पर अभिषेक वर्मा (जी0एम0), गुरूप्रीत सिंह (ब्रॉच हैण्ड) आदि नगर के लोग मौजूद रहे।

**बुक लांच** अमित बाजोरिया की वाटर बेस्ड एडहेस्सिव सबसे महंगी पुस्तक में से एक

# विश्व पुस्तक मेले में पांच लाख की बिजनेस बुक लांच

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**नई दिल्ली।** विश्व पुस्तक मेला 2025 के हॉल नम्बर 5 में

**पेनडाउन प्रेस ने अमित बाजोरिया की पुस्तक वाटर बेस्ड एडहेस्सिव का किया विमोचन**

पेनडाउन प्रेस के स्टॉल पर अमित बाजोरिया की पुस्तक वाटर बेस्ड एडहेस्सिव का किया विमोचन। विश्व पुस्तक मेले के आखिरी दिन पेनडाउन प्रेस के स्टॉल पर सबसे महंगी पुस्तक को देखने के लिए सैकडों लोगों के भीड़ अमित बाजोरिया की पुस्तक वाटर बेस्ड एडहेस्सिव को देखने उमडी। पेनडाउन प्रेस पब्लिशिंग हाउस की पुस्तकों अमित बाजोरिया की पुस्तक वाटर बेस्ड एडहेस्सिव का आज विमोचन किया गया था।

अमित बाजोरिया ने अपनी पुस्तक वाटर बेस्ड एडहेस्सिव की रचना अंग्रेजी भाशा में की है, प्रगति मैदान




के हॉल नवम्बर 5 में प्रेनडाउन प्रेस के स्टॉल पर इन पुस्तकों के विमोचन से ठीक पहले और उसके दौरान काफी भीड़ थी, क्योंकि लोग सबसे महगी पुस्तक को देखने के लिए काफी उत्सुक थे। मेले मे आई बिजनेस बुक की कीमत पांच लाख रुपये है। यह यहां पर सबसे महंगी किताबों में से एक है। व्यवसायी अमित बाजोरिया ने वाटर बेस्ड एडहेस्सिव किताब लिखी है। 99 पन्नों की यह किताब ग्लू के इस्तेमाल करने के तरीके पर लिखी हुई है। यह किताब ऐसे व्यवसायी वर्ग के लिए है, जो उद्योग में ग्लू इस्तेमाल करते है। वह किताब में लिखी बारीकियों को अपनाकर लाखों रुपये बच सकते है। दिनेश वर्मा ने अपनी सर्वोत्कृष्ट मुस्कान के साथ एकत्रित लोगों का अभिवादन किया और कहा प्रगति मैदान के प्रतिष्ठित स्थान के माध्यम से पुस्तकों का विमोचन वास्तव में हमारे लिए गर्व का क्षण है। पेनडाउन प्रेस के लेखकों ने इसको संभव बनाया है। और इसके लिए मैं अपने तमाम लेखकों का दिल की गहराइयों से शुक्रिया अदा कर रहा हूँ।

# रजवाहे की पटरी कटने से सैक्टर और फसल जलमग्न

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**रबूपुरा (उपेन्द्र भाटी)।** मंगलवार रात गांव मिजार्पुर के पास रजवाहे की पटरी कटने से दर्जनों किसानों की सैकड़ों बीघा फसल जलमग्न हो गई में और यमुना प्राधिकरण के सेक्टर 20 के ब्लॉक सी में भी पानी भर गया। लोगों ने सिंचाई विभाग से रजवाहे को बंद करने की मांग की है।



रबूपुरा क्षेत्र के गांव मिजार्पुर के समीप पानी के तेज बहाव के कारण रजवाहा की पटरी अचानक कट गई। जिसके कारण किसान महेश, कालू, जगत सिंह, नरेंद्र आदि किसानों की करीब 300 बीघा गेहूं, सरसों की फसलों में पानी भर गया। वहीं रजवाहा के समीप स्थित यमुना प्राधिकरण के सेक्टर 20 में भी पानी भर गया। जिसके कारण लोगों को काफी परेशान उठानी पड़ रही है।

मुद्रक, प्रकाशक व संपादक अब्दुल सलाम सैफी ने बुलन्द मीडिया कम्यूनिकेशन प्रा0लि0 के लिए साई प्रिंटिंग प्रेस बी-42 , सेक्टर 7 नोएडा जिला गौतमबुद्धनगर से छपवाकर 106 सूर्या कनिष्क अपार्टमेंट सैक्टर 4,वैशाली गाजियाबाद से प्रकाशित किया। मुख्य कार्यकारी अधिकारी एंव एडिटर इन चीफ प्रदीप कुमार अग्रवाल , ममदूद आलम वारसी ( उप सम्पादक ), अब्दुल सलाम सैफी ( संपादक ) मो0:- 9457159115, 9810113170, 9910073407, *सभी विवादों का कार्य क्षेत्र न्यायालय गाजियाबाद होगा।* mail Id:- BulandSandesh@Gmail.Com WebSite:- WWW.BulandSandesh.Com RNI NO:- UPHIN/2013/57267